ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ ਜੇ House agree ਕਰੇ ਤਾਂ ਮੇਰੀ ਇਕ proposal ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ daily meetings ਦਾ time 11 ਵਜੇ ਸਵੇਰੇ ਰੱਖ ਦੇਈਏ ਪਰ ਹਰ ਸੋਮਵਾਰ ਨੂੰ ਇਹ 2 ਵਜੇ ਸ਼ਾਮ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿਉਂਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੇ ਬਾਹਰੋਂ ਆਉਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਵੇਰੇ ਵਕਤ ਤੇ ਪਹੁੰਚਣਾ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੇਰਾ ਇਹ ਵੀ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਹਰ Friday ਨੂੰ House 9 ਵਜੇ ਸਵੇਰੇ meet ਕਰੇ ਕਿਉਂਕਿ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੇ ਇਸ ਦਿਨ ਆਪਣੇ ਘਰਾਂ ਨੂੰ ਜਾਣਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਬਾਕੀ ਦਿਨ ਇਹ 11 ਤੋਂ ਲੈਕੇ 4 ਯਾ $5\frac{1}{2}$ ਯਾ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵੀ ਤੁਸੀਂ ਮੁਨਾਸਬ ਸਮਝਦੇ ਰਹੋ ।

(If the House agrees, I propose that on all days it should meet at 11 a. m. except on Mondays when it may meet at 2 p. m. as most of the hon. Members have to come from out stations and therefore it is difficult for them to reach here in time earlier. Similarly I propose that the House should meet at 9 a. m. on Fridays because the hon. Members have to leave for their homes. On the rest of the days we may meet from 11 to 4 or 5-30 P. M as the House may decide.)

ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, 11 ਵਜੇ meet ਕਰਨ ਤੇ ਰੋਟੀ ਖਾਣ ਦਾ ਵੀ ਕੋਈ ਪ੍ਰਬੰਧ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਲੋਕ ਸਭਾ ਵਿਚ ਵੀ ਤਾਂ House ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਚਲਦਾ ਹੈ। (Similar procedure has also been adopted in the Lok Sabha.)

ਸਰਦਾਰ ਪ੍ਰੇਮ ਸਿੰਘ ਪ੍ਰੇਮ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜੇ meet ਕਰਨ ਦਾ time 11 ਵਜੇ ਦੀ ਬਜਾਏ 10 ਬਜੇ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਜੇ Parliament ਵਿਚ ਏਸ time ਤੇ meet ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਏਥੇ ਵੀ ਕੋਈ ਤਕਲੀਫ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਹ ਵਕਤ reasonable ਹੈ । (If the Lok Sabha can meet at 11 a.m. daily, I don't think there should be any difficulty for this House to meet at the same time. I think this is quite reasonable.)

THE PUNJAB APPROPRIATION BILL, 1961

(Resumption of Discussion)

राओ गजराज सिंह (गुड़गांव) : स्पीकर साहिब, यह ज़िक्र किया गया है कि floods के लिए बहुत provisions की गई हैं । मैं अर्ज़ करना चहाता हूं कि और जगह पर तो कुदरत की तरफ से floods आए और तबाही हुई लेकिन हमारे ज़िले में पच्चीस तीस गांव में man-made floods आए । वह इस तरह कि हमारे गांव का पानी जिस नाली से गुज़र कर नजफ गढ़ झील में पड़ता था वह नाली Delhi Administration ने बन्द करवा दी । आज कल मोती नगर और बड़े बड़े नगर बना रखे हैं । उन की वजह से देहली Administration ने वह नाली बन्द कर दी । और इस का नतीजा यह हुआ कि हमारे ज़िले के 20,30 गांव पानी में डूब गए । मैं डाक्टर प्रकाश कौर जी का और खान अब्दुल गफ्फार खां जी का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने तकलीफ उठा कर वहां तशरीफ ले जा कर हालात देखे । उन्हें मालूम है कि औरतें पांच पांच और छ: छ: फुट गहरे पानी से गुज़र कर तीन तीन मील की दूरी से पीने का पानी भर कर लाती हैं । Delhi Administration से request की गई थी लेकिन उन्होंने परवाह नहीं की । Financial Commissioner साहिब वहां पर तशरीफ ले गए । उन से कहा गया तो वे कहने लगे कि अगर पानी वहां जाता रहा तो देहली वालों के महल्लात खराब हो जाएंगे लेकिन यहां पर जो टूटी झोंपड़ियां हैं उन को बह जाने दो कुछ हर्ज नहीं है । इन के कहने पर Financial Commissioner साहिब वहां तशरीफ ले गए थे । इन्हों ने तहसीलदार साहिब से पूछा कि क्या आप गंदम और दूसरा रिलीफ वगैरह तकसीम करने के लिए मौके पर गए थे तो उन्होंने कहा कि हां जी मैं गया था । लेकिन जब उन दो चार सौ लोगों से पूछा गया जो कि वहां पर मौजूद थे कि क्या तहसीलदार साहिब आप के पास गए थे तो उन्होंने कह दिया कि नहीं यह नहीं गए बल्कि हम खुद यहां पर आए थे, इन्होंने यहां पर बुलाया था । इस से तहसीलदार साहिब नाराज़ हो गए और उन की फसल 12 आने लिख दी । इस हाउस के दो माननीय सदस्य जा कर खुद देख कर आए। वे खुद तीन तीन फुट गहरे पानी से गुजरे । लेकिन उन

[राम्रो गजराज सिंह]

लोगों को सच बोलने को यह सज़ा दी गई। एक और तहसीलदार चौधरी साहिब थे। वह रिलीफ तकसीम करने के लिये वहां गए थे, उन को तबदील कर दिया गया। इस किस्म की ज्यादतियां की जा रही हैं। उन को जो बीज दिया गया वह बिलकुल दीमक का खाया हुआ था। लोग आए कि यह बीज खराब है, इसे वापस कर लिया जाए और अच्छा बीज दिया जाए। जब लोग आए तो उन को कहा गया कि यह बीज वापस कर जाओ, जब अच्छा बीज आएगा तो आप को दे दिया जाएगा। आज तक वह बीज नहीं आया। अगले साल बीज बोया जाएगा। जो रुपया गवर्नमेंट ने मेहरबानी कर के दिया था वह भी वापस कर दिया गया। यह उन लोगों को सज़ा दी गई कि आनरेबल डिप्टी मिनिस्टर और Financial Commissioner साहिब को सच क्यों बता दिया। छः सात गांव जिन के लिए पैसे आए थे उन के मालिकान refugees थे, वे देहली के रहने वाले थे। उन्होंने कह दिया कि नुकसान मुज़ारों का हुआ है, हमारी फसल नहीं थी। कागजों पर हम अपनी लिखवाते हैं। उन्होंने कहा कि पांच Landlords का नाम कागज़ात पर लिखा हुआ है इसलिए हम relief नहीं देंगे। आनरेबल डिप्टी मिनिस्टर साहिब के सामने उन गांव वालों ने यह अर्ज़ की कि मुज़ारे काश्त करते हैं लेकिन फिर भी उन को relief नहीं दिया गया। A stitch in time saves nine की proverb वहां आइद होती है। मैं चूंकि Administration of floods and bunds का इन्चार्ज रहा हूं मैं गुड़गांवां ज़िला के बारे में काफी कुछ जानता हूं। वहां इन्दरी, साहिबी और कांसावकी नाम के तीन दरिया हैं। पंजाब गवर्नमेंट ने राजस्थान गवर्नमेंट के साथ बैठ कर फैसला किया कि इन दरियाओं पर बांध लगा दिये जाएं। ज्यादा खर्चा राजस्थान सरकार ने देना था। कुछ थोड़ा सा हमारी सरकार ने देना था। अगर वह बांध लगा दिये जाते तो लोगों को बहुत फायदा हो जाता। रिवाडी तहसील के लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिलता। इन बांधों के बांधने से लोगों को पीने के लिए मीठा पानी मिल जाता। Erosion को रोक कर लैंड की protection की जा सकती थी। लेकिन उस तजवीज़ पर अमल नहीं किया गया। गुड़गांव ज़िला में 115 मील लम्बा पहाड़ है जिस के साथ protective बांध लगा हुआ है जोकि floods को रोकता है और ज़मीन को erosion से भी बचाता है। उन बांधों को जो grant बावा आदम के वक्त मिलती थी वही आजकल भी मिल रही है। आज खर्चा पहले से दस गुना बढ़ा हुआ है लेकिन उस इलाका को fatherless child सा treatment मिल रहा है। अगर वे Irrigation Department के पास जाते हैं तो वे कहते हैं कि Forest Department वालों के पास जाओ। Forest Department वाले कहते हैं कि Development वालों के पास जाओ, हमारा कोई ताल्लुक नहीं है आप से। अगर उन बांधों की देख- भाल की जाए तो उन से floods रुक सकते हैं, erosion रुक सकता है, Forest develop हो सकते हैं और अगर दस, पन्द्रह बांध और बना दिए जाएं तो उस इलाका की पैदावार बीस गुना और बढ़ जाएगी। हर साल floods को रोकने के लिए पांच दस लाख रुपया खर्च होता है। इस की भी ज़रूरत नहीं पड़ेगी अगर बांधों की सही तौर पर maintenance हो। आज से बीस पच्चीस साल पहले जो तजवीज़ें अंग्रेज़ों ने बनाई थीं उनकी तरफ बिलकुल तवज्जोह नहीं दी गई।

वह कागजों पर ही पड़ी रही हैं। अगर उन बांधों की मुरम्मत ठीक तरह से न हुई और उन में से दो चार बांध भी टूट गए तो रोहतक से भी चार गुना ज्यादा गांव पानी में डूब जाएंगे। बांध बहुत damage हो चुके हैं। वह तो लोगों ने वक्त पर जा कर मिट्टी डाल कर उन को टूटने से बचाया और वहां खड़े रह कर पहरा दिया। अगर गवर्नमेंट एक बार ही रुपया दे कर वहां पर नए बांध बना दे तो जो रुपया उसे हर साल बाढ़ को रोकने के लिए खर्च करना पड़ता है उस से बच जाए। लेकिन जो अफसर लगे हुए हैं वे सोचते हैं कि अगर इस बात का permanent इलाज कर दिया तो महकमे वालों के लिए काम नहीं रहेगा, officers tour कैसे करेंगे और पैसे कैसे बचाएंगे। यह कैसे लिखेंगे कि फलां इलाका में तबाही हुई थी और हम ने नेकनीयती से काम किया था। मैं अर्ज करता हूं कि नहरों वाले, सड़कों वाले और revenue वाले सब अफसर मिल कर बैठें और floods को रोकने के लिए कोई तजवीज़ सोचें। यह ऐसा काम नहीं है जो कि हो नहीं सकता। फिर दुनिया से जो गालियां खानी पड़ती हैं उन से भी सरकार बच जाएगी। मैं वज़ीर साहिबान से कहता हूं कि आप तशरीफ लाएं और देखें कि चार पांच गांव के लोग चार महीने तक बाहर नहीं जा सकते। एक तरफ रास्ता था लेकिन Defence Department वालों ने कह दिया कि हमारी wiring लगी हुई है, आप नहीं जा सकते। दूसरी तरफ पानी खड़ा था। लोगों को दिल्ली से हो कर बारह मील का चक्कर काट कर आना पड़ता था।

मैं अर्ज़ करूंगा..............

चौधरी बाल राम : हां, तुम्हारी अपनी सरकार है। जरूर मानेगी।

2.00 p.m.

राओ गजराज सिंह : हम अपनी सरकार को suggestion देते हैं और हमारी सरकार हमारी suggestions को मानेगी, जरूर मानेगी। सही बात सही नीयत से कहेंगे तो जरूर मानेगी। नीयत ही नेक न हो तो मानने का क्या सवाल। अगर आप नेक नीयती से कहेंगे तो आप की बात भी हमारी गवर्नमेंट जरूर मानेगी। तो मैं अर्ज़ करूंगा कि अगर अपने पंजाब में बांधों का काम सही तरीके से किया जाए तो floods का मसला सही तरीके से हल हो सकता है, करोड़ों रुपया जो फजूल खर्च होता है, उसे बचाया जा सकता है।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार (नूह) : स्पीकर साहिब, मैं इन Supplementary Demands में से सिर्फ दो के बारे में जनाब की तवज्जोह मबजूल कराऊंगा। पहली तो Demand No. 6 है जिसका जेलों के साथ ताल्लुक है। जहां पर इस की वज़ाहत की गई है वहां पर यह कहा गया है कि पंजाबी सूबा agitation चली और इसमें 40,CCO के करीब कैदी आए, गो इनके कहने के मुताबिक 26,000 से जायद कैदी ही आए इसलिए खर्चा ज्यादा हुआ। स्पीकर साहिब, आप जानते हैं कि सरकार ने जब अकाली Leadership को एकदम गिरफ्तार किया उस वक्त इनका यह कहना था कि सूबा में खतरा पैदा हो गया था। इन की नीयत में फतूर था, यह कोई तोड़फ़ोड़ की पालिसी करने वाले थे, आग लगाने वाले थे, पाकिस्तान की मदद से बलवा फसाद पैदा करने वाले थे इस लिए स्टेट में अमन कायम करने के लिए, स्टेट को बचाने के लिए हमने यह गिरफ्तारियां कीं। स्पीकर साहिब, अगर वाकई ऐसा होता तो न सिर्फ हमारी सरकार बधाई की मुस्तहिक थी बल्कि

[मौलवी अब्दुल गनी डार]

जितनी भी इसकी तारीफ की जाती कम थी। लेकिन आप देखते हैं, स्पीकर साहिब, कि नतीजा क्या होता है। नतीजा यह हुआ है कि सरकार एक भी ऐसा केस सामने नहीं ला सकी कि जिस से अपने उस इलज़ाम को support कर सकती और अपने इकदाम को justify कर सकती जोकि इन्होंने उस वक्त किए जब कि हमारे Prime Minister साहिब मुल्क से बाहर गए हुए थे और जब कि उनके वापिस आने में सिर्फ तीन चार दिन बाकी थे। एक भी केस ऐसा सामने नहीं ला सके जिस से यह साबित कर सकें कि अकालियों ने साज़िश करके सूबा में हालात को खराब करने का तहैया कर लिया था और जिस के कारण इन्होंने यह पकड़ धकड़ की। मुझे रंज इस बात का है कि इन्होंने क्यों उस वक्त उस पालिसी को नहीं अपनाया जोकि कहते हैं कि हर मसले का हल बातचीत के ज़रिए हो सकता है और जिस बातचीत के तरीके से अब इसका हल ढूंढा जा रहा है। क्यों इस रुपया को बरबाद किया गया? जिस खर्च को हमारे एक मिनिस्टर ने करोड़ के ऊपर कहा। हकीकत में उसकी कीमत का अन्दाज़ा ही नहीं लगाया जा सकता- जो हिन्दुओं और सिक्खों के दरम्यान नफरत और रंजिश पैदा की गई इसका कोई अन्दाजा ही नहीं लगाया जा सकता। इसकी कोई कीमत नहीं, इसका कोई अज़ाला हो ही नहीं सकता। तो मैं पूछता हूं कि अगर सरकार सच्ची थी और अकाली इतने खतरनाक थे, चाहे वह सरदार आत्मा सिंह ही हों, चाहे मास्टर तारा सिंह हों या सरदार हरचरण सिंह हुडियारा हों, इन पर क्यों मुकदमा नहीं चलाया गया और अगर सरकार के पास कुछ सबूत नहीं, कोई strong case नहीं तो फिर क्यों नहीं माना गया कि यह एक गलती हुई जो इस तहरीक को हवा दी गई और इस को चलाया गया?

स्पीकर साहिब, दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह famine के बारे में है। जहां दुनिया में एक ग़रीब से ग़रीब भी मकान बनाता है तो वह सब से पहले यह देखता है कि पानी कहां से निकाला जाएगा। आप छोटे से छोटे मकान पर जा कर देखें वहां परनाले का इन्तज़ाम पहले किया गया होगा ताकि जो बारिश वगैरा का पानी है वह निकल जाए और मकान को नुक्सान न पहुंचाए। लेकिन मुझे रंज है कि हमारी सरकार ने इस बात का ख्याल न रखा। दो अरब के करीब रुपया इसलिए खर्च किया गया कि हम ने आबपाशी से अपने सूबा की ज़मीन को सैराब करना है। बड़ी महिमा और तारीफ की बात है। लेकिन हमारी सरकार ने यह कभी नहीं सोचा कि जो पानी बारिश के ज़रिए आएगा, चाहे कम बारिश हो या ज्यादा हो, उसको हमने किस तरीके से बाहर निकालना है। कुदर्ती तौर पर जो बहाव है उसको किस तरह divert करना है। मैंने "कुदरती तौर" के अलफाज़ इस लिए इस्तेमाल किए क्योंकि आप देखें कि चरापूंजी में कितनी बारिश होती है। अगर पंजाब में इतनी बारिश हो जाए और drainage का system ऐसा ही हो जैसा कि अब है तो उस से सुबा में जो तबा ही आयेगी इसका अन्दाज़ा कोई नहीं कर सकता। (*Interruptions*) जो यह बात अब इन्होंने सोची है कि अब इस दफा करोड़ों रुपया drainage पर खर्च किया जाएगा, यह बड़ी अच्छी बात है लेकिन, जनाब, आप को पता है कि जब पहली बारिश हुई तो इन्होंने खुद तस्लीम किया कि 37 करोड़ रुपए की फसल तबाह हुई, कई इनसानी जानें गईं और मुवैशियों का तो बेशुमार नुक्सान हुआ। दूसरी बारिश की तबाही में इन्होंने माना कि करोड़ों रुपया का नुक्सान हुआ। शायद 14 करोड़

था 18 करोड़ कहते थे लेकिन हकीकत यह है कि नुक्सान इस से भी कहीं ज्यादा था। अगर इन की तरफ से दी हुई figures को ही सही मानें तो भी काफी से ज्यादा नुक्सान हुआ। न सिर्फ यह नुक्सान हुआ कि कहत ही आया बल्कि एकदम वह progress जिस के लिए हमें नाज था कि न सिर्फ अनाज की कमी को पूरा करेंगे बल्कि देश के बाकी हिस्सों को अनाज की मदद देंगे, वह जमीन water logging में आने से सारी progress रुक गई। जो जमीन culturable थी, लाखों एकड़, वह जमीन unculturable हो गई। मुझे सरदार राजेन्द्र सिंह जी मुआफ करेंगे। वह सुनाया करते हैं कि धर्म से घड़ा ज्यादा प्यारा होता है। जिन्होंने Public Accounts Committee के Chairman की हैसियत में बाल की खाल उतार दी थी वहां उन में यहां इसलिए कमी पाई गई क्योंकि इस के लिए ज्ञानी करतार सिंह जी बराहे रास्त जिम्मेदार थे। उन्होंने इस रकम की जो कि 3 करोड़ के करीब है नुक्ताचीनी नहीं की। वह घबरा गए और उन्होंने उलटे तारीफ करने की कोशिश की। वह नहीं जानते कि सैलाबजदा इलाकों में मखसूस शुदा इस रकम की तक्सीम में क्या क्या हुआ। क्या उन्हें नहीं पता कि बीच बचौले का काम करने वालों ने किस तरह किया? क्या उन्हें नहीं पता कि गन्दम को कम तोला गया? क्या पता नहीं कि कहीं पहले और कहीं पीछे मदद पहुंचाई गई? अभी तक मेरी तहसील और हलके में कई गांव हैं जिनको मदद नहीं दी गई। मुझे इस का कोई गिला नहीं।

श्री अध्यक्ष : यह तो आप के कहने का मखसूस ढंग है। (This is his typical way of saying things.)

मौलवी अब्दुल गनी डार : मैं तो आप की नवाज़िश का ममनून हूं। अगर मेरे बस में होता तो मैं पलानिंग कमिश्नर से लेकर Irrigation मिनिस्टर तक सब पर मकदमे चलाता कि सब नुक्सान ग़लत प्लानिंग की वजह से हुआ। प्लानिंग के निकम्मापन की वजह से हुआ। हमारे पंजाब को तबाह करने की जिम्मेदारी किस पर है? आज जो 30 लाख से ज्यादा एकड़ जमीन का रकबा waterlogging के नीचे है जो 8 लाख एकड़ से ज्यादा रकबा culturable से unculturable हो गया इसकी ज़िम्मेदारी किस पर है? मैं जानता हूं कि यहां पर उस खर्च को अपनी majority के बलबोते पर मनवा लिया जाएगा जो कि यह कर चुके हैं। बेशक ज़ाहिरा तौर पर मेरी इस आवाज़ का इन पर असर न हो लेकिन मैं साफ तौर पर बता देना चाहता हूं कि इस तरह की गलती शायद ही किसी स्टेट में हो सकती हो कि जो रकम रखी जाए उसका इस गलत तरीके से इस्तेमाल किया जावे। मुझे इस बात का इल्म है कि जिस गांव में 600 आदमियों की आबादी थी वहां 1200 आदमियों ने राशन लिया। यह अन्धेरगर्दी क्यों होती है? यह तो वही बात हुई कि बहरा अन्धी को खैंचे लिए जाता है। बहरे को सुनाई नहीं देता और अन्धी को दिखाई नहीं देता। इन्होंने कोई खास ढंग नहीं बनाया कि किस तरह उन की मदद करनी है। ढंग तो यह था कि उन की unculturable जमीन को culturable बना देते। जहां खेती तबाह हुई थी उस को बचाते। मुझे खुशी है कि जहां ओले पड़े थे वहां इन्होंने सड़कों का काम शुरू करके उन को रोज़ी दी। अगर ऐसे ही रास्ते दूसरी जगहों पर भी इख्तयार करते तो बेइमानी न होती और कुछ लोग इन से नाजायज़ फायदा न उठा सकते। (घंटी) आप ज़रा देखें कि जो स्कीमें drainage के लिए हमारे सामने आ रही

[मौलवी अब्दुल गनी डार]

हैं उन को कहां ले जाया गया है। मैं अर्ज़ करूं कि मेरे हलके में करीबन 40 गांव 5 साल से पानी की वजह से सैलाब ज़दह हो रहे हैं। वहां के एक अफसर साहिब ने लोगों को कहा कि यहां पर रज़ाकाराना तौर पर एक ड्रेन खोद दो। उस के लिये न कोई प्लैन बनाई, न कोई और ढंग सोचा कि यह पानी कहां डालना है। चुनांचि लोगों ने जब 30 मील लम्मी नाली खोद दी तो पता चला कि पानी या तो राजस्थान में पड़ेगा या यू० पी० में जो इस के लिए तैयार नहीं। अब 5 साल से इस बात का फैसला नहीं कर पाये कि पानी कहां डालना है। और पानी जमा हो रहा है। यह कहेंगे कि निकम्मी बात कहता है और मुझे बिज्जू भी कहते हैं हालांकि शक्ल मेरी चीफ मिनिस्टर साहिब से मिलती है, तो भी मैं मान लूंगा और कहूंगा कि यह बड़े सुन्दर हैं। (विघ्न) पंडित जी आप क्या कहते हैं? (*Interruption*) आप ने 3 करोड़ रुपए की अपनी रद्दी गंदम निकालने का यह तरीका निकाला। (*Interruption*) आप बेशक बोलते रहें मुझ पर कोई असर नहीं होता। (*Interruption*) शकलों की बात करते वक्त आप को भी ख्याल नहीं आया.......

श्री अध्यक्ष : वह तो general remark किया था, आप ने अपनी तरफ खींच लिया। (That was only a general remark. The hon. Member need not construe that it referred to him.)

मौलवी अब्दुल गनी डार : जनाब, कभी २ ख्याल आ जाता है तो कभी २ मैं भी बात हंसी में कह जाता हूं। तो, जनाब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि यहां पर जो ज्ञानी जी करोड़ों रुपया मंज़ूर करवा रहे हैं उस का कई लोगों ने नाजायज़ फायदा उठाया है। मरीज़ का इलाज उस पर मुसीबत आने पर थोड़ी सी मदद दे देने से नहीं हो जाता बल्कि आयंदा तबाही से बचा कर हो सकता है। (घंटी) उसे बीज वक्त पर मिले। सरदार राजिन्दर सिंह जी को भी यह कहना पड़ा कि लोगों की मदद वक्त पर नहीं हुई। मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं (*Interruption*)। मेरी एक बात से घबरा गए। सुनने का हौसला होना चाहिए। दिल बड़ा कर के आया करो।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ (ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਜਨਰਲ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ Supplementary Demands ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮੰਗ ਇਸ Appropriation ਬਿਲ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਇਸ ਹਾਊਸ ਪਾਸੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਇਹ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਦੀ efficiency ਦੀ ਮੂੰਹ ਬੋਲਦੀ ਤਸਵੀਰ ਹੈ। ਇਸ ਬਿਲ ਰਾਹੀਂ 17 ਕਰੋੜ ਤੋਂ ਵਧ ਰਕਮ ਸਰਕਾਰ ਇਨ੍ਹਾਂ Supplementary Demands ਰਾਹੀਂ ਲੈ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੋਈ ਪਹਿਲੀ ਕਿਸ਼ਤ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਵੀ ਕਈ ਕਿਸ਼ਤਾਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਰਾਹੀਂ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਰਕਮ ਮੰਨਜ਼ੂਰ ਕਰਵਾ ਲਈ ਹੋਈ ਹੈ। ਇਹ ਸਾਡੇ ਅਫਸਰਾਂ ਦੀ ਹੁਸ਼ਿਆਰੀ ਦਾ ਸਬੂਤ ਹੈ ਕਿ close of the year ਤੇ 17 ਕਰੋੜ ਦੀ ਮੰਗ ਕਰਵਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਅੱਜ ਮੈਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਆਪ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਅਫਸਰਾਂ ਦੀ ਹੁਸ਼ਿਆਰੀ ਜਾਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਹੁਸ਼ਿਆਰੀ ਦੀ ਦਾਦ ਦੇਵਾਂ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਰਕਮਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਾਸ ਕਰਵਾਇਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਅਫਸਰ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਸਕੇ ਅਤੇ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਨਵੇਂ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤੇ ਹਨ। ਆਪਣੇ ਇਖਤਿਆਰ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਵੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਹਥ ਵਿਚ ਲੈ ਲਿਆ ਹੈ। ਫਿਰ

ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਇਹ token demand ਲੈ ਰਹੇ ਹਾਂ ਦਸ ਰੁਪਏ ਦੀ ਪਰ ਅਸਲ ਵਿਚ ਇਹ ਦਸ ਰੁਪਏ ਨਹੀਂ ਇਹ ਤਾਂ 34 ਲੱਖ 15 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਲਿਖ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਕਿ the demand will be met within the amount ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਲਈ ਇਸ ਹਾਊਸ ਨੇ ਪਰਵਾਨਗੀ ਦਿੱਤੀ ਸੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਕੇ ਨਵੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਲੈ ਲਈਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਕੋਈ ਸਖਤ ਸ਼ਬਦ ਨਹੀਂ ਵਰਤਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਪਰ ਇਹ ਸਾਫ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਅਧਿਕਾਰਾਂ ਨਾਲ ਮਜ਼ਾਕ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜੋ ਰਕਮਾਂ ਮੰਗੀਆਂ ਜਾਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਸਹੀ ਤਰੀਕਾ ਨਹੀਂ ਵਰਤਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ । ਅਜੇ ਦਸ ਗਿਆਰਾਂ ਮਹੀਨੇ ਹੋਏ ਅਸੀਂ ਬਜਟ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਦੌਰਾਨ ਵਿਚ ਕਈ ਕਿਸ਼ਤਾਂ ਰਾਹੀਂ Supplementary Demands ਆ ਗਈਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਫਿਰ ਆਪਣੇ ਹੀ ਹੁਕਮ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਨ ਲਈ ਇਥੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਆਪਣੇ ਹੀ ਅਧਿਕਾਰ ਨਾਲ ਬੰਦ ਕਰਕੇ ਨਵੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਤੇ ਰਕਮ ਖਰਚ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਅਖਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਹੋਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਕਿ ਉਹ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਬਦਲ ਦੇਣ ਅਤੇ ਜਿਵੇਂ ਵੀ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਹੋਵੇ ਨਵੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਤੇ ਮਨਜ਼ੂਰ ਹੋਈ ਰਕਮ ਨੂੰ ਖਰਚ ਕਰ ਦੇਵੇ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਤਿੰਨ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਅਸੀਂ ਵੇਖ ਰਹੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿੰਨਾਂ ਵੀ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਜਾਂ ਗੁੜਗਾਵਾਂ, ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਅਤੇ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਵਿਚ ਹੀ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਥੇ ਬਾਕੀ ਲੋੜਾਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਕੋਈ ਰਕਮ ਨਹੀਂ ਰਖੀ ਗਈ ।

ਸਰਕਾਰ ਦੀ officiency ਦੀ ਇਕ ਹੋਰ ਮਿਸਾਲ ਵੇਖੋ ਕਿ Education Department ਵਿਚ ਜਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਰ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਵਿਚ ਕੀ ਕੁਝ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਕਈ ਮਾਸਟਰਾਂ ਨੂੰ ਪੈਸੇ ਨਹੀਂ ਮਿਲੇ ਅਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ increment due ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਅਤੇ ਇਥੋਂ ਤੱਕ ਕਿ ਲੋਕ ਤੰਗ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਅਦਾਲਤਾਂ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਅਫਸਰਾਂ ਵਿਰੁਧ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਸਰਕਾਰ ਵਿਰੁਧ ਡਿਗਰੀਆਂ ਲੈ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਨੋਟਿਸ ਚਲੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਫਿਰ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਅਜਿਹਾ ਮੁਕਦਮਿਆਂ ਦਾ ਖਰਚਾ ਵੀ ਅਦਾ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਮੈਂ ਇਹ ਮੰਗ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਰਕਮ ਸਰਕਾਰੀ ਖਜਾਂਨੇ ਵਿਚੋਂ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਸਗੋਂ ਜੋ ਅਫਸਰ responsible ਹੋਵੇ ਉਸ ਨੂੰ ਇਸ ਰਕਮ ਨੂੰ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਅਠ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਖਰਚੇ ਦੇ ਦੇ ਦੇਣ ਅਤੇ ਫਿਰ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਡਿਗਰੀਆਂ ਖਰਚੇ ਸਮੇਤ ਹੋਣੀਆਂ ਸਰਕਾਰ ਦੀ efficiency ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਹੈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਇਹ ਰਕਮਾਂ ਖਰਚ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ।

ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਸਾਰਿਆਂ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਅਸੀਂ voluntary cut ਆਪਣੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਤੇ ਲਗਾਈ ਹੈ । ਰਾਜਪਾਲ ਸਾਹਿਬ ਨੇ 10 percent cut ਪਰਵਾਨ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਬਾਕੀਆਂ ਨੇ ਵੀ cut ਪਰਵਾਨ ਕੀਤੀ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਬਾਕੀਆਂ ਦੀ cut ਦਾ ਸਵਾਲ ਹੈ ਇਹ ਇਕ ਪ੍ਰੋਪੇਗੰਡਾ ਹੈ । ਅਸਲ ਵਿਚ ਇਕ ਪਾਸੇ cut ਲਗਾਕੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਤੋਂ ਉਨੀ ਹੀ ਰਕਮ ਲੈ ਲਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਕਈ ਹਾਲਤਾਂ ਵਿਚ ਅਸਲ ਨਾਲੋਂ ਖਰਚ ਵਧ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਟੇਟ ਦਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਮਜ਼ਾਕ

[ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ]

ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਸਕੇ ਕਿ ਅਸੀਂ cut ਪਰਵਾਨ ਕਰ ਲਈ ਹੈ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਲੈਣਾ ਮੁਨਾਸਿਬ ਨਹੀਂ । ਜੇਕਰ credit ਲੈਣਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਅਸਲ ਰੂਪ ਵਿਚ cut ਲਗਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਖਰਚ ਨੂੰ ਅਸਲ ਵਿਚ ਘਟਾ ਕੇ ਦਸਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਫਿਰ ਸ਼ਿਮਲੇ ਦੀ ਕੋਠੀ ਦੀ ਮੁਰੰਮਤ ਲਈ ਜੋ ਭਾਰੀ ਰਕਮ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ । ਇਹ ਇਕ ਬਹੁਤ ਹੀ ਗਲਤ ਤਰੀਕਾ ਹੈ ਕਿ at the end of the year ਇੰਨੀ ਭਾਰੀ ਰਕਮ Appopriation Bill ਰਾਹੀਂ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਮੰਗੀ ਜਾਵੇ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਡੀਮਾਂਡ ਨੰ: 15 ਦੇ Major Head Education ਵਿਚ school teachers ਦੀਆਂ amounts ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 1949 ਤੋਂ due ਹਨ । ਇਸ ਵਿਚ ਇਹ ਲਿਖਿਆ ਹੈ—

> "Payment of decretal amount to Shri Om Parkash Modi, Ex-teacher,—Governmen Middle School, Shutrana, district Patiala—Rs. 70/-"

ਇਹ ਉਹ amount ਹੈ ਜਿਹੜੀ degree ਕਰਵਾ ਕੇ ਲਈ ਵੈਸੇ Government ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਾ ਦਿੱਤੀ ਹੋਵੇ । ਜਿਹੜੀ ਦੂਸਰੀ amount ਹੈ ਇਹ ਵੀ ਬੜੀ ਪੁਰਾਣੀ date ਦੀ ਹੈ ਯਾਨੀ ਇਹ 31 ਮਾਰਚ 1958 ਦੀ due ਹੈ । ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Minister ਸਹਿਬਾਨ ਆਪੋ ਆਪਣੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ ਖਿਆਲ ਰੱਖਣ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਵੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ amount due ਹੈ ਉਹ ਉਸ ਨੂੰ ਵਕਤ ਸਿਰ ਮਿਲ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਕਿ ਕੋਈ ਡਿਗਰੀ ਕਰਵਾ ਕੇ ਰਕਮ ਹਾਸਲ ਕਰੇ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਸਾਲ ਦੇ ਅਖੀਰ ਵਿਚ Supplementary Demand ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਕਿਸੇ amount ਦਾ ਆਉਣਾ ਇਹ ਜ਼ਾਹਰ ਕਰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਰਕਮ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਖਰਚ ਹੋਵੇਗੀ । ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਇਸ ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

श्री मंगल सेन (रोहतक) : स्पीकर साहिब, आज यह हाउस Appropriation Bill 1961 के ऊपर विचार कर रहा है और हमारी सरकार ने हाउस से यह मांग की है कि लगभग, 17 करोड़ रुपया उन्हें मंजूर कर दिया जाए ताकि वह उसे खर्च कर सके । स्पीकर साहिब, इन Supplementary Estimates के नीचे 3 करोड़ से ज्यादा रुपया इसलिए रखा गया है कि जिन इलाकों में बाढ़ आती है वहां के लोगों को मकानों की repair के लिए कर्ज़ वगैरह दिया जा सके । लेकिन, स्पीकर साहिब, मैं इस सिलसिले में यह कहना चाहता हूं कि जो कानून बना रखे है वह न मालूम 1865 के हैं या इससे भी और पुराने । जो आज के हालात में out of date मालूम देते हैं । मैं ने देखा है कि जो अफसरान नुकसान assess करने के लिए मुख्तलिफ इलाकों में जाया करते हैं वे पूरा नुकसान इसलिए नहीं दिखाते क्योंकि 1,000 रुपए के नुकसान में वहां कोई 100 या 200 रुपए की खेती खड़ी रह गई है । यानी सिर्फ 1,000 रुपए का नुकसान हो और 200 रुपए के करीब फसल बच जाए तो वे कुछ भी नुकसान नहीं दिखाते हैं । यह इनके रूल्ज़ का हाल है । क्योंकि जब कभी अफसरों से पूछा जाता है कि आपने नुकसान क्यों नहीं दिखाया तो वह यही कहते हैं कि रूल्ज़ इजाज़त नहीं देते । मुझे पता है, स्पीकर साहिब, कि इन्होंने रोहतक के लिए 20 लाख रुपया सहायता के लिए रखा था लेकिन हाउस में यह कहा गया चीफ मनिस्टर सासिब की तरफ से कि मैंने रोहतक के ईलाके

में से पानी निकलवा दिया लेकिन हकीकत यह है कि अगस्त से लेकर और अब तक वहां पर कई जगह पानी ज्यों का त्यों खड़ा है। लेकिन चीफ मिनिस्टर साहिब ने केवल श्रेय लेने के लिए अक्तूबर में ही कह दिया था कि हमने पानी निकलवा दिया और, स्पीकर साहिब, उस 20 लाख में से एक कौड़ी भी नहीं बांटी गई। यह है गवर्नमेंट का तरीका। हकीकत यह है कि जनता गवर्नमेंट की गफलत के कारण दुःखी है। इसलिए मैं वज़ीर साहिब से प्रार्थना करूंगा कि उनको सहायता दी जाए। लेकिन यह सहायता क्यों देने लगे? क्योंकि यह जानते हैं कि वह इलाका इनका साथ नहीं देता इसलिए यह उनके साथ हमदर्दी नहीं रखते और इसीलिए उन लोगों को बजाए सहायता के उल्टी सज़ा दी जा रही है। मैं मंत्री महोदय से खासतौर पर यह बात पूछना चाहता हूं और आश्वासन चाहता हूं कि वे बताएं कि यह जो रुपया है वह उनको कब तक दे दिया जाएगा? मुझे पता है कि हमारे मुख्य मंत्री साहिब ने वहां पर हैलीकाप्टर पर जा जा कर जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा पैट्रोल पर तो खर्च किया लेकिन उन लोगों को सहायता कोई नहीं दी।

अब गंदम दी जा रही है लेकिन उसका भी हाल सुनिए। पहले यह कहा गया कि जिन के पास ज़मीन नहीं है उनको गंदम दी जाएगी लेकिन मैं ऐसे लोगों के नाम पेश कर सकता हूं कि गंदम उन लोगों को दी गई है जो बड़े बड़े land lords हैं यह हाल है इस सरकार का। लेकिन कहा यह जाता है कि यह welfare state है। स्पीकर साहिब, यह welfare state कर क्या रही है? यही कि जनता और जनता के दरमियान दीवार खड़ी कर रही है। मैं यह उम्मीद कर सकता हूं कि सरकार कुछ लोगों को कम्बल और अनाज भी दे देगी लेकिन जिस वजह से बाढ़ आती है उसको क्यों नहीं दूर किया जाता? उसके लिए सरकार ने कुछ नहीं किया। और जो Drain No. 8 है उसका भी समुचित प्रबन्ध नहीं किया। इसी तरह जिस नाई नाला के लिए आपने इतना रुपया खर्च किया उसके बारे में राओ बीरेन्द्र सिंह जी से ज़बानी पता चला है—अब वह यहां इस वक्त बैठे नहीं हैं—कि उसे श्री नेहरू जी ने जमुना में गिराने से रुकवा दिया है। और इसका कारण यह बताया कि चूंकि दिल्ली वालों ने नेहरू जी के पास एक deputation भेजा और कहलाया कि अगर इस नाले का पानी जमुना में डाला गया तो दिल्ली का सूबा बर्बाद हो जाएगा। दिल्ली तो भारत की महानगरी है। नेहरू जी ने भी सोचा कि अगर दिल्ली के लोग नाराज़ हो गए तो ठीक नहीं है इसलिए उन्होंने नाई नाला वाली स्कीम को रोक दिया। अगर यह बात सही है तो वज़ीर साहिब को confess करना चाहिए और अगर नहीं तो contradict करें। जहां तक काम की गति का सम्बन्ध है वह सन्तोषजनक नहीं है। सिर्फ योजना में provide करना और उसको इस तरह टालते रहना यह ठीक नहीं है।

मैं, जनाब, झज्जर तहसील के उन 125 गांवों की बात करना चहता हूं जहां पर अब तक पानी खड़ा हुआ है। उस पानी को link करना, निकालना था। पानी को निकालने के लिए देहली administration के साथ प्रबन्ध किया गया। मैंने इस सिलसिले में एक responsible officer के साथ बात की। मैं उन का नाम नहीं बताना चाहता क्योंकि ये उस के कान खींचेंगे कि तुमने सच्ची बात क्यों कही......

श्री अध्यक्ष : कान पकड़ने वाली बात न करें। (Please do not refer to pulling the ear.)

श्री मंगल सेन : बहुत बेहतर जनाब, कान पकड़ने वाली बात नहीं करता गला पकड़ने वाली बात करता हूं। जनाब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि रोहतक ज़िला की बहुत बुरी हालत है और इस ज़िला का बेड़ा ग़रक होने वाला है। दरअसल रोहतक ज़िला की तरफ लापरवाही इसलिए है कि इन को मालूम है कि 1962 में इन्हें वहां से मिलना मिलाना कुछ नहीं। 1960 की बात है वज़ीर साहिब लोकल बाडीज़ ने एक ordinance जारी करवाया जिस के ज़रिए म्युनिसिपल कमेटियों के electoral rolls अलग बनवाने का हुक्म हुआ। दरअसल इन को हेरा-फेरी करने की आदत है।

Mr. Speaker : How is it relevant under the supplementary demands?

श्री मंगल सेन : Miscellaneous की demand के मातहत एक महादेव नामक व्यक्ति को 100 रुपए दिए हैं और ये सरकार की नालायकी की वजह से दिए हैं। दरअसल बात यह है कि मिनस्टिर साहिब खुद तो पढ़ कर आते नहीं बल्कि इधर उधर की धड़ेबन्दियों में लगे रहते हैं। मैं अर्ज़ कर रहा था कि पहले election की date fix हो गई लेकिन बाद में उसे इसलिए postpone कर दिया गया कि electoral rolls ठीक नहीं बने। इस तरह से जल्दबाज़ी में जनता का पैसा ज़ाया किया जा रहा है। क्योंकि ये सोचते हैं कि हमारे हाथ में हकूमत है जो कुछ कर लेंगे दुरुस्त है लेकिन इन को मालूम होना चाहिए कि आगे court भी है, वहां बे इनसाफी नहीं हो सकती।

पिछले दिनों हमारे कांग्रेसी नेताओं ने रूठे हुए कम्युनिस्टों को कांग्रेस में शामिल करने के लिए उन्हें सोशल वर्कर बनाया। इसी प्रकर एक कम्युनिस्ट नेता के सुपुत्र श्री सहगल को रोहतक improvement trust का चेयरमैन बना दिया। पंडित मोहन लाल जी को पता है कि अढ़ाई माह के अर्से में उन्होंने क्या काम किया है। इन महानुभाव की माता-जी को मैं मासी जी कहता हूं इसलिए मैं उन का नाम नहीं लेना चाहता......

Mr. Speaker : You are not relevant, please.

श्री मंगल सेन : स्पीकर साहिब, यह बड़ी दिलचस्प बात है।

श्री अध्यक्ष : आप खुद बड़े दिलचस्प हैं। (You are yourself very interesting.)

श्री मंगल सेन : स्टेट ट्रेडिंग की मद्द के मातहत 90 लाख 67 हज़ार 270 रुपए रखे हैं। इन से पूछा जाय कि Union Government कहती है कि अनाज और चीनी की trading क्यों करते हो। इन्होंने उन की इच्छा के विरुद्ध पैसा कमाया। अगर एक दुकानदार नेक कमाई से पैसा बनाता है या पैसा कमाने की कोशिश करता है तो उस के खिलाफ कोआप्रेटिव सोसायटियों की तरफ से films दिखाई जाती हैं कि दुकानदार चोर हैं। वास्तव में हालत यह है कि सरकार के विषय में वैसी बात कहूं तो अच्छी बात नहीं लगती।

Mr. Speaker : Please wind up.

श्री मंगल सेन : रजवाड़ों के privy purses के बारे में मैं अर्ज़ करना चाहता था लेकिन चूंकि समय नहीं है इस लिए आखिर में मैं सिर्फ एक ही बात अर्ज़ करना चाहता हूं कि रोहतक ज़िला में एक वाकया हुआ। नदाना गांव में 40 हज़ार रुपया चोरी हो गया है और एक महाजन का नुकसान हो गया है लेकिन पुलिस trace out नहीं कर सकी।

Mr. Speaker: After this the Ministers will speak and the Members who have not been able to speak so far will be given time at the third reading stage.

श्रीमती ओम् प्रभा जैन (कैथल) : माननीय स्पीकर साहिब, यह जो supplementary budget हमारे सामने 15 करोड़ 24 लाख का present किया गया है, यह बात सही है कि इतनी लम्बी चौड़ी रकम को देख कर irritation होती है और Opposition वालों को मौका मिलता है कि वे नुक्ताचीनी करें लेकिन बेहतर होता कि वे इस रकम को item-wise और demandwise इस की allocation देख लेते और यह समझने की कोशिश करते कि किन चीज़ों पर यह पैसा खर्च किया गया है। अगर वे ऐसा करते तो ज़रूर इस की दाद देते मुझे यह बात देख कर खुशी होती है और मैं prove करके दिखाऊंगी कि यह welfare state का बजट है और कि जितना खर्च किया गया है उस का 90-95 फीसदी wellfare activities पर खर्च किया गया है। जैसेकि मैंने अर्ज़ किया कि 15 करोड़ 24 लाख का बजट है। इसमें से 13 करोड़ 71 लाख लोगों की भलाई के लिए, loans अदा करने के लिए और लोगों को relief देने के लिए अदा किया गया। पिछले दिनों वर्षा के कारण जिन लोगों के मकान गिर गए और फसलें खराब हो गईं उन्हें पैसा दिया गया।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਓਮ ਪ੍ਰਭਾ ਜੈਨ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਵਜ਼ੀਰ ਸਹਿਬਾਨ ਨੂੰ ਸਪੀਚ ਕਰਨ ਲਈ ਟਾਈਮ ਦਿੱਤਾ ਜਾਏਗਾ ਔਰ ਫੇਰ ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ ਕਲਾਜ਼ਾਂ put ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ। ਬਾਕੀ ਜਿਹੜੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਰਹਿ ਜਾਣਗੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ third reading ਦੇ ਵਕਤ ਬੋਲਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਏਗਾ। (After the speech of Shrimati Om Prabha Jain the hon. Ministers shall be given time to speak. Thereafter, the clauses shall be put to the vote of the House and the remaining members who wish to speak shall be given time to express their views at the time of the third reading of the Bill).

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair).

Mr. Deputy Speaker: Since the House is to adjourn at 4.00 P.M. to day therefore, guillotine will be applied half an hour earlier.

श्रीमती ओम प्रभा जैन : मैं, पंजाब, सरकार को मुबारकबाद देती हूं कि उन्होंने supplementary estimates का ऐसा बजट इस हाउस में लोगों के representatives के सामने पेश किया है। इस से पता चलता है कि सरकार लोगों की तकलीफों का भार अपने ऊपर समझती है और जब कभी लोगों पर मुसीबत आई तो किस तरह सरकार ने बहादुरी के साथ अपना फर्ज़ अदा किया। डिप्टी स्पीकर साहिब, जब पिछले दिनों अगस्त और सितम्बर में floods आये तो famine के head में जो रकम provide की गई वह 308,68,620 रुपया थी यह रुपया seeds, repairs of roads, purchase of boats, repairs of buildings and embankments and gratuitous relief पर खर्च हुआ

[श्रीमती ओम प्रभा जैन]

है। इस में से 50 फीसदी रुपया लोगों को loans की शकल में दिया गया है जिस का मतलब हुआ कि $1\frac{1}{2}$ करोड़ रुपया recoverable होगा। $1\frac{1}{2}$ करोड़ रुपया पंजाब गवर्नमेंट ने grants की शक्ल में दिया है। इस में 50 फीसदी सैंट्रल गवर्नमेंट का share है और 50 फीसदी State Government का मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूं कि इस के लिए सरकार मुबारकबाद की मुस्तहिक है। डिप्टी स्पीकर साहिब, आपको यह जान कर बड़ी खुशी होगी कि famine के लिए जो 3,08,68,620 रुपये की रकम provide की गई है इस में सिर्फ 13,000 रुपया establishment पर खर्च होगा। अगर तीन करोड़ रुपया लोगों तक पहुंचाने में सिर्फ 13,000 रुपए establishment पर खर्च हों तो इसे welfare state budget के सिवाए और क्या कहा जा सकता है। Floods के दिनों में सरकारी अफसरों ने बहुत मेहनत से काम किया और घर घर में जाकर taccavi loans और seeds दिये (interruptions by Sardar Atma Singh) मेरे भाई सरदार आत्मा सिंह मुझे interrupt कर रहे हैं उन्हें यह जान कर खुशी होगी कि पंजाबी सूबे के लिए जो Akali agitation हुई थी उस पर सरकार का खर्च 13 लाख रुपये दिखाया गया है। (Repeated interruptions by Sardar Atma Singh)

Mr. Deputy Speaker : No interruptions please. Order, order.

श्रीमती ओम प्रभा जैन : डिप्टी स्पीकर साहिब, सरकार को इस पर बधाई देनी चाहिए कि कितनी economy के साथ यह खर्च किया गया है।

Floods के सिलसिले में जो famine के तहत खर्च दिखाया गया है वह 3,08,68,620 रुपया है लेकिन इस के अलावा जो खर्च famine से directly सम्बन्धित है वह 4,35,96,820 रुपये है जो under the major head "Loans to local funds, private parties, etc." दिखाया गया है। सरकार ने जमींदारों की इमदाद के लिए 1,35,00,000 और उसके बाद फिर 2 करोड़ के loans advance किये। यह सारा 3 करोड़ 8 लाख ही नहीं बल्कि यह रकम $7\frac{1}{2}$ करोड़ की बनती हैं।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकरसाहिब, पैप्सू का arrear of loan 1955 से पड़ा हुआ है। मैं समझती हूं कि पंजाब सरकार को बधाई देनी चाहिए कि 1955 का loan निकाल कर उन्होंने $5\frac{1}{2}$ करोड़ रुपये की इस साल payment की है। ऐसा बजट पेश करने पर सरकार हमारी मुबारकबाद की मुस्तहिक है और हमें खुश होकर इस बजट को पास करना चाहिए।

ਮਾਲ ਮੰਤ੍ਰੀ (ਗਿਆਨੀ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ) : ਜਨਾਬ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਅਜ ਇਹ ਜੋ Supplementary Demands ਦਾ Appropriation Bill ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਬਹਿਸ ਸੁਣ ਕੇ ਮੈਨੂੰ ਮਹਾਂ ਭਾਰਤ ਦੀ ਸਾਖੀ ਯਾਦ ਆਈ ਹੈ। ਯੁਧਿਸ਼ਟਰ ਨੂੰ ਬਾਹਰ ਭੇਜਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਤੂੰ ਕੁਝ ਮਾੜੇ ਆਦਮੀ ਲਭ ਲਿਆ। ਉਸ ਨੇ ਸਾਰਾ ਚੱਕਰ ਲਾਇਆ ਔਰ ਆ ਕੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਤਾਂ ਸਭ ਚੰਗੇ ਆਦਮੀ ਹੀ ਨਜ਼ਰ ਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਦੁਰਯੋਧਨ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਤੂੰ ਚੰਗੇ ਆਦਮੀ ਲਭ ਕੇ ਲੈ ਆ। ਉਸ ਨੇ ਚੱਕਰ ਲਾ ਕੇ report ਕੀਤੀ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਚੰਗਾ ਆਦਮੀ ਤਾਂ ਕੋਈ ਲਭਿਆ ਨਹੀਂ

ਸਭ ਮਾੜੇ ਹੀ ਦਿਸੇ ਨੇ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਰਕਾਰੀ ਬੈਂਚਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ ਯੁਧਿਸ਼ਟਰ ਵਾਂਗ ਗੱਲ ਕੀਤੀ ਹੈ (ਤਾੜੀਆਂ) (*interruptions*) ਔਰ Opposition ਦਾ ਦੁਰਯੋਧਨ ਜਿਹੜਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਸਭ ਗੱਲਾਂ ਮਾੜੀਆਂ ਹੀ ਲਭੀਆਂ ਹਨ । ਇਸ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਇਹ ਜੋ demands ਪੇਸ਼ ਹੋਈਆਂ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਹੋਈ ਹੈ, ਕੁਝ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਐਸੀਆਂ ਬਾਤਾਂ ਨੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਮੇਰੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨਾਲ ਸੰਬੰਧ ਰਖਦੀਆਂ ਨੇ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਕੁਝ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ।

ਇਕ ਤਾਂ ਰਾਜਪੁਰੇ ਤੋਂ ਆਏ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਜਦੋਂ ਬੋਲੇ ਸਨ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਫਰਮਾਇਆ ਸੀ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਨਹਿਰਾਂ ਲਈ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਲਈਆਂ ਪਰ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਾ ਹਾਲੇ ਤਕ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੀਆਂ mutations ਵੀ ਅਜੇ ਤੱਕ attest ਨਹੀਂ ਹੋਈਆਂ ਜਿਸ ਕਰ ਕੇ ਲੋਕ ਬੜੇ ਤੰਗ ਨੇ । ਹਕੀਕਤਨ ਇਹ ਗੱਲ ਸਚ ਹੈ ਕਿ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਲਈਆਂ ਗਈਆਂ ਕਿਉਂਕਿ development ਦੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਕੰਮ ਇਥੇ ਹੋਏ ਨੇ, ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਨਵੀਆਂ ਬਸਤੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਗਈਆਂ, ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਨਹਿਰਾਂ ਕੱਢੀਆਂ ਗਈਆਂ, ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਸੜਕਾਂ ਬਣੀਆਂ ਹਨ ਔਰ ਇਹ ਸਭ ਕੁਝ ਜਦ ਬਹੁਤ ਤੇਜ਼ ਰਫਤਾਰੀ ਨਾਲ ਹੋਇਆ ਹੋਵੇ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਇਸ ਲਈ ਬਹੁਤ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਲਈਆਂ ਗਈਆਂ ਹੋਣ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦੇਣ ਵਿਚ ਕੁਝ ਦੇਰ ਹੋ ਜਾਏ । ਸਾਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਹੈ ਕਿ ਅਜੇ ਤੱਕ ਸਭ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਾ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ mutations ਨਹੀਂ ਚੜ੍ਹੀਆਂ ਲੇਕਿਨ ਜਿਹੜੇ ਤਰਦਦ ਇਸ ਪਾਸੇ ਇਸ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਕੀਤੇ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਕੁਝ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਥੇ ਪਹਿਲੇ ਸਾਲਮ ਪੰਜਾਬ ਲਈ acquisition ਦੇ ਕੰਮ ਲਈ ਦੋ ਅਫਸਰ ਹੁੰਦੇ ਸਨ ਉਥੇ ਇਸ ਵਕਤ 13 ਅਫਸਰ ਲਗਾਤਾਰ ਇਹ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ । ਜਿਥੇ ਅਗੇ Financial Commissioner ਇਸ ਕੰਮ ਦੀ ਨਿਗਰਾਨੀ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕਰਦਾ ਹੁਣ ਇਕ Financial Commissioner ਨਿਗਰਾਨੀ ਦਾ ਕੰਮ ਵੀ ਕਰਦਾ ਹੈ ਔਰ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੀ ਨਿਗਰਾਨੀ ਵੀ ਹੋਈ ਹੈ ਔਰ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਵੀ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਔਰ ਮੈਨੂੰ ਉਮੀਦ ਹੈ ਕਿ ਇਸ Session ਵਿਚ ਮੈਂ ਕੁਝ ਮੁਕੰਮਲ ਅੰਕੜੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਅਗੇ ਪੇਸ਼ ਕਰ ਸਕਾਂਗਾ । ਇਸ ਸਰਗਰਮੀ ਦੇ ਨਤੀਜੇ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੁਝ ਸਮੇਂ ਤੱਕ ਇਹ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਕੰਮ ਨਿਬੜ ਜਾਵੇਗਾ ।

ਹੁਣ ਇਸ ਸਾਲ ਜਿਹੜੇ ਮੀਂਹ ਪਏ ਸੀ ਔਰ ਇਸ ਤੋਂ ਪੇਸ਼ਤਰ ਪਹਿਲੇ ਜਿਹੜੇ ਮੀਂਹ ਪਏ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕਰ ਕੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ flood ਆਇਆ ਬੜੀ ਮੁਸੀਬਤ ਫੈਲੀ, ਬੜੀ ਤਬਾਹੀ ਔਰ ਬਰਬਾਦੀ ਹੋਈ, ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਦਿਹਾਤ ਨੂੰ floods ਨੇ ਤਬਾਹ ਕੀਤਾ ਔਰ ਕਸਬੇ ਔਰ ਸ਼ਹਿਰ ਵੀ ਤਬਾਹ ਹੋਏ, ਇਹ ਬਹੁਤ ਵਡੀ ਮੁਸੀਬਤ ਸੀ ।

ਇਸ ਮੁਸੀਬਤ ਵਿਚ ਜੋ ਨੁਕਸਾਨ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਹ ਬੇਸ਼ੁਮਾਰ ਹੈ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਅਸਾਨੀ ਨਾਲ ਇੰਨੇ ਭਾਰੇ ਨੁਕਸਾਨ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੀ ਲੇਕਿਨ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ relief ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਦਿਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਲੋਕ ਆਪਣੀ ਮੁਸੀਬਤ ਕਟ ਸਕਣ । ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਮੁਸੀਬਤ ਵਿਚ ਸਹਾਇਤਾ ਦੇਣੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦਾ ਫਰਜ਼ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਦਿਲ ਖੋਲ੍ਹ ਕੇ ਸਹਾਇਤਾ

[ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ]

ਕੀਤੀ ਹੈ (ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ) ਅਤੇ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਖਰਚ ਕਰਨ ਤੋਂ ਸੰਕੋਚ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਕੋਈ ਪਰਵਾਹ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਕਿ ਕਿਤਨਾ ਖਰਚ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮੁਸੀਬਤ ਦਾ ਇਲਾਜ ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਜਿਸ ਥਾਂ ਬੀਜ ਲਈ ਕਣਕ ਚਾਹੀਦੀ ਸੀ ਦਿਤੀ, ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਖਾਣ ਵਾਸਤੇ ਗੰਦਮ ਦਿਤੀ। ਹਾਲਾ ਤੇ ਅਬਿਆਨਾ ਛਡ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਜਿਥੇ ਪਾਣੀ ਖੜਾ ਹੋ ਗਿਆ ਸੀ ਉਥੋਂ ਪਾਣੀ ਕਢਣ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਇੰਨੇ ਵਡੇ ਪੈਮਾਨੇ ਤੇ relief ਦਾ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਜਿਸ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ। ਪਰ ਆਖਰ ਇਨਸਾਨ ਇਨਸਾਨ ਹੈ ਅਤੇ ਮੈਂ ਸਾਰੇ ਅਫਸਰਾਂ ਵਲੋਂ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਕਿ ਕਿਤੇ ਗਲਤੀ ਨਾ ਹੋਈ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਊਣਤਾਈ ਨਾ ਹੋਈ ਹੋਵੇ। ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿਤੇ ਬੇਈਮਾਨੀ ਦਾ ਸਿਲਸਿਲਾ ਵੀ ਚਲਿਆ ਹੋਵੇ। ਇਤਨੇ ਵਡੇ relief project ਵਿਚ ਗਲਤੀ ਹੋਣ ਦੀ ਸੰਭਾਵਨਾ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਸਾਰੇ ਅਫਸਰ ਚੰਗੇ ਹਨ ਪਰ ਕਿਤੇ ਕਿਸੇ ਅਫਸਰ ਨੇ ਵਧੀਕੀ ਕੀਤੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਕਹਿ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ। ਗਲਤੀ ਦਾ ਇਮਕਾਨ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਖਰਚ ਕਰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਕੜ ਦੁਕੜ ਥਾਂ ਤੇ ਬੇਈਮਾਨੀ ਹੋਵੇਗੀ ਮੈਂ ਕਹਿ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ ਅਸੀਂ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਇਕੜ ਦੁਕੜ ਮਿਸਾਲਾਂ ਵੀ ਨਾ ਮਿਲਣ ਪਰ ਜੇਕਰ ਇਸ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਨੂੰ ਹਥ ਵਿਚ ਲੈਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ fool proof methods ਲਭੇ ਜਾਂਦੇ ਅਤੇ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ relief ਦੇਣ ਦੇਣ ਦੇ ਤਤਪਰ ਕੰਮ ਵਿਚ ਹਰਜ ਹੁੰਦਾ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦਾ, ਪਰ methods ਲਭਣ ਲਈ ਇਸ ਕੰਮ ਨੂੰ ਰੋਕਿਆ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ। (ਵਿਘਨ)

ਦੀਵਾਨਾ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ 50 ਵਿਘੇ ਦੇ ਮਾਲਕ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਵਿਚੋਂ 40 ਵਿਘੇ ਕਿਸੇ ਪਾਸ ਗਹਿਣੇ ਹੈ ਤੇ ਗਿਰਦਾਵਰੀ ਨਹੀਂ ਬਦਲੀ ਹੋਈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ relief ਲੈਣ ਵਿਚ ਦਿਕਤ ਆਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਮੇਰੇ ਮਿਤਰ ਹਨ ਮੈਨੂੰ ਮਿਲਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਹੁਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ ਵੀ ਹਾਂ ਮੈਨੂੰ ਮਿਲ ਲੈਂਦੇ ਜੇਕਰ relief ਵਿਚ ਨੁਕਸ ਹੈ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਹੁਣ notice ਵਿਚ ਲਿਆਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਵੇਖ ਲਵਾਂਗਾ ਅਤੇ ਆਇੰਦਾ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਗੌਰ ਕਰਾਂਗੇ ਕਿ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਕੀ ਕਰਨਾ ਮੁਨਾਸਬ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਨਾ ਸਿਰਫ ਹੜ੍ਹਾਂ ਕਾਰਣ ਜੋ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਆਏ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਸਗੋਂ ਇਸ ਸਿਆਲ ਦੀਆਂ ਬਾਰਸ਼ਾ ਨੇ ਵੀ ਕਾਫੀ ਨੁਕਸਾਨ ਕੀਤਾ। ਬਦਕਿਸਮਤੀ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਕਿ ਸਿਆਲ ਦੀਆਂ ਬਾਰਸ਼ਾਂ ਨਾਲ ਜੋ ਹੜ ਆਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਅਮਿਤ੍ਰਸਰ, ਸੰਗਰੂਰ ਅਤੇ ਹਿਸਾਰ ਦੇ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਵਿਚ ਤਬਾਹੀ ਹੋਈ ਇਲਾਕੇ ਬਰਬਾਦ ਹੋਏ। ਕਿਨ੍ਹਾ ਚਿਰ ਤਕ ਖੜੇ ਪਾਣੀ ਨੂੰ ਹਟਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਰਿਹਾ ਅਤੇ ਕਿਨੇ ਹੀ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਖੇਤੀ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਹੀ। ਇਸ ਲਈ ਜ਼ਰੂਰੀ ਸਮਝਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਨਾ ਸਿਰਫ ਇਸ ਵੇਲੇ ਹੀ ਰੀਲੀਫ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਸਗੋਂ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਵੀ rules ਬਣਾ ਕੇ relief ਦੇਣ ਦੇ ਕੰਮ ਨੂੰ ਜਾਰੀ ਰਖਿਆ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ floods ਦੇ ਕਾਰਨਾਂ ਨੂੰ ਲਭ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਨ ਲਈ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਖਰਚ

ਕੀਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਇਸ ਸਿਆਲ ਦੇ ਹੜ੍ਹਾਂ ਕਾਰਣ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਣਕ ਵੰਡੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਹੋਰ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸਹੂਲਤ ਦਿਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ।

ਰਾਜਪੁਰੇ ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਕਾਇਦਾ relief ਦੇਣ ਬਾਰੇ ਹੋਵੇ ਕਿ ਜਿਥੇ 25 % ਖਰਾਬਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਥੇ ਦੇ ਸਿਰਫ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ relief ਦੇ ਦਿਉ ਤੇ ਜਿਥੇ ਵਧ ਖਰਾਬਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਥੇ ਸਭ ਨੂੰ relief ਦੇ ਦਿਉ । ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਰਾਏ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਸਭ ਥਾਂ ਤੇ ਸਹਾਇਤਾ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ । ਜਿਸ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਖਰਾਬਾ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਖੇਤੀ ਪਤੀ ਹੋਈ ਹੈ ਨਿਤ ਦਾ ਵਿਹਾਰ ਹੋ ਸਕਦਾ ਸੀ ਅਤੇ ਜੋ ਹਰੀਜਨ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਧ ਘਟ ਕੰਮ ਮਿਲ ਸਕਦਾ ਸੀ ਜੇਕਰ ਉਥੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ relief ਦਿਆਂਗੇ ਤਾਂ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਜਿਥੇ floods ਆਏ ਅਤੇ ਖੇਤੀ ਪਤੀ ਨਹੀਂ ਹੋਈ ਅਤੇ ਕਮਾਈ ਦਾ ਸਾਧਨ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਰਿਹਾ ਉਥੇ relief ਘਟ ਜਾਏਗਾ । ਇਸ ਲਈ ਜੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਸਾਰੀਆਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਸਹਾਇਤਾ ਮੰਗੀ ਜਾਵੇ ਇਹ ਸੰਭਵ ਨਹੀਂ । ਕਿਸਾਨਾ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਸਹਾਇਤਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜਿਥੇ ਖੇਤੀ ਪਤੀ ਨਹੀਂ ਹੋਈ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਆਮਦਨ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕੀ । ਉਹ ਸਹਾਇਤਾ ਦੇ ਹਕਦਾਰ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਹਾਇਤਾ ਮਿਲ ਰਹੀ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਰਾਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਸੰਗਰੂਰ ਜ਼ਿਲੇ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਥੇ ਸਾਨੂੰ ਮਿਲੇ ਵੀ ਸਨ । ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਆਦਮੀ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਵੀ ਆਏ ਸਨ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਖਿਆ ਸੀ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਦਿਹਾਤ ਤਬਾਹ ਤੇ ਬਰਬਾਦ ਹੋਏ ਹਨ ਅਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਸੰਬੰਧ ਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਨਿਰਭਰ ਖੇਤੀ ਤੇ ਸੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਹਾਇਤਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਦਿਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ । ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਹ ਮੰਗ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਛੋਟੀਆਂ ਦਸਤਕਾਰੀਆਂ ਵਿਚ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਆਸਰਾ ਵੀ ਪਿੰਡਾਂ ਤੇ ਸੀ ਪਰ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਤਬਾਹੀ ਨਾਲ ਅਜਿਹੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਪਾਸ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਰਿਹਾ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਹਾਇਤਾ ਮਿਲਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਗਲ ਵਿਚ ਵਜ਼ਨ ਜ਼ਰੂਰ ਹੈ । ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਵੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਹਦਾਇਤਾਂ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਦਿਹਾਤਾਂ ਵਿਚ ਮੁਕਰਰ ਹਦ ਤਕ ਖਰਾਬਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਥੇ ਕਿਸੇ ਨਾਲ relief ਦੇਣ ਵਿਚ ਵਿਤਕਰਾ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਸਹਾਇਤਾ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ।

ਦੂਜੀ ਗੱਲ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਂਦੀ ਗਈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਵਡੇ ਪੈਮਾਨੇ ਤੇ ਤਬਾਹੀ ਹੋਈ ਅਤੇ ਕਸਬੇ ਬਰਬਾਦ ਹੋਏ ਜਾਂ ਹੋਰ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਉਥੇ floods ਦੇ ਕਾਰਨ ਰੁਜ਼ਗਾਰ ਘਟਿਆ ਉਥੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ relief ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਜੋ ਹਰੀਜਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਦਦ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਸਰਕਾਰ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਨੋਟਿਸ ਲੈ ਚੁਕੀ ਹੈ ਪਰ ਅਜੇ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਜ਼ੇਰੇ-ਗੌਰ ਹੈ ਕੋਈ ਫੈਸਲਾ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਜਦੋਂ ਕੋਈ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਆਪ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਇਤਲਾਹ ਮਿਲ ਸਕੇਗੀ । ਜਦੋਂ ਤਕ ਸਰਕਾਰ ਮਦਦ ਦੇ ਸਕਦੀ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਇਕ ਹਦ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਹਦ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਸਰਕਾਰੀ ਖਜ਼ਾਨੇ ਤੇ ਵੀ ਬੋਝ ਪੈਂਦਾ ਹੈ । ਅਤੇ

[ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ]

ਇਸ ਦਾ ਭਾਰ ਕਿਸਾਨ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਵਿਚ ਤਨਾਸਬ ਨੂੰ ਮੱਦੇ-ਨਜ਼ਰ ਰਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਆਵਾਜ਼ ਉਠ ਸਕਦੀ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੁਨਾਸਬ ਹਦ ਹਰ ਵੇਲੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਹਰ ਸਮੇਂ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਦੀ ਹੈ ਔਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਹਾਇਤਾ ਦਿੰਦੀ ਹੈ। ਗੁੜਗਾਵਾਂ ਦੇ 25-30 ਪਿੰਡਾਂ ਦਾ ਮਸਲਾ, ਜਿਸ ਬਾਰੇ ਗੁੜਗਾਵਾਂ ਦੇ Member ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ, ਅਤੇ ਇਸ ਵਿਚ ਇਕ Deputy Minister ਦਾ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਆਇਆ ਅਤੇ Financial Commissioner ਦਾ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਜੋ ਕੁਝ ਵੀ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹੋ ਦੱਸਿਆ ਜੋ ਕਿ ਨਾਇਬ ਤਹਿਸੀਲਦਾਰ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਜਾਂਦਾ ਸੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਹਿਣਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵੱਲੋਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਪਹੁੰਚਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, ਮੈਂ ਇਸ ਬਾਰੇ ਪਹਿਲਾਂ ਦਰਿਆਫਤ ਕਰਾਂਗਾ ਔਰ ਅਗਰ ਕੋਈ ਕਸੂਰਵਾਰ ਜਾਪਿਆ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਮੁਨਾਸਿਬ ਕਾਰਵਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ। ਕੁਝ ਸ਼ਿਕਾਇਤਾਂ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਮੌਲਵੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਕ ਗੱਲ ਬਿੱਜੂ ਵਾਲੀ ਵੀ ਕਹੀ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਬਿਜੂ ਉਸ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਅੱਛੀ ਨਾ ਹੋਵੇ ਸ਼ਾਇਦ ਮੇਰੀ ਵੀ ਸ਼ਕਲ ਅੱਛੀ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਬੰਦਾ ਫੇਰ ਵੀ ਅੱਛਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜੇ ਕਰ ਉਹ ਅਛਾ ਕੰਮ ਕਰੇ। ਮੈਂ ਮੌਲਵੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਗੱਲ good spirit ਵਿਚ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਇਕ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ relief ਦੇਣ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਇਹ ਪਹਿਲਾਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਅਤੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਪਿਛੋਂ ਦਿਤੀ ਗਈ। ਇਸ ਦੇ ਮੁਤੱਅਲਿਕ ਮੈਂ ਇਹੋ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੌਲਵੀ ਸਾਹਿਬ ਵਕਤਨ ਫਵਕਤਨ ਆਪਣੇ ਹਲਕੇ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਜੇ ਕੋਈ ਖਾਸ ਚੀਜ਼ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰ ਉਸ ਦੀ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਕਰਦੇ ਕਿਉਂਕਿ ਮੈਂ ਜਾਣਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਵੀ ਕੋਈ ਤਕਲੀਫ ਦੀ ਗੱਲ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਉਹ ਅਰਜ਼ੀ ਪਰਚਾ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਕਰਦੇ ਹੀ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਕਦੇ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਨਹੀਂ ਆਈ ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਗੱਲ ਏਥੇ ਮਹਿਜ਼ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਦੀ ਖਾਤਰ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਵਰਨਾ ਅਸਲੀਅਤ ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੌਲਵੀ ਸਾਹਿਬ ਜੇ ਕੋਈ ਖਾਸ case ਸਾਡੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਉਣਗੇ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਰਫਾ ਕਰਨ ਦੀ ਪੂਰੀ ਪੂਰੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਾਂਗੇ।

ਡਾਕਟਰ ਮੰਗਲ ਸੇਨ ਜੀ ਨੇ ਬਾੜ੍ਹ ਪੀੜਤ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਇਸ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਕ ਗੱਲ ਕਹੀ ਕਿ ਹਜ਼ਾਰਾਂ refugees ਜਿਹੜੇ joint ਪੰਜਾਬ ਤੋਂ ਆਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਕਾਨ ਗਿਰੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਸਹਾਇਤਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਹੀ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਵਾਕਫੀਅਤ ਲਈ ਦਸ ਦਿਆਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ relief ਦੇਣ ਵਾਸਤੇ ਬਾਕਾਇਦਾ ਕਾਇਦੇ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਕੋਈ officer ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹੋ ਕੇ ਸਹਾਇਤਾ ਵੀ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਹਾਂ ਜੇ ਕੋਈ ਐਸਾ case ਉਹ ਮੇਰੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ

ਲਿਆਉਣਗੇ ਜਿਸ ਰਾਹੀਂ ਇਹ ਸਾਬਤ ਹੋਵੇ ਕਿ ਕਿਸੇ ਨਾਲ ਬੇ-ਜ਼ਾਬਤਗੀ ਹੋਈ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਮੁਨਾਸਬ ਕਾਰਵਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ। ਦੂਜੀ ਗੱਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਕਹੀ ਕਿ ਰੋਹਤਕ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਤਕਾਵੀਆਂ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀਆਂ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਇਕ question ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਵੀ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ urban area ਨੂੰ ਤਕਾਵੀਆਂ ਦੇਣ ਲਈ rules ਬਣੇ ਹੋਏ ਨਹੀਂ ਹਨ ਜਿਸ ਅਨੁਸਾਰ ਕੋਈ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਿਹਾ। ਅਸੀਂ ਹੁਣ ਏਥੇ ਵੀ ਸਹਾਇਤਾ ਦੇਣ ਲਈ rules ਬਣਾ ਰਹੇ ਹਾਂ ਮਾਰਚ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਅਮਲ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਡਾਕਟਰ ਮੰਗਲ ਸੈਨ ਜੀ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਖੁਸ਼ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਕਰਜ਼ੇ ਦੇਣ ਦੇ rules ਬਣਾਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਅਸੀਂ ਪਹਿਲੀ ਵਾਰ ਇਥੇ ਇਹ ਸਿਲਸਿਲਾ ਜਾਰੀ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ ਜਿਹੜਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਸੰਦ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਲਈ ਵੱਡੇ ਪੈਮਾਨੇ ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਹੁਣ ਵੀ ਵੱਡੇ ਪੈਮਾਨੇ ਤੇ ਕਰਜ਼ੇ ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹੈ।

ਬੀਜ ਦੇਣ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਵੀ ਸਹਾਇਤਾ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਗੱਲ ਵੀ ਪਸੰਦ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਸੱਜਣ ਨੇ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹੀ ਕਿ ਵੱਡੇ ਵੱਡੇ land-lords ਨੂੰ ਹੀ ਇਹ ਬੀਜ ਮਿਲਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਅਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਦਿਤਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨੇ ਬੀਜਣ ਲਈ ਕਣਕ ਮੰਗੀ ਜੇ ਉਸ ਨੇ ਉਹ ਵੇਚ ਦਿਤੀ ਤਾਂ ਇਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਬੀਜਣ ਵਾਸਤੇ ਕਿਤੇ ਹੋਰ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤੀ ਹੋਵੇਗੀ, ਖਰੀਦ ਕੇ ਜਾਂ ਆਪਣੀ। ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਲੋੜਵੰਦਾ ਨੂੰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜੇ ਕੋਈ ਜਟ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਚਾਹੇ ਉਹ ਵੱਡਾ ਹੋਵੇ ਚਾਹੇ ਛੋਟਾ ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਬਿਜਾਈ ਲਈ ਦੇਣੀ ਹੈ। ਕੋਈ ਉਸ ਤੋਂ ਫਾਇਦਾ ਉਠਾਵੇ ਯਾ ਨਾਂ। ਇਤਨਾ ਕਹਿੰਦਾ ਹੋਇਆ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਅਰਜ਼ ਸਮਾਪਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

3.00 p. m.

लोक कार्य मन्त्री (चौधरी सूरज मल) : डिप्टी सपीकर साहिब, मेरे साथी पंडित श्री राम शर्मा ने नुक्ताचीनी की और उस के बाद बाहर निकल गए। इस वक्त अगर वह यहां मौजूद होते तो थोड़ी बहुत नुक्ता चीनी उन्होंने Capital Project के बारे में की उनका जवाब उन के सामने देना चाहता था। बहरहाल मेम्बरान की गलत फहमी को दूर करके के लिए, जोकि पंडित जी ने पैदा करने की कोशिश की, यह अर्ज करना चाहता हूँ कि यहां पर जब शुरू शुरू में दुकानें बनीं तो वह दुकानें ऐसे तरीके से बनीं कि जो छोटे booths थे उन को हलवाइयों ने या जो restaurants चलाने वाले थे उन्होंने भी ले लिया। दुकानें चूंकि छोटी थीं, इसलिए उन में न खाने पकाने का सामान आ सकता था, न लोग बैठ कर रोटी वगैरह खा सकते थे और न ही चूल्हा वगैरह रखने की जगह थी। तमाम कूड़ा करकट वहीं पर डाला जाता था। लोग बरामदे में बैठ जाते थे, बरामदे में ही वह चूल्हे वगैरह लगा लेते थे जिसकी वजह से आमदो-रफ्त में रुकावट होती थी और खासी गन्दगी रहती थी। इस बात का नोटिस हमारे हैल्थ के महकमा ने लिया और कहा कि यह दुकानें छोटी हैं और हलवाई के काम के लिए ठीक नहीं हैं, आप बड़ी दुकानें लीजिए। वह कहने लगे कि हमें ऐसी दुकानें मिलती नहीं। इस पर सरकार

[लोक कार्य मन्त्री]

ने उन से कहा कि आप के लिए हम बड़ी दुकानें बनवा देते हैं आप यह दुकानें छोड़ कर वहां आ जाएं। उन में चीज़ें पकाने और बैठने का ठीक इन्तज़ाम होगा और गन्दगी नहीं फैलेगी। शहर की सुन्दरता खराब नहीं होगी। इस तरह उनकी मर्ज़ी से 17 दुकानें बना दी गईं और यह रियात की गई कि यह उन्हीं को दी जाएंगी जो दूसरी तरफ बैठे हुए हैं वरना अगर नीलामी होती तो सरकार को काफी ज़्यादा रुपया मिल सकता था और भारी किराए पर चढ़ाई जा सकती थीं। मगर सरकार ने सोचा कि इन हलवाइयों ने इस शहर में पहले आकर इस के बसाने में मदद की है, इन से रियायत की जाए। इसलिए उन को रियायती किराये पर यह दुकानें दी गईं। उन 17 आदमियों में से 16 आदमी तो अपनी पुरानी दुकानें छोड़ कर नई दुकानों में आ गए हैं मगर एक साहिब जिन को किसी बड़े आदमी की थोड़ी सी मदद हासल थी उसने वहां जाना मुनासब नहीं समझा और कहा कि मैं तो इसी दुकान में और काम करूंगा। इस सिलसिले में पंडित जी ने गिला किया है, एक दो दफा कहने की भी कोशिश की लेकिन बात चूंकि माकूल नहीं थी हम इन की खाहिश पूरी न कर सके। पंडित जी तो अपना गुस्सा निकाल कर चले गए लेकिन असलियत यह है कि किसी tenant के साथ बेइन्साफी नहीं की गई, किसी को दबाया नहीं गया। न सैक्रेटरी ने, न Under-Secretary ने कोई ऐसी बात नहीं की जिस से साबत हो कि किसी के साथ जुल्म हुआ है या ज़बर्दस्ती हुई है ? मैं उम्मीद करता हूं कि जो गलतफहमी पंडित जी ने मैम्बरान के दिल में पैदा करने की कोशिश की वह इन facts के पेशे नज़र पैदा नहीं होगी। आप यकीन रखें कि किसी tenant के साथ रियायत तो हो सकती है ज्यादती नहीं हो सकती। मुझे यही अर्ज़ करना था।

उद्योग मन्त्री (पंडित मोहन लाल): Deputy Speaker साहिब, एक दो बातें जो ज्यादा तादाद में मैम्बर साहिबान की तरफ से कही गई उन का जवाब ज्ञानी जी ने दे दिया है। कुछ बातें यहां पर सिर्फ दोहराई गई हैं। Supplementary Demands पर बहस के वक्त इन का जवाब दिया जा चुका है मगर मैम्बर्ज़ ने उस को ध्यान में नहीं रखा था नज़र अन्दाज़ कर दिया।

पंडित राम किशन जी ने दो बात कहीं। एक तो गवर्नर साहिब का जो House शिमले में है, उस के बारे थी। इस का जवाब तो दे दिया गया मगर इन्होंने उसे ध्यान में नहीं रखा। मैंने बताया था कि यहां पर गवर्नर साहिब Circuit House में ठहरे हुए हैं और उन्होंने खुद अपनी मर्ज़ी से यहां अपना राजभवन नहीं बनवाया बिना अपने सुख और आराम की परवाह किए जोकि उन्हें उस के बनने पर मिल सकता है। इस को तो पंडित राम किशन ने ध्यान में नहीं रखा लेकिन मैं उनको नावाकफियत पर हैरान हुआ जबकि उन्होंने कहा कि Prime Minister और President अगर दिल्ली में रह कर काम कर सकते हैं तो इन को क्या मुश्किल है और कहाकि air-conditioning की सुविधाएं यहां ही मिल सकती हैं तो गवर्नर साहिब यहां ही काम क्यों नहीं कर सकते। शायद पंडित जी को इस बात का ध्यान नहीं रहा, या इल्म नहीं या जान बूझ कर कह गए, मैं नहीं कह सकता कुछ भी हो मैं उन की वाकफियत के लिए अर्ज़ करूं कि राष्ट्रपति भवन शिमला में मौजूद है। वह वहां पर जाया ही करते हैं। सो यह मुकाबला करके पंडित जी ने गलती ही की है। और यह तो उस party से ताल्लुक रखते हैं, मैं नहीं कहता मगर आम सुना जाता है कि जिस की

policy तोड़ फोड़ की है। यह शायद सोचते हों कि उस सुन्दर राजभवन को इन के हवाले कर दिया जाए ताकि यह उसे अपने ख्याल के मुताबिक तोड़ फोड़ सकें। इन को शायद इस बात में कोई वज़न दिखाई देता हो मुझे तो इस में कोई अच्छी बात दिखाई नहीं देती। इन्होंने कोई suggestion भी नहीं दी (*interruption*)

मैं समझता हूं कि House की majority को यह बात पसन्द नहीं है। गवर्नर साहिब पर इस तरह से यहां पर बेबुनियाद नुक्ताचीनी करना ठीक नहीं जबकि उन्होंने खुद अपने comforts को sacrifice किया है।

दूसरी बात इन्होंने privy purses के बारे demand नम्बर 13 के बारे कही है। यह बहुत पुराना मसला है। इस पर बार बार कहना अच्छा नहीं है। कोई नई दलील या बात तो इस में आती नहीं। और खास तौर पर जहाँतक स्टेट गवर्नमेंट का ताल्लुक है कोई directly बात नहीं आती, इसलिए मैं हर चीज़ को बार बार नहीं दुहराऊंगा। मैं सिर्फ डिमांड नं० 13 के मुताल्लिक ही जवाब ूंगा। मुझे अफसोस है कि मेरे दोस्त इस को पढ़ कर नहीं आए और अगर पढ़ कर आए भी हैं तो उन्होंने इस पर मुनासिब ध्यान नहीं दिया। मैं मैम्बर साहिबान की वाकफियत के लिए यह जो explanatory memorandum है उसकी लाइें पढ़ कर सुनाता हूं।

> "In the year, 1953, it was decided by the erstwhile Pepsu Government, in consultation with the Government of India, that the Income-tax and Trustees expenses in addition to the annual allowance of Rs. 15,000 payable to Mrs. Olive J.K. Knight should be borne by the erstwhile Pepsu State. Consequently this liability had been undertaken by the Punjab Government after integration of Pepsu".

तो यह एक साधारण बात है जिसको समझना बड़ा आसान है कि पहले जो पैप्सू स्टेट थी उसका एक फैसला Government of India की सलाह स हुआ और जैसा कि आप जानते हैं कि उस वक्त के जो फैसले हैं वह यह सरकार honour bound है और हम ने उन पर पाबन्दी रखी है। इसलिए, यह जो allowance वगैरह दिए जाएं या income-tax दिया जाए उसके लिए हम ऐतराज़ नहीं कर सकते जैसा कि मैम्बर साहिबान ने किया है। अगर सरदार आत्मा सिंह यहां होते तो अच्छा होता लेकन अब वह उठ कर चले गए हैं। उन्होंने अपने बाजुओं को ऊंचा ऊंचा हिला कर बातें कहीं और मैंने उन को उस वक्त बहुत खुश देखा जबकि मौलवी अब्दुल ग़नी डार speech कर रहे थ। उनकी खुशी उनको मुबारिक हो लेकिन मैं उनको मुहतात किए देता हूं कि मौलवी साहिब की हमदर्दी सोच सममझ कर इस्तेमाल कें वरना कहीं यह महंगी न पड़ जाए। मैं मौलवी साहिब की उस चाल में फंस कर इस वक्त कुछ नहीं कहना चाहता जिसम कि वे फंसाना चाहते हैं। उहोंने आन्दोलन करने वालों की अब वकालत की है जबकि आन्दोलन खत्म हो गया है। और गवर्नमेंट ने जब मुकदमे वापस ले लिए तो मौलवी साहिब कहते हैं कि उन लोगों पर मुकदमे क्यों नहीं चलाते।? तो इससे आप लोग अंदाज़ा लगा सकते हैं कि मौलवी साहिब स० आत्मा सिंह के साथ कितनी हमदर्दी रख ते हैं। और वह कहते कहते यहां तक कह गए कि अगर मौलवी साहिब को अख्तियार होता तो Planning Commission पर और Power Minister पर मुकद्दमा चलाते लेकिन उन की नीयत

[उद्योग मन्त्री]
देखते हुए अल्लाहमियां ने पहले से ही यह ठीक नहीं समझा कि उन्हें कोई अख्तियार मिलता और न ही उन्हें कभी मिलेगा। हमारी गवर्नमेंट के काम के बारे में जहां तक ताल्लुक है उसके बारे में मैं यह कह सकता हूं कि उसने तथा उसके चीफ मिनिस्टर ने बहुत अच्छा काम किया है और चीफ मिनिस्टर को इस स्टेट के साथ जितनी दिलचस्पी है वह सब बताने के लए काफी समय चाहिए। जो मौलवी साहिब कहते हैं उसके सुनने के हम आदि हो गए हैं।

रोहतक के एक मैम्बर साहिब ने यहां पर speech की। अब वह इस समय यहां बैठ नहीं हैं लेकिन मैं उनके बारे में यही कहना चाहता हूं कि वह अपनी मनमानी बात करते हैं। पिछली दफा, डिप्टी स्पीकर साहिब, स्पीकर साहिब ने कहा था कि उनकी बात को seriously न लिया करो, इसलिए एक दफा मैंने उनकी बात का जवाब भी नहीं दिया था और आज भी मेरा वही विचार है कि उनकी बातों का मैं कोई नोटिस न लूं। यह सब जानते हैं कि उनकी ज़बान ही काबू में नहीं है और यह भी हो सकता है कि उनके अपने ख्याल भी उनके काबू में नहीं। लेकिन जो बात State trading बारे में उन्होंने कही उस के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि उनके दिमाग पर किसी सरमायेदार के पैसे का असर है और इसलिए हक़ पूरा करने के लिए वह यहां बार बार यह बात कहते हैं। आज मैं State trading के बारे में ज्याद नहीं कहना चाहता क्योंकि मैं पहले भी कई बार अच्छी तरह से इस के बारे में बतला चुका हूं। मैं यह फिर कहता हूं कि यह जो State trading है वह middle class के लिए है और growers and consumers दोनों के लिए है और यह बात मैं दावे से कह सकता हूं कि उस वक्त से पंजाब में इन सब का interest safeguard किया गया है जब से हम ने state trading की है। इससे पहले कभी नहीं हुआ था। इतना मैं जानता हूं। (*cheers*)

ਸ੍ਰੀ ਰਾਮਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : ਇਸ ਤੇ ਕਾਇਮ ਵੀ ਰਹਿਣਾ ।

एक Magistrate हर उस आदमी से जो किसी भी कारणवश Court में आए, सज़ा देकर, जुर्माना करके इस तरह से wrestling match के टिकट बेचे यह कहां तक जायज है। दस रुपए जुर्माना की सज़ा सुनाए और 5 रुपए का टिकट बेचे और 5

रुपए जुर्माने की पर्ची दे, यह कहां का दस्तूर है। जब उस ग़रीब रिक्शा वाले ने इस पर protest किया तो उसे धक्के मार के बाहर निकाल दिया गया। हम यह बात D. C. के नोटिस में लाए, Chief Minister के नोटिस में लाए और Chief Justice के नोटिस में लाए कि किस तरह से steno ने अपने हाथ से यह पर्चियां काटीं। Sessions Judge ने सारी बात verify की मगर Chief Minister साहिब कहते हैं, steno ने ग़लती की होगी। मैं यह सारी चीज़ Table पर रख रहा हूं। अगर Chief Minister साहिब corruption को खत्म करना चाहते हैं तो इस की enquiry कराएं और मैं पूरे ज़ोर से कहना चाहता हूं कि अगर यह बात साबत न हो तो मैं अस्तीफा देने के लिये तैयार हूं। (Opposition benches की तरफ से तालियां)

श्री उपाध्यक्ष : Order please. अगर आप individual शिकायतें लिख कर मेज़ पर रखने लगे तो यह ठीक न होगा। I will not allow individual complaints to be placed on the Table. (Order please. It will not be proper if the hon. Members start placing individual complaints on the Table of the House. I will not allow individual complaints to be placed on the Table.)

श्री बलराम दास टण्डन : मैं challenge करता हूं कि Chief Minister साहिब भी मैदान के अन्दर आएं।

दूसरी बात मुझे Municipalities के बारे में करनी है। सुनाम की municipality के President को कहा गया कि अगर तुम Council के लिये हमें vote न दोगे तो तुम्हें remove कर दिया जाएगा। फिर पठानकोट municipality में एक Engineer है। उस ने अपने एक ग़रीब रिश्तेदार के नाम, जिस के पास 10 रुपए भी नहीं हैं, 420 करके tender ले लिया। इस बारे में चार enquiries हुईं और सब ने एक ही बात कही कि यह case clear corruption का है। क्योंकि जिस दिन tender लिया गया उसी दिन उस engineer के bank account में से ज़रूरी रुपया निकाला गया और जिस दिन payment हुई उस दिन वह उस के हिसाब में जमा हुई। और यह clear बात है कि वह President का रिश्तेदार है। फिर सब से ज्यादा ग़लत बात यह है कि जो काम Executive Officer ने करना है वह खुद President करता है। इस तरह एक धांधली मची हुई है। और वज़ीर साहिब फरमाते हैं कि उसे जो suspend किया गया वह ग़लती थी, इस लिये उसे हम ने re-instate कर दिया है। उस के खिलाफ चार enquiries हुईं, Examiner Local Self Government Accounts ने enquiry की, Executive Officer ने enquiry की (घंटी) सभी यही बात कहते हैं कि उस ने corruption की। बस जी मैं एक और बात कह कर अपने स्थान पर बैठ जाऊंगा।

[श्री बलराम दास टण्डन]

यहां पर सरकार की तरफ से बार बार कहा जाता है कि हम Administration को ऊँचा कर रहे हैं, इसे अच्छा बना रहे हैं। इस का मुज़ाहरा मैं ने अमृतसर के अन्दर देखा। District Industries Office में एक meeting loans बांटने के बारे हो रही थी कि वहां पर Chief Minister साहिब के साहिबज़ादे पहुँचे और District Industries Officer, जो उस meeting में बैठा था को चपड़ासी के ज़रिये बाहर बुलवा भेजा। चूंकि हम भी वहां बैठे थे हम ने कहा कि आप meeting से उठ कर इस तरह बाहर नहीं जा सकते। उस बेचारे को कहना पड़ा कि इस वक्त मैं नहीं आ सकता। उस ने कहा कि सरदार गुरिन्द्र सिंह कैरों आप को बाहर बुला रहे हैं आप बाहर आएं। उस बेचारे को कहना पड़ा कि इस वक्त मैं नहीं आ सकता। फिर दोबारा चपड़ासी आया कि उन्हों न हुक्म दिया है कि आप इस meeting से उठ कर एक मिनट के लिये बात सुन जाएं। हम ने कहा कि तुम नहीं जा सकते। उस बेचारे को फिर कहना पड़ा कि मैं नहीं आ सकता। इस के बाद उन को driver आया और कहने लगा कि वह कहते हैं कि एक मिनट के लिये आ जाओ। हम ने कहा कि नहीं आ सकते। मैं यह अपनी आंखों देखी बात बता रहा हूँ। डिप्टी स्पीकर साहिब, अब आप ही बताइए कि administration कैसे अच्छी हो सकता है। जब तक कैरों साहिब अपने लड़कों को बैठा कर यह नहीं कहते कि उन्हें इस तरह का रवैया दूर करना चाहिये क्योंकि वह भी एक साधारण आदमी की तरह से ही हैं, तब तक इस प्रकार की बातें खत्म नहीं हो सकतीं। (घंटी)

डिप्टी स्पीकर साहिब, जहां तक पंजाब की तरक्की का ताल्लुक है, यह उस वक्त तक नहीं हो सकती जब तक इसके पिछड़े हुए इलाकों को ऊपर नहीं उठाया जाता और खास तौर से जब तक हरियाना को ऊपर नहीं उठाया जाता तब तक पंजाब की तरक्की की बातें करना अधूरा है। आज यह देखा जाता है कि पंजाब सरकार अपने border के इलाकों के लिये कोई स्कीम नहीं बना रही है और न services के लिये ही कुछ कर रही है। इसी तरह से भाषा के आधार पर जो बातें चल रही हैं उनको सरकार सुलझा नहीं रही बल्कि और हवा देने की बातें कर रही है और बराबर हर क्षेत्र में discrimination चल रही है। तो मैं यह कहना चाहता हूँ कि जब तक यह discrimination दूर नहीं होती और planning का काम जो अधूरा रह गया है उसे पूरा नहीं किया जाता तब तक इस पंजाब प्रदेश की तरक्की नहीं हो सकती। जो रुपया प्लैन में रखा हुआ है अगर उसका 40 फी सदी हरियाने के लिये और 20 फी सदी पहाड़ी इलाके के लिये खर्च नहीं किया जाता तब तक यह सरकार पंजाब को ऊपर नहीं उठा सकती। (घंटी) अंत में डिप्टी स्पीकर साहब, मैं फिर यही कहना चाहता हूँ कि जब तक इस प्रकार की Discrimination दूर नहीं होती तब तक तरक्की नहीं हो सकती।

चौधरी लहरी सिंह (गनौर) : डिप्टी स्पीकर साहिब, बजट के पढ़ने से यह मालूम होता है कि हमारे यहां जो बड़ी भारी problem है उसकी तरफ सरकार का ध्यान नहीं गया और हक़ीक़त यह है कि कई सालों से बरसात के कारण water-logging बढ़ती जा रही है और उसके नतीजे के तौर पर शोरा और कल्लर पैदा हो रही है। यह समस्या

हमारे ज़िले में और भी भयंकर रूप धारण करती चली जा रही है। आप अंदाज़ा लगाइए रोहतक और हांसी का कि जहां पर ग़रीब किसान के लिये रोटी मुयस्सर नहीं है अगर वहां पर उसकी ज़मीन खराब हो जाए तो फिर क्या हाल होगा और वह किस तरह से ज़िन्दा रहेगा ? वैसे वहां के लोगों का उत्साह सराहना के काबिल है क्योंकि वहां पर जितने हाई स्कूल बने, मिडल स्कूल बने लोगों ने खूब पैसा दिया। और फौज में भी रोहतक ज़िला अपना ज्यादा हिस्सा देकर देश की खिदमत कर रहा है लेकिन अगर ज़मीन water-logged होती गई और खेत बरबाद होते गए तो न तो वहां से पैसे की इमदाद गवर्नमैंट को हो सकती है और न ही फौज में जाने के लिये अच्छा stuff मिल सकता है। आज 5, 6 वर्ष हो गए जब से Minister साहिब, डिप्टी कमिश्नर साहिब का और सभी अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाता रहा हूँ, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। वहां पर ड्रेन नम्बर 8 है जिसमें करनाल का पानी, अम्बाला का पानी, रोहतक का पानी बह कर झज्झर तहसील में चला जाता है। उसके निकास के लिये आज तक प्रबन्ध नहीं किया गया जिसका नतीजा यह हुआ कि करीबन 40, 50 गांव सेमज़दा हो गए। मैं हर साल याद दिलाता रहा और अगर देखना चाहें तो आए साल की स्पीचें निकाल कर देख लीजिए। मैंने बार बार यह कहा कि झज्झर तहसील पर मेहरबानी करो लेकिन कभी कोई बहाना बनाया तो कभी कोई और। नौबत यहां तक पहुँच गई कि उसकी हालत खराब हो गई। इसके बरअक्स हुआ यह कि करनाल ड्रेन, को नम्बर 8 ड्रेन में डाल दिया गया और रोहतक का, सींखमारा का, व वजीदा का पानी भी उसी में डाल दिया गया और फिर नतीजा क्या निकला ? यह आप सब लोगों को मालूम है कि बड़ी ज़बर्दस्त बाढ़ आई और सारे इलाका में पानी ही पानी हो गया। फिर बड़े बड़े हवाई जहाज़ आए और 3 करोड़ रुपया water logging दूर करने के लिये रखना पड़ा और पानी निकालने में बेहद खर्च हुआ। लेकिन जो मैं कहता रहा उसकी तरफ सरकार का ध्यान नहीं गया। उस वक्त कौड़ियों से काम निकल सकता था और आज भी इतना खर्च करने के बाद हालत यह है कि झज्झर के 20 गांव पानी से भरे हुए हैं। वहां से एक link channel जो निकालनी है उसका प्रोग्राम बन चुका है और estimate भी उसका 3 लाख का है लेकिन इन की demand है सिर्फ 28 हज़ार की। मैं समझता हूँ कि बजट के अन्दर यह एक मज़ाक है। P.W.D. मिनिस्टर उसी इलाके के रहने वाले हैं, अगर कोई ग़लती हो तो बतला दें और खुद मेहरबानी करके ज़रा इस बात पर रोशनी डाल दें। मैं उन्हें बतलाना चाहता हूँ और सरकार की वाकफियत के लिये यह बतला देना चाहता हूँ कि वहां पर इफरात से मज़दूर मिल सकते हैं, इसलिये काम जल्दी से जल्दी शुरू करना चाहिये और जो सहायता वहां से मिलती है उसे ले कर काम की तेज़ी बढ़ानी चाहिये। क्योंकि अगर इस वक्त काम न किया गया तो फिर बरसात आते ही सारा काम बन्द हो जाएगा। इसके बाद दूसरी बात रोहतक ज़िले में जुआं ड्रेन है जिससे रोहतक की तहसील खराब हो गयी, झज्झर की तहसील खराब हो गई। और बहादुरगढ़ का सारा थाना भी खराब हो गया है। जहां जहां यह जुआं ड्रेन है वहां पर खराबी हुई है और उससे बिजली के पावर स्टेशन को खतरा था और कई गांवों को खतरा था। जुआं ड्रेन के बारे में कहते हैं कि थर्ड प्लैन में आठ लाख रुपया रख दिया है लेकिन इस साल इस के लिये

[चौधरी लहरी सिंह]
एक पैसा भी नहीं रखा। इस वक्त ड्रेन नं० 8 सारे इलाके के लिये problem बनी हुई है। हमें खुशी है कि इस का पानी divert करके जमुना में डालने की स्कीम है लेकिन जहां इसके लिये सप्लीमेंट्री बजट में 6 लाख का एस्टीमेट था इस में कुछ भी नहीं रखा गया और इतनी लम्बी drain इतनी थोड़ी रकम में से पूरी नहीं हो सकेगी। मैं मिनिस्टर साहिब चौधरी सूरज मल और चीफ मिनिस्टर साहिब से अर्ज़ करूँगा कि drain नं० 8 को जल्द मुकम्मल किया जाए। जितना रुपया रखा गया है उस से यह मसला हल होने वाला नहीं। इलाका के लोग इतने नाराज़ हैं कि अगर उन की जायज़ demand को पूरा न किया गया और उन के खेतों को मोरी न दी गई तो उन्हें सम्भालना मुश्किल हो जाएगा।

दूसरे मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि इस बजट के अन्दर एक स्कीम एक साल रख दी जाती है और अगले साल उसी तरह से उस का ढांचा रख देते हैं। तीसरे साल फिर वही स्कीम बजट में आ जाती है। कई स्कीमें 1956-57 से बजट में चली आ रही हैं और आए साल बजट में आ जाती हैं। मिसाल के तौर पर Dobetta Construction है। इस में 3 लाख 17 हज़ार रुपया रखा गया है:

> "Constructing Dobetta Drain Estimated Cost—Rs. 3.04 lakhs. The drain is proposed to be constructed to avoid damage to property and crops by flood water for villages, Dobetta, Saragthal, Juli, Katwal, Rewar Rithal Anwali, This drain will start from Dobetta Jheel and the outfall is in West Juan Drain. This will benefit 266,000 acres of area in Rohtak District. It has been disigned for a runof 14 cs. per square mile and is proposed to be dug for 2 cs. per sq. mile of catchment area. The work is of essential nature......"

पिछले साल के बजट में यही अल्फाज़ थे, 1956 में यही थे, 1957 में यही थे, 1958 में यही थे, 1959-60 में भी यही थे और पिछले साल भी वही repeat किए गए थे। यही हाल घड़वाल drain का है। तीन साल से यह स्कीम चली आ रही है लेकिन जब देखो यह पता चलता है कि इस से पहले इस के बारे में सोचा ही नहीं था। इस किस्म की और भी drains हैं। मैं यह अर्ज़ करूँगा कि कम से कम बजट में यह तो ज़ाहर कर दें कि यह पहले साल भी थी, दूसरे साल भी हमारी ग़लती रही और हम नहीं कर सके। आए साल proposal दिखला देना और complete न करना यह बहुत बुरी बात है।

आखिर में मैं एक बार फिर दरखास्त करना चाहता हूँ कि हमारे इलाके के छोटे छोटे ज़मींदारों की आमदन का ज़रिया कोई नहीं है। अगर उन की यही हालत रही तो आगे elections आने वाले हैं और इसी तरह उन के घरों के सामने पानी खड़ा रहा और खेतों का बुरा हाल रहा तो वही हाल होगा जो 1946 की elections में हुआ था।

श्री रूप सिंह फूल (हमीरपुर, 'रिज़र्वड') : डिप्टी स्पीकर साहिब, घाटे का बजट काबिले तारीफ नहीं होता लेकिन जब कोई शख्स मजबूर हो और उसे ज़्यादा अख़राजात करने का सामना करना पड़े तो मजबूर हो कर उसे वह अख़राजात करने पड़ते हैं—

मजबूर बशर जब होता है तो दिल की हालत मत पूछो
जिस काम से उस को नफरत हो वह काम भी करना पड़ता है

जिन हालात से पंजाब स्टेट को या हमारे मुख्य मंत्री को दो चार होना पड़ा और जिन तहरीकों का उसे मुकाबला करना पड़ा उन को मद्देनज़र रखते हुए अगर मैं यह कह दूं कि बावजूद मुख्तलिफ

किस्म की तकलीफों और रुकावटों के The hon. Chief Minister has been able to carry the State to the unprecedented heights of achievements in various fields of developmental activities in their diverse forms and for that purpose, Mr. Deputy Speaker, Government has to present a deficit Budget for the reasons as explained above. मगर डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ कर दूं कि जिन कलर्कों के सिर पर यह बजट बनाया गया है यानी तीसरी क्लास के सरकारी मुलाज़म जो रात दिन काम कर के Budget की compilation करते हैं उन की तनखाहों में कोई इज़ाफा नहीं किया गया हालांकि गवर्नमैंट ने दर्जा चार के मुलाज़मों की तनखाहों में इज़ाफा कर के काबिले तारीफ काम किया है। सदरे मोहतरिम, गवर्नमैण्ट ने एलान किया कि Police Commission कायम कर दिया है और मुझे इस बात का फख्र है कि मेरे ज़िले के श्री महाजन retired Chief Justice of India उस कमीशन के Chairman मुकर्रर किए गए हैं। मगर मुझे इस बात का खदशा है कि इस कमिशन की सिफारिशात को implement करने में नामालूम गवर्नमैंट कितनी देर लगा देगी। Police Constables की तनखाहों और फरायज़ का मुकाबला दूसरी services के साथ किया जाए तो पता चलेगा कि उन की तनखाहें बहुत कलील हैं। इस के मुतअल्लिक गवर्नमैण्ट को जल्द से जल्द बंदोबस्त करना चाहिये।

फिर, डिप्टी स्पीकर साहिब, गवर्नमैंट ने चंद पसमांदा जातियां करार दी हैं मगर उन को पसमांदा करार देने की जो प्रणाली है वह मेरी समझ में नहीं आई। गद्दी कौम है जिन को Scheduled Tribes में शामिल करना चाहिये था मगर अभी तक वह जाति पसमांदा जातियों में शामिल नहीं हुई। वे लोग भेड़ बकरियां चराने का काम करते हैं और पहाड़ों में रहते हैं। उन की तरफ से बार २ दरखास्तें गुज़ारी गईं मगर उन्हें पसमांदा जातियों के ज़ुमरे में शामिल नहीं किया गया और न ही उन्हें वह रियायतें दी गई हैं जो पसमांदा जातियों को मिलती हैं। यह बहुत भारी कमी है। डिप्टी स्पीकर साहिब, आप देखते हैं कि हरिजनों के उद्धार के लिये काफी कुछ किया जा रहा है लेकिन अगर Block Development Scheme को देखें तो हरिजन उद्धार के लिये कोई रकम मखसूस नहीं की गई हालांकि ऐसा होना बहुत ज़रूरी है। गवर्नमैंट की यह policy है कि पसमांदा इलाकों और जातियों को उन्नति के रास्ते पर लाया जाए और हर शोहबाये ज़िन्दगी में तरक्की-याफ्ता जातियों के हम पहलू बिठाया जाए। आप किसी Development Block का काम देखें और उन के हिसाब किताब की पड़ताल करें तो पता लगेगा कि हरिजनों के लिये कोई रकम मखसूस नहीं की गई। हरिजनों के लिये colonies बनाने की स्कीम है। Harijan Welfare Board द्वारा Government से दरखास्त की गई है कि जहां 2 हरिजन बैठे हुए हैं उन गांवों में उन्हें ज़मीन दे दी जाए लेकिन अभी तक इस पर ग़ौर नहीं हुआ।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिब, पहाड़ का इलाका पंजाब में कितना फैला हुआ है। एक तरफ ज़िला कांगड़ा और कंडा घाट है और दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश लगता है। एक वक्त था कि हिमाचल प्रदेश ज़िला कांगड़ा के इलाके के मुकाबले में कम तरक्की-याफ्ता था लेकिन आज यह हालत है कि ज़िला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश से तरक्की में कोसों दूर है। इस का

[श्री रूप सिंह फूल]
कारण यह है कि सरकार की तरफ से पहाड़ी इलाकों की development के लिये इस कदर रक्म नहीं दी जाती जितनी कि दी जानी चाहिये। हिमाचल प्रदेश में सैंकड़ों मील सड़कें पुख्ता बन गई हैं। हमीरपुर तहसील इस के साथ लगती है। गो हमारे लोक कार्य मंत्री चौधरी सूरज मल और नायब वज़ीर श्री तालब साहिब हमारे इलाके में गये और उन के जाने से हमारे इलाके के लोगों पर काफी अच्छा असर पड़ा लेकिन उस तहसील में एक इंच भी सड़क अभी तक पुख्ता नहीं हुई। जब वे जाते हैं तो पब्लिक को ज़रूर कुछ एहसास होता है कि शायद उस इलाके की development करने का गवर्नमैण्ट के दिल में ख्याल है। हिमाचल प्रदेश के साथ जितनी सड़कें लगती हैं उन का पंजाब स्टेट को ख्याल रखना चाहिये कि वह जल्दी से जल्दी पुख्ता हो जाएं ताकि पब्लिक के दिल में यह ख्याल पैदा न हो कि पंजाब स्टेट में हिमाचल प्रदेश के मुकाबले में हमारा कम ख्याल किया जा रहा है।

डिप्टी स्पीकर साहिब, मेरे मुअज़िज़ दोस्त ने Waterlogging के मुतअल्लिक ज़िक्र किया। यह दुरुस्त है कि उन्हें वहां बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता है। मैं गवर्नमैंट का ध्यान ज़िला कांगड़ा की तरफ दिलाना चाहता हूँ। Erosion की रोक थाम के लिये गवर्नमैंट ने जितना रुपया दिया है वह नाक़ाफी है। ज़िला काँगड़ा में बहुत से घास फूस के मकान होते हैं और सैंकड़ों मकान आग की नज़र हो जाते हैं। तहसील ऊना में भी यही हालत है। सरकार ने इस के लिये कोई रक्म मख्सूस नहीं की। Red Cross Fund के मुतअल्लिक एक बात बताना चाहता हूँ। चार साल पहले एक गांव में मकान जल गया। लोगों ने दरखास्तें दी। तीन चार साल के बाद फैसला हुआ कि 25 रुपए दे दिए जाएं। मैं कहूँगा कि Relief delayed is relief denied. अगर किसी आदमी का सारा मकान जल जाए तो 25 रुपए relief के तौर पर देने का क्या मतलब। इसलिये, मैं अर्ज़ करूँगा कि आग की वजह से या ज़्यादा बारिश की वजह से जो नुक्सान होता है उन के लिये बजट में खास रक्म मुहैया की जाए और इस रक्म की allocation tehsil-wise की जानी चाहिये।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिब, गवर्नमैंट की यह पालिसी है और अभी २ असैम्बली में एक सवाल के जवाब में बताया गया था कि खाविंद और बीवी अगर Government service में हों तो उन्हें एक मकाम पर post किया जाए लेकिन इस पालिसी पर अमल नहीं किया जा रहा। हमीरपुर में एक Headmaster है। उस की धर्मपत्नि Headmistress है और वह एक बहुत दूर मकाम पर post हुई हुई है। मैं समझता हूँ कि जब गवर्नमैंट एक पालिसी का एलान करती है तो उस का फर्ज़ हो जाता है कि वह उस पर कारबंद रहे। अगर उधेड़ उम्र के बीवी और खावंद अलहदा २ रहें तो कोई खास बात नहीं लेकिन newly married couple को एक दूसरे से जुदा रख कर उन्हें क्यों तड़पाया जाता है। इस से साफ ज़ाहिर होता है कि हकूमत की जो instructions होती हैं उन पर सख्ती से अमल दरमद नहीं किया जाता। हकूमत ने instructions दी हैं कि उसी तहसील के जो छोटे मुलाज़मीन हैं, जो मुख्तलिफ महकमों में काम करते हैं उन को वहीं पर लगाया जाए। लेकिन यह instructions केवल paper पर ही हैं इन पर अमल नहीं किया

जाता । कांगड़े के constables और Head constables बाहर भेज दिए गए हैं जिन की तादाद 50 के लग भग होगी । उन की सारी उमर कांगड़े में service करते गुज़री है । अब बुढ़ापा आया है तो किसी को गुरदासपुर और किसी को जालंधर भेज दिया गया है । बारहा उन के बारे में कहा गया है कि उन को वापस अपने इलाके में भेज दिया जाए । गवर्नमैंट ने as a policy इस बात को मान लिया है कि उन को वापस भेज देना चाहिये लेकिन इस बात पर अमल नहीं हो रहा । एक और बड़ी ज़रूरी बात ज़िला कांगड़ा के बारे में मैं कहना चाहता हूँ । वह मरला टेक्स के बारे में है । इस पर काफी चेमेगोइयां हुई हैं । अगर बाकी इज़ला के साथ कांगड़ा का मुकाबला किया जा ए तो उस की per capita आमदनी बहुत कम है । ज़िला कांगड़ा economically at the lowest eblb है लेकिन जो शरह टेक्स पंजाब में है वही शरह मरला टेक्स की कांगड़ा में भी आयद कर दी है । मुख्तलिफ पार्टियों की तरफ से हकूमत के पास यह अर्ज़दाश्तें भेजी गई हैं, representations हुए हैं कि ज़िला कांगड़ा को मरला टेक्स से मुस्तसना किया जाए और अगर यह बात मुमकिन नहीं तो कम से कम जो मरला टेक्स की शरह है उस को बिलकुल कम कर दिया जाए और वह भी सिर्फ शहरों में ही लगाया जाए छोटे छोटे गांवों में ग़रीब जनता पर उसे नहीं लगाया जाना चाहिये । मैं समझता हूँ कि यह बहुत ज़रूरी है । मुझे आशा है कि हकूमत यह कदम उठा कर ज़िला कांगड़ा के ऊपर यह एहसान ज़रूर करेगी । इस से आगे मैं आप की इजाज़त से भाकड़ा डैम की तरफ अपनी हकूमत की तवज्जुह दिलाना चाहता हूँ । जिस जगह पर भाकड़ा डैम बन रहा है उस गोबिंद सागर का दायां किनारा मेरी Constituency हमीरपुर तहसील में है और उस का दूसरा किनारा बिलासपुर स्टेट, हिमाचल प्रदेश में है । जब भाकड़ा डैम बनाया गया तो मेरी Constituency में से हज़ारों लोग उजड़ कर चले गए । वे समझते थे कि बड़े फायदे के लिये छोटे फायदे की परवाह नहीं करनी चाहिये । मैं वही शब्द अब भी दोहराना चाहता हूँ जो कि मैं ने पिछले साल कहे थे कि हम लोगों ने अपनी मृत्यु स्वीकार कर के भारतवर्ष के दूसरे हिस्सों को जीवन प्रदान किया है । लेकिन मेरी constituency का वह कोसरी गांव जो कि गोबिंद सागर का एक हिस्सा था और जिस जगह पर भाखड़ा डैम बना है हम से छीन कर ज़िला होशियारपुर में मिला दिया गया है । मैं पूछता हूँ कि क्या हम पहाड़ी लोगों के साथ यह बेइनसाफी नहीं है । हम ने इस के लिये बीसियों तकलीफें उठाई । लेकिन जब वह वक्त आया कि ज़िला कांगड़ा का नाम रौशन होता तो उस गांव को छीन कर दूसरे ज़िले के साथ मिला दिया गया है । मुझे मालूम नहीं है कि इस बात में क्या मसलहत थी । मैं कहना चाहता हूँ कि उस गांव को फिर हमें वापस दे दिया जाए ताकि हमारे लोगों की दिल शिकनी न हो । डिप्टी स्पीकर साहिब, आप जानते ही होंगे कि अब पोंग डैम बन रहा है । वहां से 119 गांव उजाड़े जाएंगे । वह इलाका ज़िला कांगड़ा का सब से ज़्यादा उपजाऊ इलाका है । जो लोग वहां से उजाड़ें जाएंगे अगर उन को फौरन ही बसाने का इन्तज़ाम न हुआ तो ठीक नहीं होगा । यह तो मैं मानता हूँ कि इस काम में एक दो साल तो लग ही जायेंगे लेकिन इस बात का पता नहीं है कि उन लोगों को उठा कर कहां पर फैंक दिया जाएगा । मैं डरता हूँ कि कहीं उन को जुदा जुदा इलाकों में जिन के रस्मोरिवाज उन के रस्मोरिवाज से मिलते जुलते न हों, जिन का खाना

[श्री रूप सिंह फूल]
पीना और पहरावा उन से न मिलता हो, में न बसा दिया जाए। उन को खास तौर पर पहाड़ी इलाकों में बसाने की कोशिश की जानी चाहिये।

डिप्टी स्पीकर साहिब, यह कहा जाता है कि ज़िला कांगड़ा को स्विटज़रलैंड बना दिया जाएगा और Tourism के लिये, काफी रकम रखी गई है। लेकिन अगर आप वहां पर तशरीफ ले जाएं तो आप को मालूम होगा कि वहां पर रिहायश का खातरखाह बंदोबस्त नहीं है। अमीरों के लिये फिर भी थोड़ा बहुत इंतज़ाम है क्योंकि वे पैसे खर्च कर सकते हैं लेकिन जिन लोगों की आमदनी कम है और जो पैसा खर्च नहीं कर सकते उन के लिये वहां रहने का कोई इन्तजाम नहीं है। इस का मतलब यह होगा कि हकूमत को जो आमदनी tourism से होनी है वह नहीं होगी। जो लोग वहां जाएंगे और उन की रिहायश का खातरखाह बंदोबस्त नहीं होगा तो वे वापस आ कर दूसरे लोगों में प्रचार करेंगे कि वहां क्यों जाएं, वहां पर खाने पीने, रिहायश की या दीगर सहूलतें नहीं हैं। ज़िला कांगड़ा में बहुत से मकाम इस मतलब के लिये चुने गए हैं। मसलन सुजानपुर, धर्मसाला, बैजनाथ नादौन और कुल्लू ऐसे मकाम हैं जहां पर Tourists जा सकते हैं लेकिन वहां पर किसी मकाम पर एक भी बंगला उन के रहने के लिये नहीं बनाया गया। यह बात हकूमत के काबले तवज्जुह है।

ज़िला कांगड़ा में कितने स्कूल ऐसे हैं जिन की इमारतें काबले मुरम्मत हैं। बीसियों पटवार खाने ऐसे हैं जिन की इमारतें काबले मुरम्मत हैं। मुरम्मत के लिये कम रकम मखसूस की जाती है और जो की भी जाती है वह साल के आखिर में दी जाती है। Special Development Fund में से सड़कें बनाने के लिये ज़िला कांगड़ा में एक रकम जनवरी के आखिर में पंचायतों को मिली। 24, 25 जनवरी को इत्तलाह जाती है कि पंचायतें इस fund से काम शुरू कर दें। तीसरे दिन फिर चिट्ठी जाती है कि कामों के completion certificates भेज दिए जाएं। अब आप मुझे बताएं कि वह कौन सा रास्ता है जिस से किसी गांव में तीन दिन के अंदर अंदर हज़ारों रुपए क खर्च की सड़क बनाई जा सकती है ? दूसरे मानों में जो रिपोर्ट की जाए वह झूठी की जाए। इस लिये यह जो रुपए ऐसे कामों के लिये मखसूस किए जाते हैं यह शुरू साल में ही दिये जाने चाहिएं।

कांगड़ा में बहुत सी नई सड़कें बनाई गई हैं। P.W.D. वाले जानते हैं कि पहाड़ में नई सड़क बनाना आसान काम नहीं है। काफी से ज़्यादा नई सड़कें बनाई गई हैं लेकिन एक बार तो सड़क बना दी जाती है बाद में वह ज़्यादा बारिश की वजह से ख़राब हो जाती है। बारहा हकूमत से दरखास्त की गई है कि जो सड़क नई बनाई जाती है, चाहे वे पचास फी सदी लोगों की हिम्मत से ही बनाई गई हो जब वह मुकम्मल हो जाए तो उस की मुरम्मत के लिये रुपया दिया जाए और वहां पर एक gang मुकर्रर कर दी जाए जो कि उस सड़क की maintenance कर सके ताकि जो सड़क इस साल बनाई गई वह अगले साल ही न टूट जाए। लेकिन इस तरफ कोई कदम नहीं उठाया गया। इस काम के लिये पंचायतों को fund दिये जाएं।

एक बात मैं और आप के नोटिस में लाना चाहता हूं वह यह है कि हकूमत ने यह बात पालिसी के तौर पर मानी थी कि ज़िला कांगड़ा में टीचर्ज़ और डिवल्पमेंट डिपार्टमैंट के कर्मचारी मसलन ग्राम सेवक आदि ऐसे लगाए जाएं जो कि पहाड़ी ज़बान जानते हों। लेकिन

उस इलाका में वे लोग लगाए जाते हैं जो कि या तो हरियानवी होते हैं या मैदानी इलाकों के रहने वाले हैं। कांगड़े और कुल्लू के रहने वाले लोग तो पंजाब के मैदानों में लगा दिये जाते हैं लेकिन जो इधर के रहने वाले हैं और जिन को पहाड़ी ज़बान नहीं आती उन को कांगड़ा और कुल्लू के इलाकों में लगा दिया जाता है। उन के बारे में कई मन-घड़ंत कहानियां मशहूर हैं कि वे पहाड़ी लोगों से डरते हैं नदी नालों से डरते हैं। यहां के लोग उस खूबी से काम वहां पर नहीं कर सकते जिस से कि वे यहां पर कर सकते हैं। इस लिये मेरी अर्ज़ है कि पहाड़ के जो लोग trained teachers हैं, या डिवल्पमैंट के कर्मचारी हैं उन को वहीं पर ही लगाया जाना चाहिये। हां अगर वहां की ज़रूरत से ज़्यादा हों तो बेशक इस इलाका में उन को लगा दिया जाए।

इस से आगे मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि Family Planning सारे देश का मसला है। वैसे तो यह लेडी मैम्बर्ज़ का मसला है उन को छेड़ना चाहिये। लेकिन मैं भी यह कहना चाहता हू कि बढ़ती हुई बेकारी मुसीबत बनी हुई है। जब तक आप Family Planning को कामयाब नहीं बनाओगे तब तक आप कोई तरक्की नहीं कर सकते चाहे आप कितनी ही स्कीमें बनाएं। इस के लिये एक तो यह होना चाहिये कि जब तक लड़की की उम्र बीस साल न हो जाए उस वक्त तक उस की शादी नहीं होनी चाहिये। दूसरी बात यह होनी चाहिये कि abortion should not be held an offence.

एक बात पुलिस के मुतअल्लिक अर्ज़ करना चाहता हूं। आज हिन्दुस्तान आज़ाद है और पंजाब किसी विदेशी हकूमत का गुलाम नहीं है। मैं अर्ज़ करता हूं कि दफा 109 ज़ाबता फौजदारी दर असल अंग्रेज़ों ने अपने बचाव के लिये बनाई थी लेकिन Police Department इस का अभी तक misuse कर रहा है। Section 109 read with Section 55 of the Criminal Procedure Code के provisions को बिल्कुल misuse किया जाता है। पुलिस अफसरों ने अपने पास एक कहानी बनाने का यह तरीका रखा हुआ है। अगर कोई भूला भटका रात के वक्त जंगल में से होता हुआ घर को जा रहा होता है तो पुलिस वाले उसको पकड़ कर ले जाते हैं और कहानी यह बना ली जाती है कि इसे हमने torch की रौशनी में देखा, वह भागा जा रहा था। नाम ग़लत बताया इस पर चोरी का शुबा हुआ कि कोई संगीन जुर्म करने वाला था। तो 109 लग जाती है। इसलिये सरकार को चाहिये कि police वालों को बाकायदा तौर पर instructions दें कि दफा 109 ज़ाबता फौजदारी का ग़लत इस्तेमाल न करें। पहले मैं दफा 27 I.E. Act की बाबत अर्ज़ कर चुका हूं कि किस तरह उसके provision का भी ग़लत तौर पर इस्तेमाल होता है।

जहां तक सनअती फरोग का ताल्लुक है अगर ज़िला कांगड़ा का पंजाब स्टेट के साथ मुकाबला किया जाए तो वहां पर अभी तक कोई सनअत नहीं जारी की गई, कोई सनअती अदारा नहीं और न ही उन गरीबों के लिये अभी तक कोई ऐसा बन्दोबस्त हुआ है। मैं हकूमत के पास दरखास्त करूंगा कि paper industry यानी news-print factory और cement factory जिस का कि तीसरी पांच साला प्लान में ज़िक्र आया है वह ज़रूरी तौर पर इस plan के दौरान ज़िला कांगड़ा में लगाई जाएं।

[श्री रूप सिंह फूल]

अब मैं आप की इजाज़त से मेम्बर साहिबान की इत्तलाह के लिये अर्ज़ करता हूं कि पंजाब स्टेट sports में हिन्दुस्तान भर में सब से आगे है। और मैं यह फ़ख्रिया कह सकता हू कि ज़िला कांगड़ा एक 'वीर भूमि' है। जहां तक फौजी खिदमात का ताल्लुक है कोई ज़िला पंजाब में ज़िला कांगड़ा का मुकाबला नहीं कर सकता। मेरी constituency ने दो Victoria Cross winner पैदा किए हैं। और कोई साथी खड़ा होकर नहीं कह सकता कि उसकी तहसील ने इतने बहादुर आदमियों को पैदा किया हो। इसके अलावा जहां तक sports का ताल्लुक है हमारी तहसील हमीरपुर को ही यह नाज़ है कि उसने सूबेदार महन्त राम पैदा किया जिसने 31 साल फौज में हाकी खेली और जिसने मशहूरे ज़मां हाकी player ध्यान चन्द की टीम को शिकस्त दी और जो India को बाहर जा कर represent करते रहे। इसके अलावा boxing, फुटबाल, 26 मील की लम्बी दौड़ और दूसरे events में represent करने का और positions हासिल करने का मान भी हमीरपुर तहसील को हासिल हुआ है। (घंटी) Playgrounds और दूसरी चीज़ों के लिये दूसरे ज़िलों को काफी रुपया दिया गया है मगर इस ज़िला की तरफ ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। इसलिये मैं अर्ज़ करता हूँ कि एक sports स्कूल ज़िला कांगड़ा को दे दिया जाए और एक सैनिक स्कूल भी जिसकी बाबत ज़िक्र किया गया कि जालन्धर डिविज़न में खोलना है, ज़िला कांगड़ा को दिया जाए ताकि वहां के लोग यह समझ सकें कि आज हमारी अपनी सरकार है—हम ग़ैरों के ग़ुलाम नहीं। जैसे भर्ती देने की वजह से अंग्रेज़ों ने हमारे ज़िले को पीछे रखा, हम नहीं समझते कि हमारी अपनी सरकार भी हमारे साथ वैसा ही सलूक करेगी जैसा कि अंग्रेज़ करते थे ताकि हम भर्ती के लिये बली का बकरा न बनते रहें और तरक्की के मैदान में हम पंजाब से पीछे रह जाएं। जय हिन्द।

श्री शेर सिंह (झज्जर) : उपाध्यक्ष महोदय, हम जिस भवन में बैठे हैं आज उस का ज़िक्र हो रहा था कि शायद मुग़लिया खानदान के अय्याश लोगों ने भी ऐसी इमारतें, जिन पर बेतहाशा खर्च हुआ हो, नहीं बनाईं। लेकिन इस भवन को एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है जिसमें न कोई रास्ता नज़र आता है और न ही जिस में बहुत सारी काम की चीज़ें ही हैं। तो आप अन्दाज़ा लगाए कि इस administration में कितनी भारी wastage हो रही है। Economy की तरफ कोई कदम नहीं उठाया जा रहा और बेहूदा और फ़ज़ूल चीज़ों के ऊपर खामखाह ज्यादा खर्च किया जा रहा है। चाहिए तो यह था कि जो स्कीम आए, उसके estimates बनें तो जो उनमें savings करके दिखाएं—5, 4 या 3 per cent saving करके दिखाएं उसको इनाम दिए जाएं, encourage करें ताकि पैसा बचे और ग़रीब लोगों की जेबों से और पैसा खेंचने के लिये additional taxes न लगाने पड़ें। ऐसे आदमियों को इनाम दिए जाते जो कि खर्च को कम करने के यत्न करते तो बड़ी अच्छी बात थी लेकिन इनाम मिलते हैं उन को जो लोगों को सड़कों पर नँगा करके पीटते हैं। D.I.G. राम सिंह जैसे लोगों को हमारी सरकार राष्ट्रपति के पास recommend करती है, और उनको मैडल मिलते हैं। अगर वाकई यह एक developing state है तो सरकार को इस बात की तरफ ध्यान देना चाहिये

और खास तौर पर ध्यान देना चाहिये कि जो लोग अच्छा काम करें, खर्च में economy करें, savings करें उन को इनाम दिया जाएं ताकि लोगों पर जो टैक्सों का बोझ बढ़ता जा रहा है वह कम हो ।

एक बात और है जिस की तरफ मेरे साथी आनरेबल चौधरी लहरी सिंह ने ध्यान दिलाया है । मैं ज़्यादा नहीं कहना चाहता लेकिन आप को पता है कि drain No. 8 का बड़ा तज़करा हुआ है । इस सम्बन्ध में हमारी सरकार बड़ी आहिस्ता २ चल रही है—खास serious नहीं है । अगर यही हालात जारी रहे और अगर अगले साल बारिश ज़्यादा हो गई तो इससे भी ज़्यादा floods आएंगे और इससे भी ज़्यादा तबाही होगी । अभी तो गांव पिछले पानी में ही डूबे हुए हैं, पानी अभी तक सूखा नहीं । इस हालत में बारिश होने से अगर और पानी वहां आ गया तो आप भली प्रकार अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि उस इलाके का और वहां के लोगों का क्या हाल होगा । इस सम्बन्ध में मैं सरकार का ध्यान एक बहुत ज़रूरी बात की तरफ दिलाना चाहता हूँ । हमारी सरकार उस इलाके में एक एक मन, डेढ़-डेढ़ मन अनाज लोगों में बांट रही है । पांच एकड़ से कम के जो मालिकान हैं उनको और कुछ हरिजनों को भी एक एक मन डेढ़-डेढ़ मन अनाज सरकार की तरफ से तकसीम किया जा रहा है । लेकिन सरकार इस बात को भूल जाती है कि वह इस तरह करके उन पर कोई एहसान नहीं कर रही । यह जो खैरात तकसीम करने का तरीका है इसका बहुत भारी चर्चा लोगों में हो रहा है । लोग कह रहे हैं कि क्या यह भी कोई बात है कि पहले तो हमारा नुक्सान किया जाए और फिर खैरात तक्सीम करके एक एक मन दानों के लिये हमें भिखारी के तौर पर घुमाया जाए । अवस्था यह है कि इस स्थिति में सरकार को जो कुछ करना चाहिये था, वह नहीं कर रही है । Drain नम्बर 8 के पानी ने जिन जिन गांवों और खेतों को डुबोया है, उन लोगों का हक है कि वह सरकार से compensation लें । यह एक कानूनी बात है, मैं यूं ही बात नहीं करता । उनका यह कानूनी हक कैसे बनता है वह मैं आप के द्वारा निवेदन करना चाहता हूँ । Drain नम्बर 8 से जिन खेतों के अन्दर पानी पहुँचा सरकार ने 1959 में उन खेतों के ऊपर आबियाना चार्ज किया । सिर्फ आबयिाना ही लिया जा रहा हो, यह बात नहीं । उन ज़मीनों पर सरकार water advantage rate भी लेती है जो ज़मीनें नहरी पानी से सैराब होती हैं । Drain No. 8 जो चार पांच साल से खेतों को लगातार नुक्सान पहुँचा रही है, गांव को पानी में डुबो रही है, बरबाद कर रही है उसमें से अगर एक साल कम बारिश होने के कारण खेतों को पानी लग जाए तो सरकार water advantage rate भी charge करती है । डिप्टी स्पीकर साहिब, आप की जानकारी के लिये मैं ये कुछ पर्चियां Table पर रख रहा हूँ जिन में "राउनी साबका" वसूल की गई दिखाई गई है । जिस ज़मीन में जवार और बाजरा बोया गया और पानी से वह फसल भी बरबाद हो गई, उसके अन्दर अगर चना बोया गया तो उस पर 'राउनी साबका' ली गई, water advantage rate और आबियाना भी लिया गया । जब एक drain को नहर मानकर बाकायदा तौर पर आबियाना लिया गया, water advantage rate चार्ज किया गया और "राउनी साबका" भी ली गई तो उसके बाद उस नहर से कोई इलाका डूब जाता है, खेत बरबाद हो जाते

[श्री शेर सिंह]

हैं तो उस नुक्सान की सारी जिम्मेदारी सरकार पर आ जाती है। अगर कोई नहर टूट जाए, उसक पानी से इलाका बरबाद हो जाए, फसल तबाह हो जाए, गांव डूब जाएं तो सरकार का कानूनी फर्ज़ है—मैं कोई moral duty नहीं कहता, यह तो legal duty है कि सरकार उन को compensate करे। इस drain का आबियाना charge किया है, साबका राउनी ली है और फिर भी सरकार प्रचार करती है कि हम अनाज बांट रहे हैं, relief दे रहे हैं। अगर यह उन पर एहसान नहीं है। वह लोग अच्छी हालत में नहीं वरना यह सरकार पर मुकद्दमा चलाते। अभी पिछले साल सरकार ने एक scheme बनाई कि ग़रीबों को मुफ्त वकील देने का इन्तज़ाम करेंगे। मैं इन से कहना चाहता हूँ कि अगर यह ईमानदारी से इस पर अमल करना चाहते हैं तो यह मौका है इन तबाह हाल लोगों की मदद का। वह पानी में डूबे हुए हैं, पहली फसल मारी गई, अगली बोई नहीं जा सकती। इन लोगों को मुकद्दमे करने के लिये legal aid दी जाए फिर वह चाहे मुकद्दमे सरकार के खिलाफ ही क्यों न चलाएं। अगर सरकार इन लोगों को इस वक्त इस काम के लिये मदद देगी तो यह सरकार की दियानतदारी होगी।

6-00 p.m.

नहर के महकमे का मैं थोड़ा सा और ज़िक्र कर दूं। हरियाने के लिये एक Gurgaon Tunnel scheme बनाई गई थी मगर अब पता नहीं वह कहां चली गई है। अब कई सालों से Gurgaon Project का ज़िक्र किया जाता है। चौधरी लहरी सिंह जी ने भी कहा था कि इस का ज़िक्र चलते हुए 6 साल हो गए हैं, कभी कहते हैं ज़मीन ले रहे हैं, कभी कहते हैं estimate भेजा हुआ है मगर अवस्था यह है कि एक कदम भी नहीं उठाया गया, एक फुट मिट्टी भी नहीं डाली गई। एक रिवाड़ी स्कीम है। उस का ज़िक्र होते हुए भी तीन साल हो गए हैं, 47 लाख रुपया मन्ज़ूर हो चुका है, Central Water and Power Commission से उस की मन्ज़ूरी भी हो चुकी है, Central Government के वज़ीर आ कर उद्घाटन भी कर गए हैं और अब जो बजट आप के सामने है उस में बताया गया है कि scheme ही बदल दी गई है, नई स्कीम बना रहे हैं। लिखा है :

> "With the above in view and assuming that the project shall be received duly sanctioned in one form or the other during this year, the initial formalities shall be gone through to a large extent during this year and thus it shall be possible to embark upon actual execution during next year. For that a provsion of Rs. 38 lakhs has been made, and that too on the condition that revised project is sanctioned during this year................."

जब ढाई, तीन साल पहले Centre के वज़ीर उस का उद्घाटन करने आए थे तो एक बड़ा जलसा हुआ था और उन्हों ने लोगों को यकीन दिलाया था कि यह काम होगा। अब कह रहे हैं कि revised scheme भेजी है और काफी देर से इस की formalities हो पूरी की जा रही हैं। यह हरियाने के इलाके से इनसाफ कर रहे हैं। पिछले दिनों रोहतक में, दिल्ली को पानी देने पर जब कि हरियाने के खेत सूख रहे हैं, Irrigation Minister साहिब का चौधरी लहरी सिंह जी से झगड़ा हो गया। अब सरकार ने बजट में बताया है कि यह Jamuna feeder बना रही है। यह पुरानी स्कीम है मगर चूंकि Indus Basin

water का मामला world bank के पास था इस लिये कुछ न हो सका। अब फैसला हो गया है और तीन पूर्वी दरिया हमारे हिस्से में आ गए हैं। सरहिन्द feeder बन चुका है। कुछ पानी Western Jamuna Canal में डालना है, मूनक link के जरिये इस बारे कोई कार्यवाही नहीं की गई। अब कुछ ज़िक्र किया है कि क्योंकि दिल्ली और हरियाने में पानी की बड़ी मांग है अब link बनाने के बारे में सोचेंगे। पानी मिल रहा है सरहिन्द feeder तैयार है, भाखड़ा डैम का पानी मिलता है, मगर link तैयार नहीं जिस से कि २,५०० cusecs पानी मिल सकता है, वहां का water allowance बढ़ सकता है, रिवाड़ी के इलाके को पानी मिल सकता है। खर्च Central Government ने देना है, मगर कार्यवाही कुछ नहीं तो गुड़गांव और रिवाड़ी को यह पानी कहां से देंगे। उपाध्यक्ष महोदय, हरियाने से जिन बातों में अन्याय हुआ है वह बातें तो बहुत हैं मगर इतना समय नहीं कि सब का ज़िक्र कर सकूं। आप के सामने ज़िक्र हुआ कि पंजाबी यूनिवर्सिटी बन रही है। उस बारे में Commission की report अभी हमारे सामने आई नहीं मगर उस की implementation का सवाल खड़ा हो गया है। एक और university है, उसे बने हुए चार साल हो गए हैं मगर आज वहां केवल 10 लड़के पढ़ने वाले हैं। यह अवस्था कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की इन्हों ने बना रखी है, उस पर कोई पैसा खर्च नहीं किया और ऐसे आदमी वहां बैठाए हैं जिन का university से दूर का वास्ता नहीं। जो संस्कृत भाषा जानते नहीं। दस बच्चे वहां पर बैठाए हुए हैं.... (*Interruptions*) यह अवस्था बना रखी है इन्होंने, कोई faculty नहीं, कुछ नहीं बनाया वहां। (*Interruptions*) अब Agriculture University लुध्याना में बना रहे हैं और इस बहाने से package programme का जो 9 करोड़ रुपया है वह भी वहीं खर्च करना है, यह कह कर कि research का काम नजदीक ही हो रहा है। हम यह जानते हैं कि लुध्याना में एक इंच ज़मीन भी donate नहीं हुई लेकिन उसके बरअक्स झज्जर में Agriculture University बनाने के लिये दो हज़ार बीघा ज़मीन donate हुई है। लेकिन वहां नहीं बनाई। फिर हिसार के लिये कहा गया कि वहां पर हो बनाइए, लेकिन वहां भी नहीं बनाई गई और कहा गया कि चूंकि लुध्याना में Agriculture College बनाया गया है इस लिये अब Agriculture University लुध्याना में बनेगी और वहां के लिये ही Package Programme बन रहा है।

मैं अब cotton के बारे में यह कहना चाहता हूँ कि जहां पर हांसी, बठिण्डा, सिरसा की cotton सारे हिन्दुस्तान में मशहूर थी वहां अब 4,5 साल के अन्दर यह अवस्था हो गई है कि और जगह के मिलों को तो जाने दीजिए पंजाब के Textile Mills वाले भी यही कहने लगे हैं कि पंजाब की cotton ठीक नहीं है और उन्होंने बाहर से cotton मंगवानी शुरू कर दी है। चाहिये तो सरकार को यह था कि वहां पर research का काम खोल कर cotton की quality को improve किया जाता लेकिन research का काम शुरू किया जा रहा है लुध्याना में जब कि cotton पैदा होती है हांसी, बठिंडा और सिरसा में। मेरा कहना यह है कि जो चीज़ जहां पैदा होती है उसके लिये Package Programme उसी क्षेत्र में होना चाहिये। इसलिये cotton के लिये research

[श्री शेर सिंह]
का काम सिरसा में और oil seeds का काम गुड़गांव में, व sugar cane Package Programme रोहतक और पानीपत में होना चाहिये । लेकिन हमारी सरकार ने यह तहैया किया हुआ है कि चाहे cotton के लिये बढ़िया ज़मीन बेशक हरियाना में हो लेकिन research का फायदा वहां नहीं पहुँचना चाहिये । वह तो सिर्फ जालंधर डिवीज़न या पंजाबी रीजन में ही खपाना है । और Agriculture के लिये जो रुपया लुध्याना के लिये खर्च किया जा रहा है वह इसलिये जायज़ नहीं है क्योंकि मैं समझता हूँ कि पंजाब में हरियाना खेती के लिहाज़ से सबसे पीछे होगा । हरियाना के अन्दर न तो कोई Engineering College है और न Medical College । हां, अब Medical College की बात चीत चल रही है लेकिन मुझे अंदेशा है कि रेवाड़ी की स्कीम की तरह ही formality में ही यह भी स्कीम पड़ी रहेगी । अब एक सैनिक स्कूल की बात चल रही है कि झज्जर में एक सैनिक स्कूल खोला जाएगा लेकिन उस की भी बात मैं बतला दूं कि उस के लिये यह शर्त रखी जा रही है कि 100 एकड़ ज़मीन और 4 लाख रुपया वहां से इकट्ठा हो जब कि इसके मुकाबिले में जब नाभा में सैनिक स्कूल खोला गया तो ऐसी कोई मांग नहीं की गई थी । अब इसका नतीजा क्या होगा कि वहां के लोग तो पहले ही water logging के सताए हुए हैं वह न 4 लाख रुपया इकट्ठा कर पाएंगे, न वह स्कूल सिरे चढ़ेगा । और फिर जैसा कि कहा गया है कि अगर यहां इतना रुपया इकट्ठा न हुआ तो फिर यह स्कूल कपूरथले में खोला जाएगा ।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अब services के बारे में कहना चाहता हूँ । यहां पर कहा यह जाता है कि हमने services में हरियाना को भी represent अच्छी तरह से किया है लेकिन मैं अम्बाला पुलिस range की बात करता हूँ कि 120 थानेदारों में से हरियाना के सिर्फ 18 हैं बाकी 102 पंजाबी रीजन के हैं । यह है बराबरी इनकी । यही नहीं आप Gazetted officers के बारे में भी देखें तो पता चलता है कि 5 फीसदी से ज्यादा अफसर हरियाना के नहीं हैं और 14 या 15 Secretaries में से तो एक भी Secretary हरियाने का नहीं है । और इसी तरह से हैरानी होती है कि जब गवर्नमैंट हाई कोर्ट के Judges के लिये नाम भेजती है तो उसे हरियाने की 60 लाख आबादी में से कोई आदमी नहीं मिलता जिसका नाम ऊपर भेजा जा सके । जब कि वहां पर भी इतने अच्छे अच्छे lawyers हैं जो जज बनाए जा सकते हैं ।

अब मैं B.D.Os. की बात करना चाहता हूँ कि 40 B.D.Os. में से सिर्फ 3 B.D.O. हरियाना से लिये गए हैं । और अब बाकी नौकरियों के लिये यह कर दिया गया है कि गुरमुखी सीखो तब नौकरी मिलेगी । और यह समझ लिया गया है कि न यहां के बच्चे दूसरे रीजन वालों के बच्चों के मुकाबले में गुरमुखी सीख सकेंगे और न नौकरियों का सवाल उठ सकेगा ।

अब मैं एक बात और कहना चाहता हूँ कि हमारे मुख्य मंत्री महोदय ने मेरे मुतअल्लिक यह कहा कि यह तो है ही मेरा बनाए हुए । मैं यह कहना चाहता हूँ कि चीफ मिनिस्टर ह जो मेरा बनाए हुए हैं न कि मैं चीफ मिनिस्टर का बनाया हुआ हूँ । इस वक्त वह यहा पर नहीं हैं । यों तो वे मेरे बड़े भाई हैं लेकिन उन्होंने यह बात अभिमान में आ कर कही

है । मैं अभिमान के साथ नहीं कहता कि कौन किसका बनाया हुआ है लेकिन यह ठीक है कि चीफ मिनिस्टर मेरा बनाया हुआ है । चौधरी लहरी सिंह जी ने एक इशारा दिया है। उसकी तरफ मैं भी ध्यान दिलाना चाहता हूँ । हरियाना में जो 1946 में हुआ था, वही हाल होगा अगर हरियाना की तरफ ध्यान न दिया गया । (घंटी) बस, जनाब, मैं अंत में यही शब्द कह कर अपनी स्पीच समाप्त करता हूँ कि अगर सरकार चाहती है कि हरियाना उसका साथ दे तो उसे हर तरह से इसकी ओर ध्यान देना जरूरी है ।

राओ गजराजराज सिंह (गुड़गांव): डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं ने आज जितनी स्पीचें हुई हैं उनको बड़े ग़ौर से सुना है और लोगों ने जिस तरीके से गवर्नमैंट के बजट की नुक्ताचीनी की है उस पर भी विचार किया है । मैं इस बारे में यह कहना चाहता हूँ कि देखने वाली बात यह है कि आया किसी बीमारी का इलाज ठीक से हुआ है कि नहीं । और अगर देखा जाए कि यह बजट क्या है तो मैं कहूँगा कि it is a healthy budget of a sick man. डाक्टर साहिब ने जो इतने बीमार हैं, इस बजट को पंजाब की बीमारी को ठीक करने के लिये healthy lines पर ढाला है लेकिन मैं इससे पूरी तरह मुत्तफिक नहीं कि बीमारी मुकम्मल तौर पर दूर हो गई । लेकिन फिर भी मैं दो तीन तरीकों से इसे सही बजट समझता हूँ ।

सब से पहली बात यह है कि हिन्दुस्तान देहात का मुल्क है । इस मुल्क को कारखानों और शहरों का कहना ग़लत चीज होगी । पिछले दिनों लार्ड एटली ने देहली में कहा था :

> "Unless vilage is made a fit place to live in, India cannot make much progress."

आज दुनिया समझती है कि हिन्दुस्तान तब तरक्की कर सकता है अगर गांव तरक्की करें । गांव में रोशनी होगी तो शहरों में रोशनी होगी, इस पहलू से अगर बजट को परखा जाए तो सही चीज़ होगी । लेकिन अगर टीप-टाप की जाए और नाम से स्कीमें बनाई जाएं और दर असल कुछ न हो तो वह दुरुस्त न होगा । अगर हमें देहात को ऊपर उठाना है तो इस मसले को national नुक्ता निगाह से हल करना होगा । बहुत से भाई बड़े ज़ोर से गला फाड़ कर कहा करते हैं कि socialist pattern का समाज कायम करने से इस मसले का हल हो जाएगा । Socialist Pattern क्या है ? यही कि ग़रीब बहुत नीचे न रहें और अमीर बहुत ऊपर न रहें । आज इस ख़लीज को दूर करने के लिये कुछ कदम उठाए गए हैं । अभी एक भाई ने कहा कि sales tax बढ़ा दिया गया है, entertainment tax बढ़ा दिया गया है । Socialist Pattern में अगर entertainment tax बढ़ा दिया जाए तो बड़ा भारी ज़ुल्म हो गया ! बड़ा ग़ज़ब हो गया ! लोग तो कहते हैं कि भाई सोशल सर्विस में ख़ून तक भी देना पड़े तो देना चाहिये । लेकिन आज वही ख़ून का दान देने वाले भाई यह कहें कि entertainment tax नहीं बढ़ाना चाहिये तो अजीब बात दिखाई देती है । अगर इस तरह के टेक्स लगा कर पांच एकड़ ज़मीन वालों के ऊपर से मालगुज़ारी हटाई जाए, आठवीं नौवीं जामायत तक के विद्यार्थियों के लिये free compulsory education हो तो क्या इस से जनता की भलाई न होगी ? क्या ये चीजें इस बजट में नहीं हैं ?

चौधरी इन्द्र सिंह : कहां हैं ?

राओ गजराज सिंह : आप मुलाहज़ा फरमाएं । यह ठीक है कि हमारे डाक्टर साहिब पुराने पढ़े हुए हैं और नुस्खे वाली बात करते हैं । मगर कोई नया तबीब होता तो

[राम्रो गजराज सिंह]
कहता कि फौरन operation करूँगा ग्रौर income-tax basis पर मालगुज़ारी की वसूली कर देता। Community Development ग्रौर पंचायतों के लिये रुपया कहां से ग्राता। ग्रगर गांव वालों पर ग्रौर टैक्स लगाते तो क्या वह socialist pattern होता? मैं इन बैंचों पर बैठे ग्रपने भाइयों को बता देना चाहता हूँ (ग्रपोज़ीशन की तरफ इशारा करके) कि ग्रगर हम देश को संजीदगी के साथ ग्रागे ले जाना चाहते हैं तो हमें देखना होगा कि हम गांव की तरक्की के तराज़ू पर पूरा उतरते हैं या नहीं। महज़ criticism करने से हम गांवों को ऊपर नहीं उठा सकते। (applause) हमें सोचना होगा कि गांधी जी क्या कहते थे। जब गांधी जी से पूछा गया कि स्वराज तो मिल गया राम राज कब मिलेगा तब उन्होंने कहा था कि जब तुम जैसे लोग उलटे गांव को चलो गे तो उस दिन राम राज होगा। ग्राज लार्ड एटली ने देहली में सही बात कही है।

चौधरी इन्द्र सिंह : क्या इसी लिये बुलाते हो लार्ड एटली को ?

राम्रो गजराज सिंह : ग्राप साइमन कमिशन के वक्त की बात याद करें। ग्रंग्रेज होते हुए भी उन्होंने ग्रंग्रेज़ों की मुखालफ़त की। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान को स्वराज मिलना चाहिये। ग्रगर एक मेहमान ने ग्रा कर सही बात कर दी है तो इस में उस ने क्या बुराई की है। उनकी इस बात से ग्रौर कोई मुत्तफिक हो या न हो कम से कम ग्राप को मुत्तफिक होना चाहिये था कि उन्होंने गांव की बात सही कही है।

(*At this stage Chaudhri Inder Singh interrupted him.*)

मुझे तो न बजट पढ़ना ग्राता है न देखना ग्राता है। मैं तो जो कुछ ग्रर्ज़ कर रहा हूँ ग्राप लोगों की बातें सुन कर ग्रर्ज़ कर रहा हूँ। कहा गया कि ग्रक्ल कहां से सीखी? (laughter) जवाब मिला कि बेवकूफों से। मुझे तो उन की बातों से सूझ ग्राई कि socialist pattern वाले भी बहक रहे हैं। कम से कम इन को तो सही बात करनी चाहिये।....

6.30 p.m.

(*The hon. Member was still in possession of the House, when the Sabha adjourned till 2.00 p.m. on Thursday, the 9th March 1961.*)

ANNEXURE

(Please see foot note at page (13) 70 appearing in this dabate, dated the 8th March, 1961)

FOREST GUARDS IN KULU AND SERAJ FOREST DIVISIONS

3435. Shri Jit Ram: Will the Minister for Agriculture and Forests be pleased to state :—

(a) the names, with qualifications of forest guards working at present in the Kulu and Seraj Forest Divisions ;

(b) the names, with qualifications of those Forest Guards who were admitted in the Forest School Course during the years 1959—61 ;

(c) whether it is fact that preference was given to junior and less qualified guards over the senior and highly ones at the time of admission in the said forest school course ; if so, the reasons, if any, therefor ?

Giani Kartar Singh : (a) Statements enclosed.

(b)

	Name of official		Qualifications
1.	Shri Manohar Lal	..	Under Matric
2.	Shri Parkash Chand	..	Ditto
8.	Shri Jag Ram	..	Matric
4.	Shri Ishar Dass	..	Ditto
5.	Shri Lotam Ram	..	Under Matric
6.	Shri Chhangan Singh	..	Ditto
7.	Shri Bhagwan Singh	..	Matric
8.	Shri Joginder Singh	..	Ditto
9.	Shri Paras Ram	..	Vernacular Middle
10.	Shri Nakhu Ram	..	Ditto
11.	Shri Dharam Singh	..	Lower Middle
12.	Shri Amir Chand	..	Under Matric

(c) Selection was made on the basis of seniority-cum-merit and those who had bad record were ignored.

Statement showing the names of Forest Guards with qualifications serving in Kulu Forest Division (Seniority list)

Serial No.	Name of official		Qualifications
1	Shri Jindu Ram	..	Urdu knowing
2	Shri Gokal Chand	..	Lower Middle
3	Shri Dinu Ram	..	Ditto
4	Shri Hari Chand	..	Primary
5	Shri Trilok Chand	..	Middle
6	Shri Puran Chand	..	Ditto
7	Shri Kansi Ram	..	Vernacular Middle
8	Shri Ram Dayal	..	Ditto
9	Shri Mathura Dass	..	Illiterate
10	Shri Girja Nand	..	Anglo Vernacular Middle
11	Shri Laj Ram	..	Primary
12	Shri Amar Nath	..	Anglo Vernacular Middle
13	Shri Din Dayal	..	Ditto
14	Shri Tikam Ram	..	Primary
15	Shri Minu Ram	..	Do
16	Shri Sangat Ram	..	Do
17	Shri Rattan Lal	..	Do
18	Shri Ruldoo Ram	..	Do
19	Shri Tirath Ram	..	Middle
20	Shri Gian Chand	..	Primary
21	Shri Sarnoo Ram (Scheduled Caste)	..	Under Matric
22	Shri Jog Ram (Scheduled Caste)	..	Matric
23	Shri Chet Ram	..	Lower Middle
24	Shri Bhag Chand (Scheduled Caste)	..	Vernacular Middle
25	Shri Dhungal Ram (Scheduled Caste)	..	Ditto
26	Shri Nirat Ram	..	Ditio
27	Shri Kaule Ram	..	Anglo Middle
28	Shri Ram Lal	..	Vernacular Middle
29	Shri Hari Chand II	..	Anglo Vernacular Middle
30	Shri Let Ram I	..	Primary

Serial No.	Name of official		Qualifications
31	Shri Tulsi Ram	..	Primary
32	Shri Murloo Ram	..	Lower Middle
33	Shri Damboo Ram	..	Hindi Primary
34	Shri Tashi Phonchog	..	Lower Middle
35	Shri Bala Ram	..	Primary
36	Skri Sukh Dass	..	Vernacular Middle
37	Shri Perma Nand	..	Ditto
38	Shri Lotam Ram	..	Ditto
39	Shri Nathu Ram	..	Ditto
40	Shri Netar Parkash	..	Under Matric
41	Shri Chetan Singh	..	Primary
42	Shri Shiv Chand	..	Lower Middle
43	Shri Manohar Lal	..	Under Matric
44	Shri Sonam Ram	..	Lower Middle
45	Shri Moti Ram	..	Anglo Vernacular Middle
46	Shri Uttam Ram	..	Vernacular Middle
47	Shri Parkash Chand	..	Under Matric
48	Shri Chobe Ram	..	Ditto
49	Shri Mastan Singh	..	Vernacular Middle
50	Shri Khub Ram	..	Ditto
51	Shri Amar Singh	..	Ditto
52	Shri Ravinder Nath	..	Anglo Vernacular Middle
53.	Shri Cahande Ram II	..	Vernacular Middle
54	Shri Sagar Chand	..	Matric
55	Shri Devi Ram	..	Primary
56	Shri Devinder Rai	..	Under Matric
57	Shri Chharing Ram	..	Lower Middle
58	Shri Dola Ram I	..	Primary
59	Shri Ishwer Dass I	..	Anglo Vernacular Middle
60	Shri Dagu Ram	..	Primary
61	Shri Kunj Lal	..	Ditto
62	Shri Mahant Ram	..	Anglo Middle
63	Shri Mohar Singh	..	Vernacular Middle
64	Snri Kiishan Baldev	..	Matric
65	Shri Ram Dass	..	Vernacular Middle
66	Shri Top Dan	..	Lower Middle

Statement showing the names of Forest Guards with qualifications serving in Seraj Forest Division (Seniority list)

Serial No.	Name of official		Qualifications
1	Shri Udey Ram	..	Middle
2	Shri Dharam Dass	..	Do
3	Shri Budhi Chand	..	Do
4	Shri Parma Nand I	..	Vernacular Middle
5	Shri Nesu Ram II	..	Ditto
6	Shri Man Dass	..	Anglo Vernacular Middle
7	Shri Shiam Dass	..	Primary Pass
8	Shri Gulaba Ram	..	Under Middle
9	Shri Khem Dass	..	Lower Middle
10	Shri Hukam Ram	..	Under Middle
11	Shri Pars Ram	..	Vernacular
12	Shri Jai Ram	..	Lower Middle
13	Shri Nakhu Ram	..	Vernacular Middle
14	Shri Uttam Singh	..	Lower Middle
15	Shri Dharam Singh	..	Ditto
16	Shri Talku Ram	..	Ditto
17	Shri Nainu Ram	..	Middle
18	Shri Isher Dass	..	Matric
19	Shri Moti Ram	..	Middle
20	Shri Alam Chand II	..	Under Matric
21	Shri Chuni Lal	..	Matric
22	Shri Jog Ram II	..	Lower Middle
23	Shri Narotam Ram	..	Under Matric
24	Shri Sohi Ram	..	Hindi Primary
25	Shri Tule Ram	..	Lower Middle
26	Shri Kewal Ram	..	Vernacular Middle
27	Shri Prem Dass	..	Primary Pass
28	Shri Jai Singh	..	Middle
29	Shri Lotam Ram	..	Under Matric
30	Shri Narain Singh	..	Ditto
31	Shri Shiv Ram	..	Lower Middle
32	Shri Dasu Ram	..	Matric
33	Shri Damodar Dass	..	Do
34	Shri Sangat Ram	..	Primary Pass
35	Shri Bhadar Singh I	..	Middle
36	Shri Jagdisha Nand	..	Lower Middle
37	Shri Chhangan Singh	..	Under Matric
38	Shri Parma Nand II	..	Primary Hindi
39	Shri Bhagwan Singh	..	Matric
40	Shri Piare Ram	..	Under Matric
41	Shri Bhagat Ram	..	Middle
42	Shri Bed Ram	..	Do
43	Shri Amir Chand	..	Under Matric
44	Shri Joginder Singh	..	Matric
45	Shri Bhadar Singh II	..	Do

Punjab Vidhan Sabha Debates

9th March, 1961

Vol. I No. 14

OFFICIAL REPORT

GOVT. PUNJAB

CONTENTS

Thursday, the 9th March, 1961

Price : Rs 4.25 nP

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATES, VOL. I, No. 14, DATED THE 9TH MARCH, 1961

Read	*for*	*on page*	*line*
करते हैं	करते	(14)2	14
श्री रूप सिंह फूल	श्री रूप सिंह फुल	(14)3	9
Sh Gurnam Singh	Sh. Gurnam	(14)7	9,S.No. 27
Bhunerheri	Bhuerheri	(14)7	9, S.No. 33
Name of the route	Name of the rute	(14)8	Heading
In the end delete	'Mansa Singh'	(14)8	S.No. 50
श्री रूप सिंह फूल	श्री रूप सिंह फल	(14)9	5th from below
criterion पर	पर criterion	(14)13	6
Police	Polioe	(14)19	S.No. 7
Strictures	Structures	(14)26	5
अगर	मगर	(14)30	last
देने	ने	(14)43	17
में		(14)44	13
देश	श	(14)44	18
(14)45		(14)45	Heading
राजा रघुबीर सिंह	राज रघुवीर सिंह	(14)47	First
बना रखा है	बना रखा	(14)48	8
डिप्टी स्पीकर साहिब	डिम्टी स्पीकर साहिब	(14)52	20
श्री श्री कृष्ण शास्त्री	श्री श्री कृष्न शास्त्री	(14)75	last but one
दें		(14)75	12
dowry का	dowry	(14)83	10

PUNJAB VIDHAN SABHA

Thursday, the 9th March, 1961

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 1, Chandigarh, at 2.00 p.m. of the Clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

DEVELOPMENT BLOCKS IN THE STATE

*6522. **Shri Rup Singh Phul :** Will the Minister for Community Development be pleased to state—

(a) the total number of Development Blocks which would cover the entire State and the time by which this is expected to be done.

(b) the total number of Blocks functioning in the State at present.

Shri Dalbir Singh (Deputy Minister) : (a) The entire State is to be covered by 228 blocks by the end of October, 1963.

(b) 165.

श्री रूप सिंह फुल : क्या डिप्टी मिनिस्टर साहिब बताएंगे कि blocks खोलने के लिये कोई year-wise distribution की गई है ?

उप-मंत्री : Year-wise distribution नहीं की गई ।

श्री प्रबोध चन्द्र : क्या डिप्टी मिनिस्टर साहिब बतायेंगे कि Development Blocks खोलने के लिये कोई priority list बनाई गई है ?

उप-मंत्री : ऐसी कोई list तैयार नहीं की गई ।

Shri Prabodh Chandra : Sir, may I know the criteria adopted by Government for the opening of Blocks ?

सामूहिक विकास मन्त्री : जिस जिले में कम Blocks खोले गये हैं वहां खोलते हैं । District Development Committee जो recommendation करती है उस के मुताबिक खोलते हैं ।

मुख्य मंत्री : पहले हम यह देखते हैं कि हर जिले में कितने Blocks चाहियें और कितने दिये गये हैं । उन की percentage निकाल लेते हैं । हम देखते हैं कि फलां जिले में कम हैं उस जिले में हम दे देते हैं । इस के मुतअल्लिक गवर्नमैंट फैसला नहीं करती बल्कि District Advisory Committee with the Deputy Commissioner as the Head की सिफारिश के मुताबिक blocks खोले जाते हैं ।

Shri Prabodh Chandra : It has been stated by the Chief Minister that the Blocks are opened on the recommendations of the District Committee which is headed by the Deputy Commissioner of the District. May I know whether the recommendations of this Committee are advisory or mandatory ?

श्री प्रबोध चन्द्र : छोड़िए चौधरी साहिब, आप अलहदा में तो कुछ और कहते हैं और यहां पर और ही तरह की बातें करते हैं। बड़े ज़ोरों के साथ यहां पर आकर कह दिया कि आज़ादी के लिये अपने बेटों को, अपने भतीजों और दामादों को फौज में भर्ती कराया। इनकी असलियत जो है अगर वह मैं आप के सामने रखूं तो पता चल जाए। (*interruptions*) इनके तुर्रे उस वक्त हवा में उड़ते थे जब कि लोग आज़ादी के लिये काम कर रहे थे। उस वक्त अगर अपने बच्चों को आज़ादी के लिये लड़ने वाली फौज में भर्ती कराया होता जिस वक्त कि अंग्रेज़ मुल्क को ग़ुलाम रखता था फिर तो कोई बात भी होती। क्यों नहीं उन को उस वक्त कराया और देखा कि किस तरह आसाम की पहाड़ियों में जाकर लड़ते हैं। मैं इस बात के लिये नहीं लड़ता मगर बड़े ज़ोर के साथ प्रोटैस्ट करता हूँ कि जो अल्फाज़ उन्होंने मौलवी अब्दुल ग़नी साहिब के बारे में कहे वह बिल्कुल ना मुनासिब थे। यह बात तो ठीक है कि यह लफज़ कहकर उन्होंने अपना एक हक वफादारी अदा किया और यह बिल्कुल उसी तरह जैसे "बच्चा जमूरा" होता है। चीफ मिनिस्टर साहिब ने जो कुछ कहा उस को तो मैं इस वक्त नहीं छेड़ता लेकिन जो अल्फाज़ चौधरी साहिब ने मौलवी अब्दुल ग़नी डार साहिब की बाबत कहे वह ग़लत थे। क्या मौलवी अब्दुल ग़नी की कम कुरबानी है कि इनकी बीवी ने तड़प तड़प कर जान दी, क्या मौलवी साहिब की कम कुरबानी है कि इनकी भतीजी ने बीमारी में तड़प तड़प कर जान दे दी जब कि वह मुल्क की जंगे आज़ादी की खातिर जेल में बन्द थे? (*interruptions*) मैंने आगे भी कहा था कि बिच्छू को मारो तो सैंकड़ों छोटे छोटे और पैदा हो जाते हैं। (*interruptions*) कौन किसी को कुछ कह सकता है। चौधरी साहिब की बाबत तो मैं इतना कुछ कह सकता हूँ कि मेरे पास वक्त नहीं। इनका दामन इतना दागदार है कि सारे बेटों की जानों से भी नहीं धोया जा सकता।

जनाब, पिछले गवर्नर साहिब कभी कभी अच्छी बात किया करते थे। जब मैं ग़लती से दो चार महीने के लिये मिनिस्टर बन गया तो मुझ से कहने लगे कि प्रबोध चन्द्र मुझे समझ नहीं आती कि जब कोई मनिस्टर बनता है तो दो चार महीने के बाद उसका पेट बड़ा हो जाता है, गर्दन भी ऐसी हो जाती है जैसे एक जानवर होता है। उसका नाम तो उन्होंने लिया था लेकिन मैं यहां पर वह नाम लेना नहीं चाहता।

श्री अध्यक्ष : यह क्या स्पीच है? आप क्या बातें कर रहे हैं? मेहरबानी करके इन बातों में न पड़ें। (What is this speech? What is the hon. Member talking about ? He should not discuss these things here.)

श्री प्रबोध चन्द्र : बहुत अच्छा, जनाब, मैं इस बजट पर आता हूँ। जो 10 करोड़ 53 लाख रुपया administration पर खर्च होना है, मैं सिर्फ उसी पर ज़ोर दूंगा क्योंकि administration जम्हूरियत का सब से बड़ा मज़बूत और पायदार ढांचा होता है। अगर administration ठीक है तो मैं समझता हूँ कि जम्हूरियत चल सकती है। मगर, जनाबे आला, आप देखें कि जिन के हाथ में आज हकूमत की बागडोर है वह अपनी ताकत का किस तरह से इस्तेमाल कर रहे हैं। आप के सामने मैं इसके कुछ नमूने रखना चाहता हूँ।

दिसम्बर, 1956 में हमारे चीफ मनिस्टर साहिब को एक शौक पैदा हुआ कि जब भी वह दौरे पर जाएं तो अपने साथ एक डाक्टर को ले जाएं। जनाब, कानूनी तौर पर तो Ministers Salaries Act provide नहीं करता कि कोई मनिस्टर दौरे पर जाते वक्त किसी डाक्टर को अपने साथ ले जाए। अगर वह ऐसा करता है तो अपनी individual capacity में करता है जिस के लिये उसे अपने पास से उसका खर्चा देना पड़ता है। लेकिन एक सरदार H.S. Dhillon, P.C.M.S. डाक्टर हैं। वह 45 दिन तक चीफ मनिस्टर साहिब के साथ दौरे पर जाते रहे। ठीक है कि हमारे चीफ मनिस्टर साहिब जब State के लिये इतना कुछ करते हैं तो एक डाक्टर उन के साथ दौरे पर जाता रहा तो कोई बात नहीं। मगर सवाल यह है कि कैसे वह डाक्टर उन के साथ जाता रहा, किस तरह से उस की हाज़री पर पर्दा डाला गया, सवाल तो इस बात का है। चूंकि कानून इस बात की इजाज़त नहीं देता, इसलिये उस की जो चार्ज रिपोर्ट है कहीं उसमें इस बात को ज़ाहिर न कर दिया जाए कि वह डाक्टर चीफ मनिस्टर साहिब के साथ दौरे पर गया, जो Director, Health Services की Medical Branch है उस की Letter No. 701/MG dated Chandigarh the 29th January, 1957. में लिखा है

> It may be added that while attached to the Civil Hospital, Jullundur, as on general duty, Dr. H. S. Dhillon, P.C.M.S., is performing some special duty with the Chief Minister but this fact is not to be mentioned in the charge report or in any communication to the Accountant-General, Punjab, Simla......"

जनाब, सोचने वाली बात है कि जब सूबे का वज़ीरे आज़म एक मामूली से डाक्टर से इतनी बेईमानी करवाता है कि तुम मेरे साथ लगे रहो मगर चार्ज रिपोर्ट में यह कहना कि चंडीगढ़ से देहली चीफ मनिस्टर के साथ नहीं गया बल्कि चंडीगढ़ या जालन्धर में अपनी ड्यूटी अदा कर रहा था तो इसे आप क्या कहेंगे और इस से और कितनी बातों का इनकिशाफ हो सकता है। जनाब, इस बात का शोर मचता है तो गवर्नमैंट एक नया आर्डर निकालती है।

श्री अध्यक्ष : आप किस चीज़ को quote कर रहे हैं। (What is the hon. Member quoting.)

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब, मैं ज़िक्र कर रहा था कि किस तरह से Administration के अन्दर......

श्री अध्यक्ष : जो आप quote कर रहे हैं, इसका ताल्लुक इससे कैसे बनता है ? आप की आवाज़ कुछ गूंज रही है इसलिये मैं सुन नहीं सका। (How is all this which the hon. Member is quoting, relevant ? I have not been able to hear him because his voice is resounding.)

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब, मैं अर्ज़ कर रहा हूँ कि कैसे सरदार साहिब के साथ ही डाक्टर हरचरण सिंह दौरे पर जाता रहा; उसके बारे में Accountant General ने एतराज़ किया, चीफ मनिस्टर साहिब की क्या instructions थीं, department ने डाक्टर को क्या कहा हुआ था वही बातें मैं आप के सामने रख रहा हूँ और खतों के नम्बर वग़ैरा भी आप के गोशगुज़ार कर रहा हूँ। जो डाक्टर ने लिख कर भेजा वह उसके 21 जनवरी, 1957 के letter में है।

"Letter, dated 21st January, 1957 from Dr. H. S. Dhillon, P.M.S., Assistant Surgeon Class I (Gazetted) to the Director of Health Services, Punjab.

I reported in the office of the Civil Surgeon, Jullundur, but due to the telephonic message from the Chief Minister to the Civil Surgeon and verbal orders......"

Mr. Speaker : This is not a part of the Budget.

श्री प्रबोध चन्द्र : यह उन letters की नकलें मेरे पास हैं। मैं उन्हीं में से पढ़ कर यह बात साफ करना चाहता हूँ कि एक डाक्टर चीफ मनिस्टर के साथ दौरे पर 45 दिन तक रहता है लेकिन चूंकि चीफ मनिस्टर साहिब जानते हैं कि वह entitled नहीं हैं इसलिये उसको साथ रखने का दूसरा रास्ता निकाला गया। लेकिन जूं ही डाक्टर का टी. ए. वग़ैरा का बिल Accountant General के पास जाता है उसपर objection होकर आता है कि Ministers को ऐसा करना allowed नहीं है। तो फिर डी. ऐच. ऐस. के दफतर से हिदायात जारी होती हैं कि उस डाक्टर को कहो कि charge report में यह न बताओ कि मैं दिल्ली गया हुआ था। इस बात का बिल्कुल ज़िक्र न करना कि तुम चीफ मनिस्टर साहिब की अरदल में रहे बल्कि यह कहना कि चण्डीगढ़ से फारिग होकर जालन्धर गया था।

Mr. Speaker : What is this document that you are reading ?

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब, मेरे पास letters की copies हैं। यह मैं पूरी ज़िम्मेदारी के साथ हाऊस की मेज़ पर रखने को तैयार हूँ। अगर यह ग़लत साबित हों तो बेशक मझे जो मर्जी सज़ा दी जाए। अगर ये letters ठीक हों....

श्री अध्यक्ष : यह खत कहां के हैं। Who issued these letters?

श्री प्रबोध चन्द्र : यह खत डी. ऐच. ऐस. का है और एक A.G. का है।

Mr. Speaker : What is your source of information ?

श्री प्रबोध चन्द्र : मैं इन letters की पूरी ज़िम्मेदारी लेता हूँ कि अगर ग़लत साबित हों तो जो सज़ा आप देना चाहें, दें।

Mr. Speaker : But how were you able to secure these letters ?

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब, जब एक अफसर किसी दूसरी जगह पर लगाया जाता है तो उस की बाबत गज़ट notification होती है। वह हर कोई देख सकता है। उस पर Accountant General ने एतराज़ किया कि जब वह डाक्टर चीफ मनिस्टर के साथ दौरे पर जाता रहा है तो आप ने क्यों इस बात को छुपाया। तो उस पर Deputy Secretary Health लिखते हैं....

Mr. Speaker : These are official documents.

श्री प्रबोध चन्द्र : Deputy Secretary Health लिखता है—

> I have nothing to add to what I have already said. I have instructions to say what I have already written in the letter.

तो, स्पीकर साहिब, जब अफसरों को इस तरह वज़ीर साहिबान के whims पर लगाया जाता है, उन से मनमानी करवाई जाती है तो ऐसी हालत में मैं समझता हूँ कि इस महकमे को एक रुपया भी देना पब्लिक के साथ नाइन्साफी करने के बराबर होगा।

इसके साथ ही, स्पीकर साहिब, मेरा एक और बड़ा ज़बर्दस्त चार्ज हकूमत के खिलाफ है। वह यह कि यह हकूमत किसी कायदे कानून के मुताबिक नहीं चलती बल्कि एक ही इन्सान की ज़ाती whims के ऊपर चलती है। सरकारी नौकर नहीं समझते कि वह हकूमत के नौकर हैं। आज पंजाब के अन्दर भी सभी अफसर यही समझते हैं कि अगर उन की नौकरी है तो एक आदमी की खिदमत करने पर यानी अगर एक आदमी को खुश कर दें तो उन की नौकरी रह सकती है। उसी को खुश करने से उन को तरक्की मिल सकती है, अगर वह आदमी नाराज़ है तो उन का कहीं ठिकाना नहीं। जनाब, इसके लिये मेरे पास सबूत मौजूद है किस तरह से वह रुपया जो कि बजट में इसलिये दिया जाता है कि Medical Department उन ग़रीब आदमियों की दवाई करने के लिये खर्च करे जो कि अपने पास से अपना इलाज भी नहीं करा सकते, चीफ मनिस्टर साहिब और उन के खानदान के ज़ाती इलाज के लिये इस्तेमाल किया जाता है। स्पीकर साहिब, मेरे पास actual receipts मौजूद हैं कि किस तरह जालन्धर वग़ैरा से कीमती दवाइयां, चीफ मनिस्टर साहिब के घर, उन की बीवी के रिश्तेदारों और बेटों के रिश्तेदारों के घर पहुँचती हैं। जब सिवल सर्जन कहता है कि यह दवाई तो बड़ी कीमती है, मैं ला नहीं सकता तो कहा जाता है कि जब तक सरदार जो बैठे हैं, आप को किस बात का फिक्र है।

जनाब, tape recording मेरे पास है कि किस तरह public fund जो अवाम की बीमारी दूर करने पर खर्च किया जाना था दवाइयों की शक्ल में तोहफे के तौर पर Chief Minister साहिब के घर में आता है। यह मुझे पता नहीं कि यह बात Chief Minister साहिब के इल्म में है या नहीं। अगर नहीं है तो मैं कहता हूँ कि जिस शख्स को अपने घर का ही पता नहीं कि उस की छत के नीचे क्या हो रहा है वह पंजाब बारे क्या खबर रख सकेगा जिस में एक करोड़ 60 लाख इन्सान बसते हैं। आप मुझे इजाज़त दें कि मैं House में मशीन लगा कर tape सुना दूं।

[श्री प्रबोध चन्द्र]

(Opposition की तरफ से आवाज़ें : इजाज़त ज़रूर दी जानी चाहिये और यह House की property हो ।)

Mr. Speaker : Is tape record a document. ?

श्री प्रबोध चन्द्र : हां जी, आप मशीन लगा कर देखें यह खुद बखुद बोलेगा। हमारे जो नाखुदा हैं वह हमारे documents को कहते हैं कि ऐसे ही बनाए जाते हैं। उन को support करने के लिये यह tape लाया हूँ ।

श्री अध्यक्ष : इस में क्या है ? (What does this contain ?)

श्री प्रबोध चन्द्र : इस में यह है कि public के लिये जो पैसा मांगा जाता है उस को कहां इस्तेमाल किया जाता है ।

श्री अध्यक्ष : आप बजट बारे जो कहना चाहें कहें, इसे छोड़िए । (The hon. Member may say whatever he wants to say about the Budget and may leave this matter of tape record alone.)

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब, मैं इसे आप के पास रख दूंगा....

श्री अध्यक्ष : House में तो वह चीज़ रखी जाती है जो छप सके । (Those documents which can be printed are placed on the Table of the House).

(Opposition की तरफ से आवाज़ें : इस को सुनने का arrangement करवादें ।)

श्री अअध्य : आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ । (There is no such precedent (*interruptions*).

श्री अध्यक्ष : Order please आप इसे lobbies में सुनियें । (Order please. The hon. Members may listen to it in the lobbies.]

चौधरी इन्द्र सिंह : जनाब, यह Table पर आना चाहिए ।

श्री अध्यक्ष : कौन से rule के तहत आप House में Tape record बजा सकते हैं ? (Under what rule can the tape record be played in the House ?)

चौधरी इन्द्र सिंह : जनाब rules भी तो आप ने ही interpret करते हैं। (*interruptions*)

Mr. Speaker : I can not allow a tape record to be placed on the Table of the House.

श्री राम प्यारा : जनाब, नई conventions से भी फायदा उठाना चाहिए ।

श्री अध्यक्ष : अगर आज मैं tape record बजाने की इजाज़त दे दूं तो यह तो बाजाखाना बन जायगा । (If I were to allow this tape record to be played here, then this hall will become a concert hall.) (*Interruptions*) Please resume your seat.

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब, इसे यहां पेश करते हुए मुझे कोई खुशी नहीं होती । जनाब, यहां पर बात २ पर कहा जाता है कि हम administration में दखल नहीं देते । यह बतायगा कि किस तरह कदम कदम पर दखल दिया जाता है । यह बतायगा कि सिनेमा किस का है, National Motors की Agency किस की है । इस से जाहिर होगा कि Chief Minister की residence से बीसियों telegrams जाती कारोबार के लिए गई हैं । जनाब, यह ज़ाहर करेगा कि पटियाले का सिनेमा किस का है । जनाब, इस से पता चलेगा कि अफसरों को कैसे स्तेमाल किया जाता है । जनाब, जब कांग्रेस हाई कमांड ने एक बच्ची के बारे दरियाफ्त किया तो Chief Minister के बेटे ने कहा कि हमारा उस से क्या ताल्लुक है । जनाब यह बतायगा........

Mr. Speaker: If the hon. Member wanted to say anything against the character and conduct of a Minister it could be done only through a substantive motion.

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब, मैं किसी Minister के खिलाफ कुछ नहीं कहता । मैं तो बताना चाहता हूँ कि किस तरह उसे कहा गया कि फलां अफसर से मिल कर चिट्ठी लिखाओ और छपवाओ । मैं बताना चाहता हूँ कि services को कैसे इस्तेमाल किया गया है उस बच्ची की इज्ज़त खराब करने के लिए और कहा यह जाता है कि हमारा उस से ताल्लुक नहीं । पटियाला के सिनेमा के बारे में कहा था कि यह हमारा नहीं है । मैं आप के नोटिस में एक A.S.I. का case लाना चाहता हूं जो यहां के Law and Order की administration की घिनाउनी तसवीर पेश करता है । इन्होंने उस सिनेमा के लिए रेत, बजरी वगैरह के लिए एक truck किया जिस का न नम्बर और न ही license था । वह इतना rash चलता था कि बनूर के पास उस ने एक बैल को कुचल दिया । A.S.I. के पास शिकायत पहुंची । चुनांचि उस ने जब उसे रुकने को कहा तो driver बारी में से मुंह निकाल कर कहता है तुम्हें पता नहीं यह किस का truck है ? और भाग जाता है । A.S.I. कूद कर उस में चढ़ जाता है । आगे राजपुरा का फाटक बन्द है और उस का चालान कर देता है । उसी वक्त Chief Minister की जीप........

Mr. Speaker: I dont allow. This is not an impeachment of any Minister or Ministry.

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब उस ने रोज़नामचे में लिखा कि मुझे S. P. और D.I.G. ने धमकाया ....

श्री अध्यक्ष : अगर आप ने किसी वज़ीर के conduct को attack करना है तो बाकायदा substantive motion के ज़रिये करें । (If the hon. Member wants to attack the conduct of any Minister then he should do so through a regular substantive motion.)

ी प्रबोध चन्द्र : जनाब, मैं बता रहा था कि किस तरह S.P. और D.I.G. ने उस A.S.I. को कहा कि रोज़नामचा फाड़ दो । मैं पंडित जी को तकलीफ नहीं देना चाहता। मगर यह देखें कि इसमें सच्चाई है या नहीं । (घंटी) इसी तरह मेरे पास एक statement की certified copy है जो काफी रुपए खर्च कर के मैंने हासिल की है। इस में सरदार सुरिन्दर सिंह कैरों ने कहा है कि हमारी जद्दी जायदाद इतने एकड़ थी.....

श्री अध्यक्ष : मैं अर्ज़ कर दूं कि यह बहस बजट पर हो रही है। इस के बारे में आप general तौर पर कह सकते हैं कि law and order है या नहीं लेकिन अगर आप किसी वज़ीर की impeachment शुरू कर दें तो यह गलत ढंग है। अगर आप ने किसी वज़ीर के खिलाफ कहना है तो proper ढंग से कहें, सही ढंग से यहां लाएं। (I may state that the Budget is under discussion. The hon. Member may remark about the law and order situation in a general way but if he starts impeaching any Minister then it will be a wrong thing. If he wants to say something about any Minister then he should proceed according to the procedure.)

श्री प्रबोध चन्द्र : मैं किसी का नाम नहीं लूंगा ।

श्री अध्यक्ष : आप की जो speech है यह तो impeachment की speech है, बजट पर speech नहीं है। (The hon. Member's speech is an impeachment speech and not a budget speech.)

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब, मेरे कहने का मतलब यह है कि services जिन पर हम हर साल लाखों करोड़ों रुपया खर्च करते हैं, अपने फर्ज़ से कोताही करती हैं। आज services इतनी demoralise हुई हुई हैं कि एक नौजवान लड़के के इशारे पर चल रहीं है। मैं एक बड़े आफिसर का जिक्र करना चाहता हूं और बतलाना चाहता हूं कि किस दर्जे तक यह demoralisation हुई है। एक अफसर चंडीगढ़ से बटाले के लिए जा रहा था। मैं भी दिल्ली से आ रहा था। तो पहले जिस डिब्बे में वह बैठा था मैं भी उसी डिब्बे में by chance पहुंच गया। तो वह अफसर कहता है अच्छा आप भी यहीं हैं। मैंने कहा हां मैं बटाले जा रहा हूं। थोड़ी देर में उसने अपने steno से कह कर अपना सामान उतरवा दिया और दूसरे डिब्बे में चला गया। और वह अपने compartment से निकला ही नहीं हालांकि उसका wel-come करने के लिए बटाले स्टेशन पर लोग खड़े रहे । यह, जनाब, demoralisation की हद है ।

4 p.m.

अब मैं education की बात करना चाहता हूं कि इस department की तरफ से यह फैसला हुआ कि किताबें खुद छापेगा मगर 20 फरवरी को एक meeting होती है और उसमें फैसला करके किताबें अपने चहेतों को छापने के लिए दे दी जाती हैं। और वह आदमी कौन हैं ? वह हैं वे लोग जो लाला जगतनारायण के खिलाफ गवाह इस्तेमाल किए गए थे। मैं जनाब इस रवैये की सख्त मुखालफत करता हूं कि इस तरह से सरकार का रुपया ज़ाया किया जाय। मैं ने भी पढ़ा है और जनाब आपने भी परसों के टाइम्स आफ इंडिया में पढ़ा होगा कि Andhra State के एक मिनिस्टर ने resignation दे दिया सिर्फ इसलिए कि High Court के Judge ने यह Judgment दिया था कि उसकी intention ठीक नहीं थी।

लेकिन यहां एक आफिसर के खिलाफ High Court का judgment है जिसमें यह कहा गया है कि जो फैसला आफिसर ने दिया है वह इसलिए दिया है कि वह अफसर एक मिनिस्टर को खुश करना चाहता था . . . . .

"It is simply a case where in order to carry out the supposed wishes of a Minister and as I have said to stand out in his esteem, the officer concerned has completely flouted the law"

अब, जनाब, जहां तक taxes लगाने का ताल्लुक है मैं नहीं कहता कि टैक्स न लगाए जाएं। बेशक लगाइए लेकिन उस हद तक जहां तक कि गरीब जनता उसको बर्दाश्त कर सके। और जो रुपया इस तरह से लिया जाए उसकी एक एक पाई का हिसाब अच्छे मुनीम की तरह रखा जाए। अखीर में यह बात भी कह देना चाहता हूं (घंटी) बस जनाब, वह यही कि जहां मिनिस्टरों की कोठियों में पंखे चलते हैं, हीटर और कूलर का प्रबन्ध है बिजली का पूरा प्रबन्ध है वहां मैं यह चाहता हूं कि गरीब की उस झोंपड़ी को भी रोशन करें जहां एक टिमटिमाता दिया भी नहीं है। और एक बात यह रह गई जो मैं अपने वज़ीरों को और दोस्तों को बतलाना चाहता हूं कि यौमे हिसाब आने वाला है जब कि कारनामों का गिन गिन कर हिसाब लिया जाएगा। तो मैं नहीं चाहता कि कांग्रेस जिसने मुल्क की हमेशा से सेवा की है वह तबाह हो जाए। इन अल्फाज़ के साथ मैं बैठता हूं कि कांग्रेस अपने आप को सुधारे और देश की सेवा के योग्य बने।

श्रीमती सरला देवी (हमीरपुर) : माननीय स्पीकर साहिब, हमारे वित्तमंत्री महोदय ने जो बजट इस हाउस में पेश किया है मैं उसके लिए मुबारिकबाद पेश करती हूं।

जहां तक इस बजट का ताल्लुक है इसमें figures देखने से पता चलता है कि 96 लाख का घाटा बताया गया है। इस के सम्बन्ध में मैं सोचती हूं कि अगर हमारी स्टेट में किसी किस्म की agitation न चले तो इस घाटे का असर नहीं पड़ सकता बल्कि हमारा काफी फायदा हो सकता है और जब हमारा मुल्क आज़ाद हो गया है तो यह हमारा लाज़िमी फर्ज़ हो जाता है कि हम जो यहां के बाशिन्दे हैं चाहे हिन्दू हों, सिख हों ईसाई हों या मुसलमान हों कोई भी हों हमें एक हो कर रहना चाहिए और हमारे अन्दर ज़बर्दस्त इत्तिफाक होना चाहिए, ताकि देश को आगे ले जा सकें।

(At this stage Mr Deputy Speaker occupied the Chair)

दूसरे मैं पंजाब सरकार का ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहती हूं कि आज-कल महंगाई बढ़ रही है। इस को रोकने के लिए पंजाब सरकार कदम उठा रही है। Agriculture में भी आगे बढ़ी है। इस तरह से मैं आप को कुछ figures बताना चाहती हूं कि 1961 में हमारे [illegible] मन्त्री जी ने कहा था कि 1959 में price index 111.8 था। 1960 में 11[illegible] हो गया। इस का मतलब यह है कि भाव $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत बढ़ गया। दूसरी चीज़ें जो हमारी [illegible]न्दगी से सम्बन्ध रखती हैं उनकी कीमतों की पोज़ीशन यह है कि 1959 में 115 थी और 1961 में 122.4 हो गई। कहने का मतलब यह है कि महंगाई बहुत ज्यादा बढ़ गई है।

अब मैं आप का ध्यान ज़िला कांगड़ा की तरफ दिलाना चाहती हूं। ज़िला कांगड़ा के अन्दर अभी न कोई industry है और न कोई और कमाई का साधन है। बड़े Agriculturists ज़िला कांगड़ा में है ही नहीं क्योंकि भूमि ज्यादा नहीं। आज हालत यह है कि खाने की सारी चीज़ें होशियारपुर से जाती हैं। हम उन के रहम पर हैं। आज ज़िला कांगड़ा हर लिहाज़ से नीचे जा रहा है। हमारे मुख्य मन्त्री का ध्यान ज़िला कांगड़ा की तरफ लगा हुआ है कि इसे कैसे ऊपर। Industries मिनिस्टर का भी मैं धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने ज़िला कांगड़ा की

[श्रीमती सरला देवी]
तरफ ध्यान दिया है। ज़िला कांगड़ा के अन्दर industrial estate बननी थी लेकिन यह मैं समझ नहीं सकी कि भटिंडा का नाम तो आ गया लेकिन कांगड़ा की स्कीम कहां छुपी रही। उम्मीद है कि वज़ीर Industries इस बात की तरफ पूरा पूरा ध्यान देंगे। सोनीपत, लुध्याना और बटाला के अन्दर industry तरक्की कर रही है। गवर्नर साहिब के एड्रेस में भी ज़िक्र आया था कि ज़िला कांगड़ा के अन्दर cement factory लगाई जा रही है। मैं उन का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने यह भी फैसला किया है कि मासूम बच्चों को भी रोज़ी मिल सके। कागज़ की फैक्ट्री भी लग रही है। ज़िला कांगड़ा की गुरबत की यह हालत है कि वहां पर कोई भी बड़ा सरमायादार नहीं मिलता जैसे कि पंजाब में मिलते हैं। मैं समझती हूं कि co-operative sector की ज़्यादा से ज़्यादा मदद करनी चाहिए ताकि लोगों के अन्दर co-operative की भावना पैदा हो, और वे industry का काम कर सकें। दूसरे अगर वे कोई निजी industry या फैक्ट्री लगाना चाहते हैं तो सरकार ज़्यादा से ज़्यादा मदद करे ताकि लोगों में देश की स्वतन्त्रता की झलक पैदा हो सके और लोगों के अन्दर यह भावना पैदा हो कि कांगड़ा का ज़िला भी स्वतन्त्र है। यहां पर manpower और electric power दोनों हैं, raw material भी मिलता है, लाखों मन ऊन पैदा होती है लेकिन इस का फायदा पानीपत और अमृतसर वाले उठाते हैं, गवर्नमेंट ने वहां कोई प्लांट नहीं लगाया। इस का नतीजा यह है कि businessmen आते हैं और उस का फायदा उठाते हैं। गद्दियों को सरकार ने backward करार दिया है अगर industry के inspector उन को organise कर के उनकी co-operative societies बनाएं और उन को subsidies दी जाएं और पालमपुर में प्लांट लगा सकें तो वे लोग फायदा उठा सकते हैं। आज ये लोग भेड़ों को लिए हुए मारे मारे फिरते हैं। पिछले साल हमारी tea estates को पांच लाख रुपया दिया गया था कि कारखाना लगाया जायगा। लेकिन यह रुपया वहां पर खर्च ही नहीं किया गया और कोई स्कीम ही नहीं बन सकी। मैं इण्डस्ट्री मिनिस्टर साहिब को प्रार्थना करूंगी कि वे ज़रूर इस बात की तरफ ध्यान दें।

तीसरी बात मैं education के मुतल्लिक कहना चाहती हूं। गवर्नमेंट 12,77,31,460 रुपया education पर खर्च कर रही है। यह खुशी की बात है। हमारी गवर्नमेंट इस के लिए मुबारकबाद की हकदार है कि उस ने पिछले साल से डेढ़ करोड़ रुपया ज़्यादा रखा जब कि उसे काफी रुपया agitation पर खर्च करना पड़ा। इस के साथ education भी compulsory की है और यह बहुत बड़ा कदम उठाया गया है जिन की आमदन 100 रु० तक होगी उन के बच्चों की फीस मुआफ की जायगी। State Government के स्कूलों के लिए 5 लाख रुपया रखा है, 7 लाख 50 हज़ार रुपया प्राईवेट स्कूलों के लिए और 31 लाख 91 हज़ार रुपया मिडल स्कूलों को हाई करने के लिए रखा है। मैं शिक्षा मन्त्री से प्रार्थना करूंगी कि upgrading के लिए कोटा सिस्टम नहीं होना चाहिए। इस की वजह यह है कि निचले ज़िले plain होते हैं, वहां पर सड़कें होती हैं जहां बच्चे आसानी से आ जा सकते हैं; लेकिन पहाड़ी इलाके में खड्डें होती हैं इसलिए उन के लिए upgrading की ज़्यादा provision होनी चाहिए। हमारे हमीरपुर में 7 कवालू और 10 नालू हैं। इस लिए बरसात के तीन महीने बच्चे स्कूल नहीं जा सकते और नतीजा यह होता है कि जब Subordinate Services Selection Board में मुकाबले का सवाल आता है तो वे पीछे रह जाती हैं।

डिप्टी स्पीकर साहिब, दस दस मील के फासले पर स्कूल हैं और जब खड्डें चढ़ जाती हैं तो चार २ महीने बच्चे स्कूलों में नहीं जा सकते। इस का कुदरती नतीजा यह निकलेगा कि लड़के इम्तहान में अच्छे नम्बर नहीं ले सकेंगे और अच्छी २ posts के लिए select नहीं हो सकेंगे।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिब, शिक्षा मन्त्री ने यह बात कही थी कि अब की दफा सोचेंगे कि ज़िला कांगड़ा के सकूलों को upgrade करना है या नहीं क्योंकि teachers वह जाने के लिए अपनी मजबूरी ज़ाहिर करते हैं। डिप्टी स्पीकर साहिब, एक तरफ तो हमारी गवर्नमेंट कहती है कि कांगड़ा को हम ने Switzerland बनाना है, और यहां से फौज के लिये भरती लेनी है लेकिन दूसरी तरफ यह कहते हैं कि हम ने वहां के स्कूलों को upgrade नहीं करना। मैं तो सरकार से प्रार्थना करूंगी कि वहां दो २ मील के फासले पर स्कूल होने चाहियें और teachers की recruitment करते वक्त यह condition लगा देनी चाहिये कि teachers जो appoint किये जाएंगे उन्हें हर ज़िले में काम करना लाज़मी होगा। कांगड़ा जिला में कई ऐसे स्कूल हैं जहां अरसा से कोई Headmaster नहीं है। अगर शिक्षा की यही हालत रही तो हम तरक्की नहीं कर सकेंगे। अभी हिन्द सरकार ने 19 करोड़ रुपया hilly areas की development के लिये दिया है। इसलिये मैं समझती हूं कि सरकार को Degree Colleges खोलने की तरफ ध्यान देना चाहिये। एक Degree College कुल्लू में खोलना चाहिए और एक हमीरपुर तहसील में। आज कल लड़के होशियारपुर और धर्मसाला में जा कर शिक्षा हासिल करते हैं। यह खुशी की बात है कि एक सैनिक स्कूल रोहतक में खोला गया है और दूसरा नाभा में है। मैं गवर्नमेंट से प्रार्थना करूंगी कि एक सैनिक सकूल कांगड़े में भी होना चाहिये। जहां तक नौजवानों को फौज में भरती किये जाने का सवाल है, सब से ज्यादा भरती ज़िला कांगड़ा और खास कर तहसील हमीरपुर से दी जाती है। मैं यह नहीं कहती कि सैनिक स्कूल तहसील हमीरपुर में ज़रूर खोला जाए, यह बेशक किसी जगह ज़िला कांगड़ा में खोला जाए।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिब, मुझे इस बात की खुशी है कि मेरी बहन मिस सरला खन्ना को D.P.I. appoint किया गया है। इस में कुछ शक नहीं कि हमारी बहन बहुत काबिल है और डिप्टी कमिश्नर भी रही है। उसे किसी आला administrative post पर तइनात किया जाना चाहिये था। यह जो Education Minister या Deputy Minister ने पालिसी अख्तियार की है कि D.P.I. किसी I.A.S. को लगाया जाए मैं इस की विरोधता करती हूं। मैं समझती हूं कि किसी educationist को D.P.I मुकर्रर किया जाना चाहिये था। मैं ने पिछले दिनों पढ़ा कि Government of India ने Mr. Seargent को लण्डन से बुलाया जिन्होंने education की survey की। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि किसी Educationist को D.P.I. मुकर्रर करना चाहिये। यहां बड़े २ अफसर जो यह खयाल दिल में लिये बैठे थे कि वे D.P.I. बनेंगे उन के तरक्की के chances बिल्कुल खत्म हो गये हैं। इस का क्या नतीजा निकलेगा। Education Department में जो officers, assistants और clerks बैठे हैं उन की तरक्की की राहें बन्द कर दी गई हैं। गवर्नमेंट ने यह इरादा किया है कि Assistant Establishment Officers की recruitment बाहर से की जाएगी। डिप्टी

[श्रीमती सरला देवी शर्मा]

स्पीकर साहिब, अगर clerks को वक्त पर promotions न मिलें तो कुदरती तौर पर उन के हौसले पस्त हो जाते हैं। यही लोग होते हैं, जिन के कंधों पर सारी administration का बोझ होता है। वे रात दिन मेहनत करते हैं लेकिन अगर उन को promotion से महरूम कर दिया जाए तो उन में demoralisation पैदा हो जाएगी और इस तरह से हमारा सूबा आगे नहीं बढ़ सकेगा। डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं आप की विसातत से गवर्नमेंट से अपील करूंगी कि मिस सरला खन्ना को D.P.I. की बजाए Secretary, education बनाया जाए या किसी और high post पर लगाया जाए लेकिन D.P.I. एक educationist होना चाहिये। (घंटी की आवाज़) डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं दो मिनट और लेना चाहती हूं। आज हमारे सूबे में पंचायती राज कायम हो गया है। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब बहुत मेहनती और काम करने वाले हैं। उन के दिल में सूबे को आगे ले जाने की लगन है। Cabinet के सारे मिनिस्टर उन के साथ पूरा तआवन करते हैं—सहयोग देते हैं। उन्होंने सूबे को socialistic pattern पर लाने की कोशिश की है, भूख और अफलास को दूर करने की कोशिश की है जैसा कि मेरे भाई सरदार दरबारा सिंह ने बताया। मैं इस के लिये सारी cabinet के मैम्बरों को वधाई देती हूं जो चीफ मिनिस्टर की रहनुमाई में काम कर रहे हैं। यहां पंचायतें बनीं और महात्मा गांधी के विचारों के मुताबिक बनीं। उन की खाहिश थी कि हमारे देश में पंचायती राज कायम हो। अब सारे अख्तियारात पंचायतों के सुपुर्द किये गये हैं। हमारी गवर्नमेंट ने एक निहायत अच्छा कदम उठाया है कि जिन पंचायतों की elections मुत्तफिका तौर पर हुई हैं उन पंचायतों का मामला बिल्कुल माफ कर दिया गया है। 43 लाख के करीब ऐसी पंचायतों को रुपया मिलेगा। मगर कांगड़ा ज़िला की आमदन क्या हो सकती है और उस से पंचायतों को क्या लाभ पहुंच सकता है। अव्वल तो वहां जमीन नहीं है। ज़मीन न होने के कारण अनाज कम पैदा होता है वह भी तब जब इन्द्र देवता प्रसन्न हो कर बारिश बरसाए। अगर बारिश न हो तो अनाज पैदा नही होता। किसी पंचायती हलके में वहां मामला पांच रुपये, किसी में 10 रुपये और ज़्यादा से ज़्यादा किसी में 100 रुपया होगा। उन पंचायतों को असल में फायदा हुआ है जो 10 या 20 हज़ार रुपया मामला देती हैं। लुधियाना और जालंधर जिलों में मामला ज़्यादा है लेकिन कांगड़ा ज़िला में मामला बहुत कम है। गवर्नमेंट के इस फैसले से हमारे ज़िले को कोई फायदा नहीं पहुंचा। इन हालात में मैं गवर्नमेंट से अपील करती हूं कि हमारे ज़िले के लिये जहां हमारे चीफ मिनिस्टर दिलचस्पी ले रहे हैं और जिस ज़िले में कुदरती तौर पर जंगल ही जंगल हैं उस के मुतल्लिक सरकार को जल्दी से जल्दी फैसला करना चाहिए। बन सरकार का जो रक्बा है उस का मामला तो किसान देता है लेकिन मालिक गवर्नमेंट है। शामलात देह की आमदन हमारे ज़िले में पंचायतों को जानी चाहिये। तब तो हमारी भलाई हो सकती है। हमारे ज़िले में सड़कें भी बनेंगी, हस्पताल भी बनेंगे। मैं समझती हूं कि सरकार हमारे ज़िले की development के लिये काफी कदम उठा रही है और मैं उम्मीद करती हूं कि वह आयंदा भी इसे develop करने के लिए और कदम उठायेगी। मैं हाउस का ज्यादा समय न लेते हुए, डिप्टी स्पीकर साहिब, आप का धन्यवाद करती हूं, अपने

चीफ मिनिस्टर साहिब का धन्यवाद करती हूं, cabinet के मिनिस्टरों का धन्यवाद करती हूं जो हमारे ज़िले के विकास के लिये बड़े २ कदम उठा रहे हैं। अगर हमारी सरकार की कोशिशें इसी तरह जारी रहीं तो हमारा ज़िला तरक्की के लिहाज़ से सब से आगे होगा और अपने देश पर कुर्बान होने के लिये पेश पेश होगा।

श्री उपाध्यक्ष : अब speeches के लिए कोई time limit रखनी पड़ेगी क्योंकि वक्त थोड़ा रह गया है और मेम्बर साहिबान ज्यादा बोलने वाले हैं। (Some time-limit will have to be fixed now, for the time now left is very short and still a large number of hon. Members want to speak.) (*interruptions*)

चौधरी इन्द्र सिंह : मेरी अर्ज़ यह है कि सरदार दरबारा सिंह जी को normal time से दुगना तिगुना time मिला है। इसके अलावा कोई uniformity भी रखी जानी चाहिए। दो उधर से बोल लें तो उसके बाद एक इधर से होना चाहिए।

श्री उपाध्यक्ष : ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है। (No such decision has been taken.)

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮ ਦਿਆਲ ਸਿੰਘ (ਲੁਧਿਆਣਾ ਦਖਣ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਬਜਟ ਦੇ ਬਾਰੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ opposition ਦੇ ਭਾਈਆਂ ਨੇ ਕੁਝ ਆਪਣੇ ਖਿਆਲਾਂ ਨਾਲ ਕਹੀਆਂ ਔਰ ਕੁਝ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਬੇ ਬੁਨਿਆਦ ਵੀ ਕਹੀਆਂ। ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦੀ ਗਲ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜੇ ਇਸ ਬਜਟ ਦੇ special features ਦੇਖੀਏ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਇਹ ਕਿਤਨਾ ਲੋਕ ਭਲਾਈ ਵਾਲਾ ਬਜਟ ਹੈ। Crop Insurance Scheme ਜਿਹੜੀ ਸਿੱਧੀ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਨਾਲ ਤਾਅੱਲੁਕ ਰਖਦੀ ਹੈ ਉਹ ਇਥੇ introduce ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਕਲਾਸ IV ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵੀ ਇਸੇ ਬਜਟ ਵਿਚ ਹੀ ਵਧੀਆਂ ਹਨ। ਫਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਪੰਜ ਏਕੜ ਤਕ ਦੇ ਮਾਲਕਾਂ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਪਹਿਲ ਜਿਹੜਾ ਮਾਲੀਆ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਉਹ ਪਹਿਲਾਂ ਸਰਕਾਰੀ ਖਜ਼ਾਨੇ ਵਿਚ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਮਗਰ ਹੁਣ ਉਹ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਜਾਇਆ ਕਰੇਗਾ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਅਠਵੀਂ ਤਕ ਸਾਰਿਆਂ ਸਕੂਲਾ ਵਿਚ ਮੁਫਤ ਤਾਲੀਮ ਲੜਕਿਆਂ ਲਈ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਔਰ ਲੜਕੀਆਂ ਲਈ ਨੌਵੀਂ ਤਕ ਮੁਫਤ ਤਾਲੀਮ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਤਾਲੀਮ ਲਾਜ਼ਮੀ ਅਤੇ ਮੁਫਤ ਕਰ ਦੇਣਾ ਇਹ ਵੀ ਇਸ ਬਜਟ ਦੀ ਇਕ ਖਾਸ ਗਲ ਹੈ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਇਸ ਸਾਲ ਖਾਸਾ ਖਰਚ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਸ ਸਾਲ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਇਕ ਹੋਰ ਬਹੁਤ ਵੱਡੀ ਰਿਆਇਤ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਉਸ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਭਾਵੇਂ ਇਸ ਬਜਟ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਮਗਰ ਮੈਂ ਇਥੇ ਦਸੇ ਬਿਨਾ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦਾ। ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸਾਨ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਜਿਹੜੀ ਉਸ ਦੀ ਅਨਾਜ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਤੇ ਚੁੰਗੀ ਵਸੂਲ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਸੀ ਉਹ ਹੁਣ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਮੁਆਫ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਇਹ ਵੀ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਉਚਾ ਚੁਕਣ ਵਾਲੀ ਗਲ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਤੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਹੀ ਤਾਂ 24 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਇਸ ਸਾਲ ਕਲਾਸ IV ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਤੇ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਹੈ। ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ 9 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ Crop Insurance Scheme ਤੇ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਹੈ। 24 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਮੁਫਤ ਔਰ compulsory education ਤੇ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਬਹਤ ਸਾਰਾ ਰੁਪਿਆ ਜਿਹੜਾ ਪਹਿਲੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮਾਲੀਏ ਵਜੋਂ

[ਸਰਦਾਰ ਰਾਮ ਦਿਆਲ ਸਿੰਘ]

ਆਉਂਦਾ ਸੀ ਉਹ ਹੁਣ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਚਲਾ ਜਾਣਾ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਪਿਛਲੀ ਪੰਜ ਸਾਲਾਂ ਪਲਾਨ ਦੇ ਅਖੀਰਲੇ ਸਾਲ ਦੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜਾ development ਔਰ social welfare ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਸੀ ਉਹ ਸਿਰਫ 21 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਸੀ ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਸਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੰਮਾਂ ਲਈ ਤਕਰੀਬਨ 39 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਰਕਮ ਤਕਰੀਬਨ ਦੁਗਣੇ ਦੇ ਕਰੀਬ ਬਣਦੀ ਹੈ। ਸੋ ਇਹ ਜਿਤਨਾ ਵੀ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਸਿੱਧਾ ਗਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਹੀ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚਣਾ ਹੈ। ਪਰ ਇਹ ਪੈਸਾ ਆਉਣਾ ਕਿੱਥੋਂ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਲਾਉਣੇ ਚਾਹੀਦੇ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦਾ ਈਮਾਨਦਾਰ ਸ਼ਹਿਰੀ ਹੈ ਉਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਟੈਕਸਾਂ ਨੂੰ ਕਦੀ ਵੀ criticise ਨਹੀਂ ਕਰੇਗਾ। ਜਿਹੜੀ entertainment duty ਵਧਾਈ ਗਈ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਨੂੰ welcome ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਜਿਹੜੇ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਮਹਿਜ਼ ਪਰਾਪੇਗੰਡਾ ਦੀ ਖਾਤਿਰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਟੈਕਸ ਜਾਇਜ਼ ਨਹੀਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਐਸਾ ਨਹੀਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਜੇ ਕੋਈ ਟੈਕਸ ਲਾ ਕੇ ਗਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਔਰ ਪਿਛੜੇ ਹੋਏ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ welcome ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਉਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ exploit ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਛੀਨਾ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਬੜੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ speech ਕੀਤੀ ਔਰ ਕਿਹਾ ਕਿ rich richer ਹੁੰਦਾ ਜਾਏਗਾ ਔਰ poor poorer ਹੁੰਦਾ ਜਾਏਗਾ। ਬੜੇ bombastic ਲਫਜ਼ਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ speech ਕੀਤੀ। ਮਗਰ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਖੋਦਿਆ ਪਹਾੜ ਔਰ ਨਿਕਲਿਆ ਚੂਹਾ' ਵਾਲੀ ਗਲ ਕੀਤੀ। ਮਗਰੋਂ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਕਿ ਇਕ ਸਰਪੰਚ ਹਟਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਸ ਸਰਪੰਚ ਨੂੰ ਜਾਣਦਾ ਹਾਂ। ਉਹ ਬੋਪਾ ਗਏ ਪਿੰਡ ਦਾ ਹੈ ਔਰ ਮੈਂ ਇਹ ਵੀ ਜਾਣਦਾ ਹਾ ਕਿ ਉਹ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਉਸ ਦੇ ਪਿੰਡ ਦਾ ਨਾਮ ਛੀਨਾ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਗਲਤ ਦਸਿਆ ਸੀ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜੇ ਕੋਈ ਰੂਸ ਦੀ ਗਲ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਚੀਨ ਦੀ ਗੱਲ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਿਤ ਦਾ ਇਹ ਪ੍ਰਾਪੇਗੰਡਾ ਕਰਦੇ ਹਨ ਔਰ ਆਪਣੇ ਮੁਲਕ ਦੀ ਵਫਾਦਾਰੀ ਇਹ ਧੇਲੇ ਦੀ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਔਰ ਦੂਸਰੇ ਮੁਲਕਾਂ ਦੇ ਵਫਾਦਾਰ ਬਣਦੇ ਹਨ। ਬਾਹਰਲਾ ਜੇ ਕੋਈ ਬਰਾਏਨਾਮ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਵੀ ਕੋਈ ਗਲ ਆਖੇ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਇਹ ਮੰਨ ਲੈਣਗੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤਾਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਬੇੜਾ ਹੀ ਗਰਕ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ।

ਡਾਕਟਰ ਭਾਗ ਸਿੰਘ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕੀ ਇਹ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਬਜਟ ਤੇ ਬੋਲ ਰਹੇ ਹਨ।

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮ ਦਿਆਲ ਸਿੰਘ : ਹਾਂ ਜੀ, ਮੈਂ ਬਜਟ ਤੇ ਹੀ ਬੋਲ ਰਿਹਾ ਹਾਂ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਦੂਸਰੇ ਮੁਲਕਾਂ ਦੇ ਕਮਿਊਨਿਸਟ ਆਪਣੇ ਮੁਲਕਾਂ ਲਈ ਵਫਾਦਾਰ ਹਨ ਮਗਰ ਇਹ ਆਪਣੇ ਮੁਲਕ ਦੇ ਵੀ ਵਫਾਦਾਰ ਨਹੀਂ ਹਨ।

ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰੇ ਭਾਈ ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ ਇਥ ਬੈਠੇ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਰਾਜਿਆਂ ਮਹਾਰਾਜਿਆਂ ਦੀ ਗੱਲ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜੇ ਰਾਜਿਆਂ ਮਹਾਰਾਜਿਆਂ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਨੇ ਹਟਾਇਆ ਹੈ, ਜੇ ਕਿਸੇ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਿਰ ਨੀਵਾਂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਕਾਂਗਰਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਹੀ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਹੋਰ ਕਿਸੇ ਨੇ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। (*Interruption by Kanwarani Jagdish Kaur*)

Mr. Deputy Speaker : Order, please.

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮ ਦਿਆਲ ਸਿੰਘ : ਇਸ ਲਈ ਜੇ ਕੋਈ ਰਾਜਾ ਜਾਂ ਮਹਾਰਾਜਾ ਆਪਣੀ aristrocracy ਨੂੰ ਛਡ ਕੇ socialist pattern ਦੀ society ਕਾਇਮ ਕਰਨ ਦੀ ideology ਨੂੰ ਅਪਨਾਉਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਾਂਗਰਸ ਪਾਰਟੀ ਉਸ ਦਾ ਸਵਾਗਤ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਜੇ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦਾ ਕੋਈ ਰਾਜਾ ਇਸ State ਵਿਚ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਹੈ ਰਾਜਾ ਨਾਲਾਗੜ੍ਹ ਜਿਹੜਾ ਕਿ personal property ਅਤੇ ਦੂਜੀ' ਹਰ ਇਕ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਛਡਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਉਸ ਨੂੰ welcome ਕਰਨ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹਾਂ। ਜਿਸ ਨੇ ਆਪਣੀ ਪੁਰਾਣੀ aristocratic mentality ਨੂੰ ਛਡ ਦਿੱਤਾ ਹੋਵੇ ਤੇ socialist pattern ਦੀ ideology ਨੂੰ ਮੰਨ ਲਿਆ ਹੋਵੇ ਉਸ ਦਾ ਅਸੀਂ ਕਿਉਂ ਨਾ ਸਵਾਗਤ ਕਰੀਏ। ਹਾਂ, ਕੁਝ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਭਾਈ ਨੇ ਜਿਹੜੇ ਪਿਛ੍ਹਾਂ ਖਿੱਚੂ mentality ਰਖਦੇ ਨੇ ਅਤੇ ਸੁਤੰਤਰ ਪਾਰਟੀ ਦਾ ਢੌਂਗ ਰਚ ਰਹੇ ਨੇ। ਆਪਣੀ ਰਾਜਸੀ ਤਾਕਤ ਦੀ ਖਾਤਰ ਉਹ ਇਸ ਨਵੇਂ social order ਨੂੰ ਰੋਕ ਰਹੇ ਹਨ।

ਪੰਡਿਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : On a point of order, Sir. ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਅਗਰ ਇਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੂਜੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਨੂੰ discuss ਕਰਨਗੇ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ, ਤਾਂ ਕੀ ਦੂਜਿਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਖੁਲ੍ਹ ਹੋਵੇਗੀ ਕਿ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ party ਨੂੰ discuss ਕਰਨ ?

श्री उपाध्यक्ष : Order please. क्या आप ने पहली speeches सुनी थीं ? (Order please. Did the hon. Member hear the speeches delivered earlier ?)

पंडित राम किशन भड़ोलियां : हां जी पहले डाक्टर साहिब यहां मौजूद थे, अब मैं हूं ।

श्री उपाध्यक्ष: अगर कोई member पहली speaches को refer करे तो उसे कैसे रोका जाए । (How can any hon. Member be prevented from referring to speeches made earlier? Now I will not permit any hon. Member to refer to those matters which have no bearing on the Budget)

ਡਾਕਟਰ ਭਾਗ ਸਿੰਘ : ਪਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਿਧੀ speech ਕਿਸੇ party ਦੇ ਬਾਰੇ ਹੋਰ ਕਿਸੇ ਨੇ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਹ ਕਰ ਰਹੇ ਨੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਜਵਾਬ ਤਾਂ ਮੈਂ ਫਿਰ ਦਿਆਂਗਾ।

Mr. Deputy Speaker : Order, please.

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮ ਦਿਆਲ ਸਿੰਘ : ਹਾਲਾਂਕਿ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪਹਿਲੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਹੀਆਂ ਗਈਆਂ ਨੇ ਪਰ ਫਿਰ ਵੀ ਜੇ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਔਖਿਆਈ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਔਰ ਜੇ ਇਹ ਜ਼ਿਆਦਤੀ ਸਮਝੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਇਹ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਸਿਰਫ ਇਤਨੀ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕੋਈ ਇਸ time ਦੀ ਹਵਾ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰੇਗਾ ਜਾਂ ਜੋ ਜ਼ਮਾਨੇ ਦੀ ਰਫਤਾਰ ਅਗੇ ਆਏਗਾ ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਰਾਜੇ ਮਹਾਰਾਜੇ ਹੋਣ ਤੇ ਭਾਵੇਂ ਉਹ Communist ideology ਵਾਲੇ ਭਾਈ

[ਸਰਦਾਰ ਰਾਮਦਿਆਲ ਸਿੰਘ]

ਹੋਣ ਉਹ ਇਸ ਦੇ ਅਗੇ ਨਹੀਂ ਟਿਕ ਸਕਣ ਗੇ । (ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ) ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਰਾਜਿਆਂ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦੇ ਨੇ ਜੋ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਰਾਜੇ ਨੇ, ਜੋ ਇਧਰ ਆਏ ਨੇ, ਉਹ ਤਾਂ ਆਪਣਾ ਦਿਮਾਗ਼ ਦਰੁਸਤ ਕਰ ਚੁਕੇ ਹਨ ।

ਬਾਕੀ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਰਾਇਣ ਨੇ ਕਈ ਗੱਲਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ । ਕਿਉਂਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੁਝ personal ਗੁਸੇ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਸਿਰਫ ਇਤਨਾ ਹੀ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ—

ऐखते खाले यार तुझे ठीक बनाता
पर छोड़ दिया हाफ़िज़े क़ुरान समझकर

ਫਿਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰੇ ਭਾਈ ਜਿਹੜੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਥੇ development ਨਹੀਂ ਹੋਈ, ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸਣ ਲਈ industries ਵਿਚ ਹੋਈ, development ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਇਸ ਲਈ ਨਹੀਂ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿਉਂਕਿ ਕਿਸੇ ਕੋਲੋਂ ਛਿਪੀ ਹੋਈ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਨੇ industries ਵਿਚ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਧਿਆਨ agriculture ਵਲ ਦਿਵਾਵਾਂਗਾ । Agriculture ਦੇ ਬਾਰੇ ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗਨੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕੁਝ figures ਦਸੀਆਂ ਨੇ । ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਦੀਆਂ figures ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਸੀਆਂ ਨੇ ਸ਼ਾਇਦ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਦੀਆਂ ਦਸੀਆਂ ਹੋਣ ਜਿਥੇ floods ਆਏ ਸੀ ਜਾਂ ਜਿਥੇ ਸੇਮ ਨਾਲ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਮੈਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਤਨਾ ਹੀ ਯਾਦ ਦਿਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸੂਬਾ foodgrains ਵਿਚ deficit ਤੋਂ surplus ਹੋਇਆ ਹੈ ਔਰ ਸਾਰੇ ਹਿੰਦਸਤਾਨ ਨੂੰ ਅਨਾਜ ਦਿੰਦਾ ਹੈ ।

ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ partition ਤੋਂ ਪਹਿਲੇ ਇਸ ਸੂਬੇ ਦਾ ਉਹ ਹਿਸਾ ਦਿੰਦਾ ਸੀ ਔਰ granary of India ਕਹਿਲਾਉਂਦਾ ਸੀ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਉਸ ਪਾਸੇ ਰਹਿ ਗਿਆ ਹੈ ਔਰ ਜਿਸ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਉਧਰ ਛਡ ਆਏ ਹਾਂ । ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਬਾਰੇ ਮੇਰੀ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਦੀ Constituent Assembly ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਮੀਆਂ ਮੁਹੰਮਦ ਅਬਦੁਲਾ ਨਾਲ ਗੱਲ ਬਾਤ ਹੋਈ ਸੀ । ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਸੁਣਾਉ ਤੁਹਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦਾ ਕੀ ਹਾਲ ਹੈ ? ਕਿਤਨੀ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ? ਉਸ ਨੇ ਦਸਿਆ ਕਿ ਤਰੱਕੀ ਤਾਂ ਤੁਹਾਡੇ ਸੂਬੇ ਨੇ ਕੀਤੀ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਤਾਂ ਸਿਰਫ industry ਵਿਚ ਕੁਝ ਤਰੱਕੀ ਹੋਈ ਹੈ ਪਰ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਵਿਚ ਉਸ ਨੇ ਕੁਝ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ । ਇਹ ਗੱਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮੇਰੇ ਨਾਲ private ਤੌਰ ਤੇ ਗਲ ਬਾਤ ਕਰਦਿਆਂ ਆਖੀ ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਕੁਝ figures ਵੀ quote ਕਰਾਂਗਾ ਤੇ ਦਸਾਂਗਾ ਕਿ ਸਾਡੀ Second Five Year Plan ਦੇ ਜੋ targets ਸੀ ਉਹ ਅਸੀਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ cross ਕੀਤੇ ਹਨ ਅਤੇ 1958-59 ਵਿਚ foodgrains ਦੀ ਕੀ position ਸੀ ਤੇ ਇਸ ਵੇਲੇ ਕੀ position ਹੈ ।

1955-56 ਵਿਚ foodgrains ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ 45 ਲੱਖ ton ਪੈਦਾ ਹੋਏ । ਇਸ ਸਾਲ, ਜੋ ਜਾਂਦਾ ਪਿਆ ਹੈ, 60 ਲੱਖ ton ਪੈਦਾ ਹੋਏ ਨੇ । Sugar cane, (ਗੁੜ) ਉਸ ਸਾਲ 5 ਲੱਖ 57 ਹਜ਼ਾਰ ton ਪੈਦਾ ਹੋਇਆ ਸੀ ਔਰ ਇਸ ਸਾਲ 8 ਲੱਖ 78 ਹਜ਼ਾਰ ਟਨ ਹੋਇਆ ਹੈ, ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ cotton bales ਉਸ ਸਾਲ 6 ਲੱਖ ਪੈਦਾ ਹੋਈਆਂ

ਸਨ ਤੇ ਇਸ ਸਾਲ 9 ਲੱਖ bales ਹੋਈਆਂ ਨੇ। ਜਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਚਿਜਾਂ ਦੀ production ਵਿਚ ਇਤਨਾ ਵਾਧਾ ਹੋਇਆ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਭਾਈਆਂ ਦੀ ਗੱਲ ਮੰਨਾਂ ਜਿਹੜੇ ਸਮਝਦੇ ਨੇ ਕਿ ਇਥੇ development ਹੇਠਾਂ ਨੂੰ ਜਾਂਦੀ ਪਈ ਹੈ ਔਰ ਜੋ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕਿ development ਦਾ ਕੁਝ result ਨਹੀਂ ਲਭਦਾ। Results ਤਾਂ ਸਭ ਕੁਝ ਮਿਲਦੇ ਹਨ। ਜੋ ਮੈਂ ਇਸ ਬਾਰੇ figures ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਸਾਫ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਪਾਸੇ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਨੇ ਕਿਤਨੀ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਜੇ ਅਸੀਂ ਇਸ ਪਾਸੇ ਨਜ਼ਰ ਮਾਰੀਏ ਕਿ ਲੁਧਿਆਣੇ ਦੇ Agricultural College ਵਚ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੰਮ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਥੇ ਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ train ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਥੇ agriculture ਦੇ Sub-Inspectors ਨੂੰ training ਦੇਣ ਲਈ class ਖੁਲ੍ਹੀ ਹੋਈ ਹੈ, ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਥੇ seeds ਨੂੰ improve ਕਰਨ ਲਈ research ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ fertilizers ਤੇ agricultural imploments ਨੂੰ improve ਕਰਨ ਬਾਰੇ ਖੋਜ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਤਾਂ ਸਾਫ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ ਬੜੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਭਾਵੇਂ ਇਹ ਮੇਰੇ ਭਾਈ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪਰਚਾਰ ਕਰਦੇ ਰਹਿਣ, ਇਹ ਤਰੱਕੀ ਤਾਂ ਹੁੰਦੀ ਰਹਿਣੀ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਗੱਲ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਕਹਾਂਗਾ ਅਤੇ ਸਾਫ਼ ਤੌਰ ਤੇ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿਹੜਾ package programme ਇਸ ਨੇ ਲੁਧਿਆਣੇ ਵਿਚ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤ ਹੈ, ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦੀ ਰਾਹੀਂ fertilizers ਔਰ improved seeds ਔਰ better way of cultivation ਨਾਲ ਖੇਤੀ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧਣੀ ਹੈ ਸਿਰਫ ਖੇਤੀ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਹੀ ਨਹੀਂ ਵਧਾਉਣੀ ਬਲਕਿ ਕਿਸਾਨ ਦੀ ਆਮਦਨੀ ਵੀ ਵਧਾਉਣੀ ਹੈ। ਉਥੇ ਇਹ programme ਤਜਰਬੇ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਸ਼ਾਇਦ ਸਾਰੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਲਾਗੂ ਕਰਨਾ ਹੋਵੇ ਪਰ ਉਥੇ ਜੋ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ co-operative societies ਦੀ ਮਾਰਫਤ ਪੈਸੇ ਮਿਲਣੇ ਹਨ, ਉਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ Reserve Bank ਵਿਚੋਂ ਪੈਸੇ ਮਿਲਣੇ ਹਨ ਦੋ ਰੁਪਏ ਸੈਂਕੜਾ ਸੂਦ ਤੇ ਅਤੇ ਉਹ ਜਾਣੇ ਹਨ State Co-operative Bank ਪਾਸ ਔਰ State Co-operative Bank ਵਿਚੋਂ Central Co-operative Bank ਨੂੰ $2\frac{3}{4}$ ਪ੍ਰਤੀ ਸੈਂਕੜਾ ਸੂਦ ਤੇ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣੇ ਹਨ ਅਤੇ ਫਿਰ ਉਹ Co-operative Societies ਪਾਸ 5 ਪ੍ਰਤੀ ਸੈਂਕੜਾ ਸੂਦ ਤੇ ਜਾਣੇ ਹਨ ਫਿਰ ਜਦ ਉਹ ਰੁਪਏ ਕਿਸਾਨ ਪਾਸ ਜਾਣੇ ਹਨ ਤਾਂ ਉਸ ਕੋਲੋਂ 7 ਪ੍ਰਤੀ ਸੈਂਕੜਾ ਅਤੇ 9 ਪ੍ਰਤੀ ਸੈਂਕੜਾ ਸੂਦ ਲਿਆ ਜਾਣਾ ਹੈ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਚੀਫ਼ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਕੋਲ privately ਵੀ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀ ਸੀ ਤੇ ਹੁਣ ਫਿਰ ਇਥੇ ਵੀ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਰੁਪਏ ਕਰਜ਼ੇ ਵਜੋਂ ਦੇਣ ਦੀ ਬੈਂਕਾਂ ਦੀ ਪੌੜੀ ਬਣਾਈ ਗਈ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਹਟਾ ਦੇਣ, ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਨਾਲ profiteering ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਜੇਕਰ ਇਹ ਰੁਪਏ ਲੈ ਕੇ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਸਿਧਾ ਆਪ ਦੇਵੇ ਤਾਂ industry ਵਾਂਗ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਘੱਟ ਸੂਦ ਤੇ ਰੁਪਿਆ ਮਿਲ ਸਕੇਗਾ। ਜੇ ਕਿਸਾਨ ਨੂੰ ਬਗੈਰ ਸੂਦ ਦੇ ਰੁਪਏ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੇ ਜਾ ਸਕਦੇ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਥੋੜੇ ਸੂਦ ਤੇ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣ। ਜੇ ਉਸ ਨੂੰ ਥੋੜੇ ਸੂਦ ਤੇ ਵੀ ਪੈਸੇ ਮਿਲ ਜਾਣ ਤਾਂ ਵੀ ਉਸ ਨੂੰ ਬੜਾ ਫਾਇਦਾ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਪਹਿਲੇ ਉਸ ਨੂੰ ਵਧੀਕ ਸੂਦ ਤੇ money lenders, ਕੋਲੋਂ ਲੈਣੇ ਪੈਂਦੇ ਸਨ। (ਘੰਟੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼) ਬਸ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਕ ਗੱਲ ਹੋਰ ਕਹਿਣੀ ਹੈ।

[ਸਰਦਾਰ ਰਾਮਦਿਆਲ ਸਿੰਘ]

ਜ਼ਰਾ ਤੋ ਦੇਖ ਕਿਆ ਕੁਛ ਹੋ ਰਹਾ ਹੈ ਹੋਨੇ ਵਾਲਾ ਹੈ
ਧਰਾ ਕਿਆ ਹੈ ਭਲਾ ਅਹਿਲੇ ਕੁਹਨ ਕੀ ਦਾਸਤਾਨੋਂ ਮੇਂ।

ਮੈਂ Co-operative ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ ਗਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਵੀ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਅਤੇ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਵੀ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। Co-operative ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਤਰੱਕੀ ਦਾ record ਤੋੜ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਹਿੰਦਸਤਾਨ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੇ ਜੇ ਕਰ ਤਰੱਕੀ ਕਰਨੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਕਰਨੀ ਹੈ। 1960-61 ਦਾ ਜਿਹੜਾ target ਸੀ ਕਿ 85 ਪ੍ਰਤੀ ਸੈਂਕੜਾ villages ਨੂੰ co-operative ਅਧੀਨ ਲਿਆਉਣਾ ਹੈ ਉਹ ਹਣ 91 ਪ੍ਰਤੀ ਸੈਂਕੜਾ villages co-operative ਦੇ ਥੱਲੇ ਆ ਚੁਕੇ ਹਨ। ਜਿਥੋਂ ਆਬਾਦੀ ਦਾ ਤਾਲੁੱਕ ਸੀ ਉਹ target ਇਹ ਸੀ ਕਿ 40 ਪ੍ਰਤੀ ਸੈਂਕੜਾ ਆਬਾਦੀ ਨੂੰ co-operative ਦੇ ਹੇਠਾਂ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾਵੇ ਉਹ ਹੁਣ 65 ਪ੍ਰਤੀ ਸੈਂਕੜਾ ਆਬਾਦੀ co-operative ਦੇ ਹੇਠਾਂ ਆ ਚੁਕੀ ਹੈ। (ਘੰਟੀ) (*Interruptions*)

(उपाध्यक्ष महोदय ने श्री मुनि लाल को बोलने के लिये कहा तो उस वक्त सरदार आत्मा सिंह उठ खड़े हुए)

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : On a point of order. Sir. ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡਾ ਗਰੁਪ Opposition ਵਿਚੋਂ ਸਭ ਤੋਂ ਵਡਾ ਗਰੁਪ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਵਿਚੋਂ ਸਿਰਫ ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਨੂੰ time ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਹੋਰ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ।

Mr. Deputy Speaker : The hon. Member may please resume his seat.

श्री मुनि लाल कामरेड (शिमला) : डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं, फाइनेंस मिनिस्टर साहिब ने जो बजट इस हाउस में पेश किया है, उस पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। जनाब हमारे मुहतरिम फाइनेंस मिनिस्टर साहिब ने दो टैक्स लगा कर बजट के खसारे को पूरा करने की कोशिश की है। जहां तक टैक्स लगाने की बात है मैं इस असूल को मानता हूं कि expanding economy में अवाम के ऊपर कुछ बोझ पड़ता है और यह बोझ जनता को ही उठाना चाहिए लेकिन हमारा बुनियादी सवाल यह है कि आया इस बोझ को कौन उठाये ? क्या वह आदमी जो कि बेशुमार दौलत के मालिक हैं या कि man in the street. मैं समझता हूं कि हमारी सरकार जब कोई नए टैक्स लगाने की सोचती है तो वह आम आदमी को ही परेशान करती है और इस वक्त जो sales tax में increase हुई है उसका बोझ अवाम पर पड़ेगा और entertainment की increase का बोझ भी अवाम पर ही पड़ेगा। और जो रकम हमारी सरकार के खज़ाने में आई है उस का relief किस को मिलेगा ?

Fourth class के कर्मचारियों की तनखाहों में बढ़ौतरी की है। यह मैं मानता हूं लेकिन Pay-Commission की रिपोर्ट के बाद Central Government के class IV के कर्मचारियों की तनखाहों में और हमारे यहां के कर्मचारियों की तनखाहों में 15 रुपये का फर्क हो गया है इस लिए सरकार इस बात के लिए मजबूर थी कि वह इतने बड़े gap को

कुछ हद तक पूरा करती। इसलिए सरकार ने किया मगर फिर भी यह increase बेमानी हो गई क्योंकि central taxes में increase हो गई है। जब इस नज़र से हम देखते हैं तो कह सकते हैं कि सरकार का यह कहना कि उन्हें relief दिया गया, relief नहीं कहा जा सकता। आज जब कि prices बढ़ रही हैं और तनखाहों में इज़ाफा नहीं हो रहा है तो बेचैनी बढ़ना लाज़मी है।

पिछली बार Retrenchment Committee की रिपोर्ट की तरफ सरकार का ध्यान दिलाया गया था और यह कहा गया था कि अगर उस पर सरकार अमल करे तो कुछ बचत हो सकती है और इस तरह से कुछ income हो सकती है लेकिन सरकार income के resources ऐसे अपनाती है जिनसे गरीब जनता पर बोझ पड़ता है।

हमारी सरकार बस स्टैंड बनाती है और रुपया सर्फ करती है। यह रुपया ट्रांसपोर्ट का होता है लेकिन इसके कमाने वाले वह लोग हैं जो छोटी छोटी तनखाह पाने वाले हैं और जिन की तनखाहों में बराबर demand करते रहने के बाद भी इज़ाफा नहीं किया गया। और अम्बाला बस स्टैंड जहां पर पौना लाख रुपया खर्च किया जाना था वहां अब उसको बढ़ा कर डेढ़ लाख कर दिया गया और उसमें 5, 6 हज़ार रुपए का provision इसलिए किया गया कि वहां झगड़ा पार्टी बनानी है। ठीक है art का विस्तार होना चाहिए और मैं इसका विरोध नहीं करता लेकिन इन चीज़ों पर बाद में अमल किया जा सकता है। आज तो रोटी कपड़ा की ही ज़रूरत पूरी नही हो रहीं है तो फिर हम हर जगह ताजमहल कैसे देख सकते हैं ?

इसके बाद मैं शिमला में heavy snowfall का ज़िक्र करना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश ने उन लोगों को जो snowfall से affected थे उनको फौरन grant दी लेकिन हमारी सरकार अपने कर्मचारियों को grant देने का फैसला अभी तक नहीं कर पाई। इसके बरअक्स यह बात कही गई कि कर्जा के तौर पर कुछ रुपया दिया जा सकता है जोकि किस्तों में अदा किया जा सकेगा। मैं समझता हूं कि यह बात हमारी सरकार को ज़ेब नहीं देती।

एक बात की तरफ सरकार का ध्यान मैं और दिलाना चाहता हूं और वह यह कि political लोगों के whims Police Department के खिलाफ हैं और शिमला में जो पुलिस है उसके allowances में एक ज़बर्दस्त disparity है। पुराने जमाने में जो fixed allowances थे वह इस तरह थे कि Head Constable को 14 रुपया और Foot Constable को 11 रुपया compensatory allowance मिलता था—बाकी को 33 प्रतिशत of pay मिलता है लेकिन पुलिस वालों को कम मिलता है जिस का नतीजा यह होता है कि वे starve करते हैं या उन का रुजूह corruption की तरफ होता है। इस लिए मैं समझता हूं कि यह जो 4 रुपए Foot Constable और 5 रुपए Head Constable को house allowance मिलता है यह नाकाफी है। यह allowance उस वक्त मुकर्रर हुआ था जब एक सिपाही की तनखाह 17 रुपए थी। लेकिन उस के बाद इस तरफ सरकार ने ध्यना नहीं दिया।

5 p. m.

[श्री मुनि लाल कामरेड]

दूसरे मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार में figure manipulation की tendency बढ़ती जा रही है। सरकार कहती है कि कत्ल कम हुए, डकैतियां कम हुईं लेकिन हकीकत यह है कि cases register करते वक्त कोताही बरती जाती है। यह शिकायत अपोजीशन बैंचों की तरफ से ही नहीं Treasury Benches की तरफ से भी आम है। दूसरी तरफ जहां जुर्माने वगैरह का सवाल है उन cases में अगर तादाद कम हो तो छोटे छोटे cases भी दरज कर लिए जाते हैं। यह tendency पुलिस में आम तौर पर पाई जाती है। स्कूलों में भी figure manipulation की बीमारी है। इसी तरह से co-operative societies में भी quantity की तरफ ज्यादा ख्याल है quality की तरफ कम। अगर यही हाल रहा तो पंजाब की तरक्की का सुनहरी स्वप्न पूरा नहीं हो सकेगा क्योंकि जब तक figure manipulation की policy को ठीक न किया गया असल हालत का पता नहीं चलेगा। ट्रक्कों वालों के नाजायज़ चालान इसलिए किए जाते हैं कि चालानों की तादाद में कमी न रहे। उन को बुला कर कहा जाता है कि तुम चालान करवा लो बहुत थोड़ा जुर्माना करेंगे।

मैं सरकार को दाद देता हूं कि उन्होंने primary और compulsory education का काबले तारीफ़ कदम उठाया है। हिन्दुस्तान में यह पहला कदम है जो इस स्टेट ने उठाया है। लेकिन महज़ इन बातों को मुश्तहिर करने से मसला हल नहीं हो जाता। हकीकत यह है कि स्कूलों में बेहद बदइन्तज़ामी है जिस की तरफ पूरी तवज्जुह नहीं होती। बच्चों की पढ़ाई का standard दिनबदिन low होता जाता है क्योंकि Education Department ने जो एकदम ज़ोर दिया है उस से standard deteriorate हुआ है। Public Service Commission की रिपोर्ट इस सिलसिले में काबले ग़ौर है। इस लिए महज़ credit ले लेने से problem हल नहीं हो जाती। पहाड़ी इलाके में स्कूलों के teacher हफ्ता हफ्ता भर ग़ैर हाज़िर रहते हैं और उस का तमाम नज़ला बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है, बच्चों की पढ़ाई को neglect किया जाता है जिस का नतीजा यह होता है कि बच्चे अपनी energy ग़लत रास्ते पर channelize करते हैं और roadside Romeos ही पैदा होते हैं।

हमारी सरकार ने यह जो फैसला किया है कि Education Department का head एक educationist न हो कर I.A.S. का आदमी हो यह convention काबले तारीफ नहीं है। हो सकता है इस की कुछ administrative grounds हों लेकिन मैं इस की मुखालिफत करना चाहता हूं।

इस के बाद, मैं सरकार से एक बात और कहना चाहता हूं। कांगड़ा के बारे में बहुत सी बातें कही गईं। मैं समझता हूं कि सरकार की पूरी ज़िम्मेदारी है कि वह backward areas को develop करे। इन इलाकों में सड़कों की यह हालत है कि एक ज़िला में एक सड़क की बुनियाद राजकुमारी अमृतकौर जी ने रखी थी लेकिन अभी तक वह मुकम्मल नहीं हुई। मिनिस्टर साहिब से पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि यह थर्ड प्लैन में भी शामिल नहीं हो सकी। हमारे बजट में लाहौल स्पिट्टी की सड़क का ज़िक्र बड़े फख्र से किया गया। यह कहते

हैं कि हम ने 22 मील का टुकड़ा बना कर बड़ा बहादुरी का काम किया लेकिन ये गलतफहमी में मुबतला हैं । हिमाचल गवर्नमेंट ने एक साल में 800 मील सड़कें बनाई हैं और उन्होंने कहा है कि हम दुश्वार गुज़ार इलाकों में भी सड़कें बना सकते हैं जहां कि इनसान भी नहीं पहुंच सकता। लेकिन हमारे यहां पहाड़ी इलाका को neglect किया गया है । वहां पर निकम्मे अफसर लगाए जाते हैं ।

* * * * * * * *

Mr. Deputy Speaker.—Order please, I order that these remarks should be expunged from the records,

श्री मुनी लाल कामरेड : डिप्टी स्पीकर साहिब, किसी S.D.O. का ज़िक्र उस का नाम लिए बग़ैर तो किया जा सकता है ।

Mr. Deputy Speaker : I order that these remarks should be expunged.

श्री मनी लाल कामरेड : मेरी submission है कि किसी ex-T.B. patient को अगर बाहर के इलाकों में सरकार भेजेगी तो वहां के लोग suffer करेंगे, मैं, जनाबे वाला, यह बताने करने की कोशिश कर रहा हूं कि जब बारिशें ज्यादा होती हैं तो officers की duty यह होती है कि वे इलाके का दौरा कर के floods को रोकने का इंतज़ाम करें लेकिन अगर कोई officer ex-T. B. patient है तो वह पहाड़ी इलाके में दौरा नहीं कर सकता । इसी तरह अगर कोई A.D.I. मरीज़ हो तो वह दूर दराज इलाकों का tour नहीं कर सकता । इस लिए उस के लिए स्कूलों का मुआयना करना मुश्किल हो जाता है । मैं सरकार की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि उसे पहाड़ी इलाके में अफसर active और efficient लगाने चाहियें ताकि वे पहाड़ी इलाके के interior में भी जा कर लोगों की सेवा कर सकें ।

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिब, पहाड़ी अलाके में जहां २ बारिश की वजह से नुकसान हुआ वहां के लोगों को एक पाई भी relief नहीं दिया गया बावजूद इस बात के कि गवर्नमेंट की नियत अच्छी है लेकिन उस के किये हुए फैसलों को implement करने में फर्क पड़ जाता है । इस का नतीजा tax-payers को भुगतना पड़ता है जो अपने खून और पसीने की कमाई से टैक्स दे कर सरकार के खजाने में अज़ाफा करते हैं । सरकार कहती है कि नये टैक्स लगा कर सूबे की economy को develop किया जा रहा है, गरीब लोगों को अमीर लोगों के बराबर लाना है, लेकिन Opposition की तरफ से यही मुखालफित है कि टैक्सों का बोझ अवाम पर पड़ता है और बड़े आदमियों को मुराआत मिलती हैं और टैक्सों से मुबर्रा किया जाता है इसलिए मैं अर्ज़ करूंगा कि हमारी सरकार को इस तरफ खास ध्यान देना चाहिए जोकि socialist pattern of society कायम करने का दावा करती है ।

चौधरी हरि राम (धर्मसाला) : डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं वज़ीरे खज़ाना को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने बड़ा शानदार और progressive Budget पेश किया है। हर एक पहलु में नुमायां तरक्की हुई है और खास कर ज़रायत में crop insurance की स्कीम जारी कर के और intensive agriculure का programme जारी कर के ज़मींदारों की भलाई

Expunged as ordered by the Chair.

[चौधरी हरि राम]

और बहबूदी का काम किया गया है। इस के अलावा Agriculture College खोल दिया गया है जिस से मालूम होता है कि हमारी गवर्नमेंट agriculture को काफी फरोग देने के लिये बहुत तेज़ कदम उठा रही है। यह बात बड़ी काबले तारीफ है।

इसी तरह industrial field में भी development करने के लिये सरकार ने effective steps लिये हैं। यह हमारी बड़ी खुशकिस्मती है कि हमारे इलाके में दो बड़ी industries—एक cement factory in Dharamsala और दूसरी newsprint factory Merthal के मुकाम पर जारी करने का इंतज़ाम हो रहा है यह बात बड़े फख्र के साथ कही जा सकती है कि हमारी सरकार ने बापू जी का सुन्दर खाब राम राज का पूरा कर दिया है और बड़ी दूर अंदेशी से काम ले कर पंचायतों का जाल बिछा दिया है जिस से आम जनता यह महसूस करने लग गई है कि राम राज आ गया है अगर सच पूछा जाए तो नया पंचायत कानून बना कर सब कुछ पंचायतों के हाथ सौंप दिया है।

फिर, डिप्टी स्पीकर साहिब, Transport के महकमे ने बड़ी तरक्की की है। सारे मुल्क में हमारी transport दीगर States के मुकाबला में हर लिहाज़ से आगे है। इसी तरह Co-operative Department ने भी नुमायां तरक्की की है। बेशुमार co-operative societies जारी कर के State की development को बड़ा ऊँचा दर्जा दिया है। मैं इस पर सरकार को मुबारकबाद देता हूँ।

ਹੋਵੇਗੀ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਇਕ ਵਾਰ ਫੇਰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਤਨਾ ਚਿਰ ਸਾਨੂੰ ਸਫਲਤਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀ ਜਿਤਨਾ ਚਿਰ ਅਸੀਂ ਆਪਣਾ ਪੱਕਾ ਇਰਾਦਾ ਨਹੀਂ ਬਣਾਉਂਦੇ। ਅਜ ਦੁਨੀਆਂ ਦੇ ਵਿਚ ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਦਾ ਔਰ ਡਿਕਟੇਟਰਸ਼ਿਪ ਦਾ ਇਮਤਿਹਾਨ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਏਸ਼ੀਆ ਦੇ ਵਿਚ ਵੀ ਚੀਨ ਔਰ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੋਵੇਂ ਇਕੋ ਜਿਹੇ ਮੁਲਕ ਹਨ। ਚੀਨ ਦੀ ਹਕੂਮਤ ਹੋਰ ਕਿਸਮ ਦੀ ਹੈ ਮਗਰ ਸਾਡੇ ਮੁਲਕ ਦੇ ਵਿਚ ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਹੈ ਜੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੇ ਵਿਚ ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਫੇਲ ਹੋ ਗਈ ਤਾਂ ਸਾਰੇ ਏਸ਼ੀਆ ਦੇ ਵਿਚ ਫੇਲ੍ਹ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਕਿ ਏਥੇ ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਕਾਮਯਾਬ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਫਾਇਦਾ ਪਹੁੰਚਾਉਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰੋ ਔਰ ਜਿਹੜੇ ਪਛੜੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਚਾ ਚੁਕਣ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰੋ। ਜੇ ਤੁਸੀਂ ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਨੂੰ ਕਾਮਯਾਬ ਬਣਾਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਦਿਆਨਤਦਾਰੀ ਔਰ ਪੱਕੇ ਇਰਾਦੇ ਦੇ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜੇ ਤੁਹਾਡੀ ਦਿਆਨਤਦਾਰੀ ਔਰ integrity ਦੇ ਵਿਚ ਫਰਕ ਰਹੇਗਾ ਤਾਂ ਏਥੇ ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਫੇਲ੍ਹ ਹੋ ਜਾਏਗੀ। ਤੁਸੀਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਬਣਾਉਂਦੇ ਹੋ ਜਦੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਠੀਕ ਢੰਗ ਦੇ ਨਾਲ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਹਾਹਾਕਾਰ ਮਚ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਬਡਲਾਢੇ ਮੰਡੀ ਦੀ ਗਲ ਦਸਦਾ ਹਾਂ। ਹੁਣੇ ਹੀ ਇਕ ਆਦਮੀ ਮੇਰੇ ਕੋਲ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਉਥੇ ਜਿਹੜੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਰਖੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਹ ਉਥੇ ਇਕੋ ਹੀ ਕਿਸਮ ਦੀ ਕਣਕ ਦੇ ਰੇਟ ਅਲਹਿਦਾ ਅਲਹਿਦਾ ਲਗਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤਕ ਸਾਡੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ integrity ਦੇ ਨਹੀਂ ਹੋਣਗੇ ਉਦੋਂ ਤਕ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ। ਇਹੋ ਹੀ ਵਜ੍ਹਾ ਹੈ ਕਿ ਅਜ ਸਟੇਟ ਟਰੇਡਿੰਗ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਆਵਾਜ਼ ਉਠ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਸੇ ਕਰਕੇ ਸੋਚਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਬੜੀ ਗਲਤੀ ਕਰ ਲਈ ਹੈ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਗਲ ਹੈ ਔਰ ਇਹ ਕੋਈ ਸ਼ੱਕ ਵਾਲੀ ਗਲ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਮਨ ਬਿਲਕੁਲ ਸਾਫ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਜਦ ਅਸੀਂ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਲੜਦੇ ਸੀ ਤਾਂ ਲੋਕ ਸਾਡੇ ਉਤੇ ਬੜਾ ਭਰੋਸਾ ਕਰਦੇ ਸੀ। ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਾਡੇ ਉਤੇ ਬੜੀਆਂ ਆਸਾਂ ਸੀ। ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਉਮੀਦਾਂ ਤੇ ਪੂਰੇ ਨਾ ਉਤਰਾਂਗੇ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਵਿਚ ਸ਼ਕ ਪੈਦਾ ਹੋਵੇਗਾ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਦਿਲ ਸ਼ਿਕਨੀ ਹੋਵੇਗੀ ਔਰ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਵਿਚ ਘਬਰਾਹਟ ਹੋਵੇਗੀ ਜਿਸ ਦੇ ਅੰਜਾਮ ਦਾ ਤੁਸੀਂ ਆਪ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾ ਕੇ ਦੇਖ ਸਕਦੇ ਹੋ। ਅਜ ਤੁਸੀਂ ਕਿਸੇ ਬਸ ਵਿਚ ਜਾਂ ਗਡੀ ਵਿਚ ਸਫਰ ਕਰਕੇ ਵੇਖੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਆਮ ਲੋਕੀ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤੁਹਾਡੇ ਬਾਰੇ ਗੱਲਾਂ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਜੇ ਅਸੀਂ ਇਥੇ socialist ਨਿਜ਼ਾਮ ਕਾਇਮ ਕਰਨਾ ਹੈ, ਜੇ ਅਸੀਂ Welfare State ਕਾਇਮ ਕਰਨ ਲਈ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ pledged ਹਾਂ, ਤਾਂ ਸਾਨੂੰ ਸਾਰੀ machinery ਸਾਫ ਕਰਨੀ ਪਵੇਗੀ ਔਰ ਇਹ top ਤੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਨੀ ਹੋਵੇਗੀ। ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਸਿਰ ਤੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਹਨ, ਅਸੀਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਕਿਸ ਕਿਸਮ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜੇ ਉਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤੱਦ ਜੋ ਮੈਂਬਰ ਹਨ ਜਾਂ ਹੋਰ ਲੋਕ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਕੀ ਉਮੀਦ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਾਰੀਆਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਇਸ ਲਈ ਹਕੂਮਤ ਨੂੰ ਮਜਬੂਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਔਰ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਬਗੈਰ ਕਿਸੇ ਪੱਖ ਪਾਤ ਦੇ ਔਰ ਬਗੈਰ ਕਿਸੇ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਬੰਧਨ ਦੇ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਸਾਡਾ ਫਰਜ਼ ਹੈ ਔਰ ਇਹ ਫਰਜ਼ ਅਸੀਂ ਤਦ ਹੀ ਪੂਰਾ ਕਰ ਸਕਾਂਗੇ ਜੇ ਅਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਾਂਗੇ ਹੁਣ,

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ Law and Order ਦੇ ਬਾਰੇ ਇਕ ਗੱਲ ਤੁਹਾਡੀ ਮਾਰਫਤ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ....

श्री उपाध्यक्ष: अब आप बस करें, काफी time ले लिया है आप ने। (The hon. Member should now resume his seat. He has taken sufficient time.)

ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਪੰਜ ਮਿੰਟ ਹੋਰ ਦੇ ਦਿਉ। ਮੈਂ ਹਾਲੇ ਦੋ ਤਿੰਨ ਗੱਲਾਂ ਹੋਰ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀਆਂ ਨੇ।

ਮੈਂ law and order ਦੇ ਬਾਰੇ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ। ਅੱਜ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਦੇ ਸਾਰੇ ਸੂਬਿਆਂ ਵਿਚ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਆਮ ਵੇਖਣ ਵਿਚ ਆ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ crime ਕਾਗਜ਼ਾਂ ਵਿਚ ਘਟ ਵਿਖਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਹਾਲਾਂਕਿ crime ਹੁੰਦਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ।

श्री उपाध्यक्ष : Law and order के बारे demand कल आयेगी, इस पर आप कल बोल लेना। (The hon. Member will be free to speak on law and order when the demand for it comes before the House tomorrow.)

ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕਲ ਮੈਨੂੰ ਕਿਸੇ time ਨਹੀਂ ਦੇਣਾ ਇਸ ਲਈ ਮੈਨੂੰ ਹੁਣ ਕੁਝ ਕਹਿ ਲੈਣ ਦਿਉ।

ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ law and order ਦੀ ਹਾਲਤ ਦਿਨ ਬਦਿਨ ਖਰਾਬ ਹੁੰਦੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਜਾਣਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਅਫਸਰ ਬੜੇ ਚੰਗੇ ਹਨ, ਸਮਝਦਾਰ ਹਨ ਔਰ ਕੰਮ ਵਿਚ ਬੜੇ ਹੁਸ਼ਿਆਰ ਹਨ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਮੁਸ਼ਕਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀ policy ਹੈ ਉਹ ਇਸ ਦੇ ਖਲਾਫ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦੇ। ਔਰ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀ policy ਇਹ ਹੈ ਕਿ crime ਨੂੰ ਘਟ ਵਿਖਾਇਆ ਜਾਵੇ। S. H. O. ਨੂੰ ਹਰ ਸਾਲ crime ਘਟ ਵਿਖਾਣ ਵਾਸਤੇ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਹੀ ਵਜ੍ਹਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਜੁਰਮ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਔਰ ਵਡੀਆਂ ਵਡੀਆਂ ਵਾਰਦਾਤਾਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਾਗਜ਼ਾਤ ਵਿਚ ਜ਼ਿਕਰ ਤਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਲਦੀ ਰਹੀ ਤਾਂ ਇਹ ਗੌਰਮਿੰਟ collapse ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ ਔਰ ਇਹ ਟਿਕ ਨਹੀਂ ਸਕੇਗੀ। ਪਿਛਲੇ ਦਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਅਕਾਲੀ agitation ਚਲੀ ਸੀ ਤਾਂ ਉਸ ਵੇਲੇ ਜਿਹੜੇ ordinary ਕਾਨੂੰਨ ਸੀ ਉਹ ਵਰਤੋਂ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਸੀ ਲਿਆਂਦੇ ਗਏ ਸਗੋਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਏ ਸੀ ਜਿਹੜੇ ਬੜੇ ਵਾਹਯਾਤ ਸੀ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਵਰਤੋਂ agitation ਨੂੰ ਦਬਾਉਣ ਦੀ ਖ਼ਾਤਰ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਵਿਚ, ਜਾਇਜ਼ ਅਤੇ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਮੰਗਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਪਰ ਇਥੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਇਕ ਮੰਗ ਨੂੰ ਦਬਾਉਣ ਲਈ ordinary ਕਾਨੂੰਨ ਜਿਹੜੇ ਸੀ ਉਹ ਬਿਲਕੁਲ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿਤੇ ਗਏ ਸੀ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਥਾਂ ਤੇ extra-ordinary ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਏ ਗਏ ਸੀ ਜੋ ਬਿਲਕੁਲ ਫਜ਼ੂਲ ਔਰ ਵਾਹਯਾਤ ਸੀ। ਆਉਣ ਵਾਲੀਆਂ ਨਸਲਾਂ ਜਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਾਨੂੰਨਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖਣਗੀਆਂ ਤਾਂ ਬੜੀਆਂ ਦੁਖੀ ਔਰ ਪਰੇਸ਼ਾਨ ਹੋਣਗੀਆਂ।

[ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ]

ਇਕ ਗੱਲ ਹੋਰ ਮੈਂ Punjabi University ਬਾਰੇ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ, ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਉਸ ਦੀ location ਦਾ ਸਵਾਲ ਹੈ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਦਮਦਮਾ ਸਾਹਿਬ ਵਿਚ ਬਣਾਈ ਜਾਏ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਇਲਾਕਾ ਬਹੁਤ ਪਿਛੇ ਹੈ।

ਫਿਰ ਮੈਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਜੋ ਇਲਾਕੇ ਹਨ ਔਰ ਲੋਕ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਜਿਹੜੀ discrimination ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ, ਉਹ ਬੜੀ ਮਾੜੀ ਗੱਲ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਦੇਖ ਲਉ ਜਾਂ ਵਡੇ ਕਸਬੇ ਜਾਂ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਦੇਖ ਲਉ ਉਥੇ ਕੋਈ ਨਵੀਂ ਸੜਕ ਨਹੀਂ ਬਣਾਈ ਗਈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੀ ਮਾਰਫਤ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ discrimination ਤੋਂ ਲੋਕ ਤੰਗ ਆਏ ਬੈਠੇ ਹਨ ਔਰ ਉਹ ਉਬਾਲ ਵਿਚ ਹਨ। Discriminatory ਸਲੂਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਇਥੋਂ ਤਕ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ Second Five-Year Plan ਵਿਚ ਜਿਹੜੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਪੈਪਸੂ ਦੀਆਂ ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਸਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ ਉਥੇ ਰੁਪਿਆ ਨਹੀਂ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ। ਚੌਧਰੀ ਸੂਰਜ ਮਲ ਨੇ ਹੁਣੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਬੜੀ ਚਰਚਾ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਬਠਿੰਡੇ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਬੜੀਆਂ ਸੜਕਾਂ ਬਣ ਗਈਆਂ ਹਨ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਕਤ ਉਥੇ ਕਿਤਨੀਆਂ ਸੜਕਾਂ ਬਣਾਈਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ? ਉਹ ਤਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਵਕਤ ਦੀਆਂ ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ। ਜਿਹੜੀਆਂ ਸੜਕਾਂ ਹੁਣ ਬਣਨੀਆਂ ਸਨ ਉਹ ਤਾਂ ਐਵੇਂ ਪਈਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਾਮਾਂ ਮੰਡੀ ਹੈ ਜਾਂ ਹੋਰ ਮੰਡੀਆਂ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਸੜਕਾਂ ਨੂੰ ਹਾਲੇ ਤਕ ਸ਼ੁਰੂ ਤਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਮਾੜੀ ਜਿਹੀ ਮਿਟੀ ਕਿਤੇ ਕਿਤੇ ਭਾਵੇਂ ਪਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਕੁਝ ਹੋਰ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੋਵੇ। Third Five-Year Plan ਦੇ ਥਲੇ ਵੀ ਇਸ ਸਾਲ ਦੇ ਬਜਟ ਵਿਚ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਗਿਆ। Plan ਦੇ ਆਖਰੀ ਸਾਲ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਕੁਝ ਕਰ ਦੇਣ ਤਾਂ ਪਤਾ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ warning ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਨਾਲ discriminatory ਸਲੂਕ ਕਰਦੀ ਰਹੀ ਤਾਂ ਉਹ ਲੋਕ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣਗੇ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਇਕ ਸਾਲ ਅਗਲੀਆਂ elections ਵਿਚ ਰਹਿ ਗਿਆ ਹੈ, ਇਸ ਵਿਚ ਇਹ ਅਗਰ ਦਿਆਨਤਦਾਰੀ ਕਰ ਦਿਖਾਣਗੇ ਔਰ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਪਖ ਪਾਤ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੇ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਕੋਈ ਧਕਾ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਤਾਂ ਉਹ ਲੋਕ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਰਹਿ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਨਹੀਂ ਤਾਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਮਹੂਰੀਅਤ ਵਿਚ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਪਾਸ ਇਕ vote ਦੇਣ ਦਾ ਹੀ ਹਕ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਉਹ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਵਰਤ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਹੁਣੇ ਚੌਧਰੀ ਦੇਵੀ ਲਾਲ ਨੇ ਦਸਿਆ ਸੀ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜ਼ਿਲਾ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਤੇ ਜ਼ਿਲਾ ਜਲੰਧਰ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਬਿਜਲੀ ਚਲੀ ਗਈ ਹੈ ਪਰ ਪੈਪਸੂ ਦੀਆਂ ਵਡੀਆਂ ਵਡੀਆਂ ਮੰਡੀਆਂ ਵਿਚ ਭੀ ਬਿਜਲੀ ਹਾਲੇ ਤਕ ਨਹੀਂ ਗਈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਨੂੰ ਬੜਾ ਅਫਸੋਸ ਹੈ ਕਿ time ਬੜਾ ਥੋੜਾ ਸੀ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਾਰੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਬਾਰੇ ਨਹੀਂ ਕਹਿ ਸਕਿਆ। ਬਜਟ ਦੀਆਂ ਅਲਗ ਅਲਗ demands ਜਦੋਂ ਪੇਸ਼ ਹੋਣਗੀਆਂ, ਤਦ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਲਵਾਂਗਾ। ਇਤਨਾ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਕਹਿ ਕੇ ਆਪਣੀ seat ਤੇ ਬੈਠਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ

ਜਿਹੜੀਆਂ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਗਲਤੀਆਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਇਸ ਸਾਲ ਵਿਚ ਠੀਕ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰਨ ।

ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ (ਧੂਰੀ 'ਰੀਜ਼ਰਵਡ'): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਅੱਜ ਜੋ ਤੀਜੀ ਪੰਜ ਸਾਲਾ Plan ਦਾ ਪਹਿਲੇ ਸਾਲ ਦਾ ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਮੈਂ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇਖਿਆ ਹੈ। ਸਿਰਫ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਕਾਂਗਰਸੀ ਬੈਂਚਾਂ ਦੇ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਵਲੋਂ ਵੀ ਇਸ ਤੇ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਜੇ ਕਰ ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਤਕਲੀਫ ਵਲ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਨਾ ਦਿਵਾਈਏ ਤਾਂ ਬੜੀ ਅਫਸੋਸ ਵਾਲੀ ਗਲ ਹੈ। ਕਈ ਵਾਰ ਇਹ ਗਲ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਂਦੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ tube-wells ਉਥੇ ਲਗਵਾਏ ਗਏ ਹਨ ਉਹ ਪੂਰੇ ਨਹੀਂ ਚਲਦੇ। ਜੇ ਕਰ ਉਹ ਪੂਰੇ ਚਲਦੇ ਵੀ ਹਨ ਤਾਂ ਵੀ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਨੋਟਿਸ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਨਹਿਰੀ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਏਗਾ, ਉਸ ਦੀ ਥਾਂ ਤੇ tube-wells ਦਾ ਪਾਣੀ ਦਿਤਾ ਜਾਏਗਾ। ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਦਿਵਾਇਆ ਕਿ ਜੇਕਰ tube-wells ਦਿਨ ਰਾਤ ਚਲਦੇ ਰਹਿਣ ਤਾਂ ਜਾਕੇ 400 ਵਿਘੇ ਜ਼ਮੀਨ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਮਿਲਦਾ ਹੈ। ਫਿਰ ਇਕ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਹੋਰ ਹੈ ਕਿ ਖਾਲ ਕਚੇ ਹਨ। ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਆਪਣੇ ਪੈਸੇ ਪਾਉਣ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਮਦਦ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਪਰ ਕਚਿਆਂ ਖਾਲਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਦਿੱਕਤ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਧੂਰੀ ਤੋਂ ਮਲੇਰਕੋਟਲੇ ਤਕ ਚਲਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਰਸਤੇ ਵਿਚ ਕਚੇ ਖਾਲ ਟੁਟ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਖਾਸ ਕਰਕੇ operators ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਤਕਲੀਫ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। Tube-well ਦਾ fuse ਉਡ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਖੁਦ ਇਤਲਾਹ ਦੇਣ ਜਾਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਉਥੇ telephone ਵੀ ਲਗਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਥਾਵਾਂ ਸੇਮ ਵਾਲੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ relief ਦਿਤਾ ਹੈ। ਪਰ ਖੇਤ-ਮਜ਼ਦੂਰ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਾਰ ਕਰਕੇ ਆਪਣਾ ਢਿਡ ਭਰਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ relief ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਉਹ ਵਿਚਾਰੇ ਬਹੁਤ ਗ਼ਰੀਬ ਆਦਮੀ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਬਹੁਤਿਆਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ bonds ਭਰਵਾਏ ਗਏ, ਲਾਟਰੀਆਂ ਦੀਆਂ ਟਿਕਟਾਂ ਵੇਚੀਆਂ ਗਈਆਂ developments plans ਦੀ ਖਾਤਰ ਪਰ ਫਿਰ ਵੀ ਖੇਤੀ-ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ relief ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਇਹ ਕਾਣੀ ਵੰਡ ਬੰਦ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਸਬੂਤ ਹਨ ਕਿ ਉਥੇ ਬੇਕਾਇਦਗੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਪੁਨਾਂਵਾਲ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ relief ਤੋਂ ਵਾਂਝਿਆਂ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਅਤੇ ਦੂਸਰਿਆਂ ਨੂੰ relief ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਪਟਵਾਰੀ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁਣ ਤਾਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਪਰ ਪਟਵਾਰੀ ਤਾਂ ਅਜੇ ਹੀ ਮਾਣ ਨਹੀਂ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਾਡੇ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਹਮਦਰਦੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰਾਹੀਂ relief ਨਹੀਂ ਵੰਡਿਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚੋਂ ਡਿਡਰੀ ਨਦੀ ਲੰਘਦੀ ਹੈ, ਉਹ ਪੰਜ ਗਰਾਈਆਂ, ਦਸੌਂਧਾ ਸਿੰਘ ਵਾਲਾ, ਹਮੀਦੀ, ਠੁਲੇਵਾਲ, ਟਿੱਬਾ, ਗੁਮਟੀ, ਗੁਰਮ, ਗੰਡਾ ਸਿੰਘ ਵਾਲਾ ਅਤੇ ਸਾਮਤਪੁਰ ਪਠਾਨਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹੁੰਚਾਂਦੀ ਹੈ। ਉਸ ਨੇ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਬਰਬਾਦ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਗ਼ਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਤਕਲੀਫ ਹੁੰਦੀ ਹੈ, ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਸਿਆਲ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਗਰੀਬ ਦਿਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਤਕਲੀਫ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਹੋਰਨਾਂ ਥਾਵਾਂ ਉਪਰ ਤਾਂ depot ਖੋਲ੍ਹੇ ਗਏ ਹਨ, Banks ਖੋਲ੍ਹੇ ਗਏ ਹਨ

[ਕਾਮਰੇਡ ਜੰਗੀਰ ਸਿੰਘ]
ਪਰ ਵਿਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰ ਵਾਂਝੇ ਰਖੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਮੈਂ ਮੁਖ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਕੋਲ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਕੀਤੀ ਕਿ ਉਥੇ corruption ਹੈ, ਵੱਢੀਖੋਰੀ ਹੈ, ਖੇਤੀ-ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ relief ਦੇ ਬਿਨਾਂ ਰਖਿਆਂ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਮਾਣ ਹੈ ਕਿ ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਨੇ ਉਸੇ ਵੇਲੇ Commissioner ਨੂੰ ਲਿਖ ਦਿਤਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ relief ਤਰੁੰਤ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ, ਅਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਉਤਸ਼ਾਹ ਵੀ ਦਿਤਾ । ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਮਾਨ ਹੈ । ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

चौधरी कर्म चन्द सिद्धू (होशियारपुर—रिजर्वड़) : डिप्टी स्पीकर साहिब, आपके सामने सन् 1961-62 का बजट पेश है जिस में 64 करोड़ रुपए के खर्च का हिसाब किताब है । यह रुपया नहरों पर, सड़कों पर, बिजली पर, सेम को दूर करने के लिए, tractors, tube-wells और तकावी loans वगैरह कई मद्दों पर खर्च किया जाना है ।

डिप्टी स्पीकर साहिब, मेरे ज़िला होशियारपुर में बहुत से chos हैं और बहुत सा इलाका हर साल उन की वजह से तबाहोबरबाद होता है । मैंने पहले भी कई बार House में गुज़ारिश की है कि इन chos को channelise करके इन के पानी को दरिया में डाल दिया जाए ताकि वहां की लाखों एकड़ ज़मीन ज़ाया होने से बचाई जा सके । ज़मीन के तबाह होने से किसान बहुत दुखी है । एक तो मेरी गुज़ारिश यह है कि इस तरफ फौरी तौर पर ध्यान दिया जाए और लोगों को इस मुसीबत से निजात दिलवाई जाए ।

दूसरी बात यह है कि मेरे जिले में एक सड़क गढ़शंकर से होशियारपुर जाती है । उसमें इतने chos हैं कि हर साल बरसात के दिनों में उस सड़क पर traffic suspend हो जाती है । इसलिए मेरी दूसरी अर्ज़ यह है कि उन chos और नालों पर पुल बांधे जाएं ।

तीसरी गुज़ारिश मेरी यह है कि मेरे हलके में एक सड़क चाबेवाल से via लहेली कलां भाम और बड़ों आठ मील का टोटा है । वहां पंद्रह साल से दो ही बसें चलती हैं । कई दफा कहा गया कि उसपर बसों की गिनती बढ़ाई जाए । वह एक ऐसी सड़क है जिस से किसानों को बहुत फायदा है, अपनी जिनस शहर तक पहुंचाने में सहूलियत हो सकती है ।

जहां तक education का ताल्लुक है, इस बारे अर्ज़ करूंगा कि हमारे एक चंडोली गांव है । वहां के लोगों ने चालान नम्बर 74 तारीख 12 अप्रैल 1960 के तहत 8,000 रुपए contribution primary school को middle standard तक करवाने के लिए कर दी है । मगर उस बारे अभी तक कोई action नहीं लिया गया । इस तरफ जल्दी ध्यान दिया जाए ।

5. 00. a. m.

जहां तक बिजली का ताल्लुक है, मेरी constituency neglected रही है। वहां project तो बना है मगर बिजली नहीं दी गई। इस का जल्दी प्रबन्ध किया जाए। वहां पर 2,24,000 का estimate है। वह 35 गांव जल्द से जल्द electrify कर देने चाहिएं। (घंटी) डिपटी सपीकर साहिब, मैं दो ही और बातें कह कर बैठ जाऊंगा।

जनाब, पिछले साल बजट 59 करोड़ रुपए का था उस में हरिजन welfare के लिए 46 लाख रुपया रखा गया था। इस रुपए से यह उन 30, 35 लाख हरिजनों की मदद करना चाहते थे जिन के पास न ज़मीन, न मकान और न रोज़गार है। और इस साल जब कि सारा बजट 64 करोड़ का है यानी पिछले साल से ज्यादा का है तो हरिजनों के लिए सिर्फ 41.80 लाख रुपया रखा गया है यानी पिछले साल से भी कम। यह ठीक बात नहीं। सरकार हरिजनों को ऊपर उठाने की तरफ पूरा ध्यान नहीं दे रही। इस सिलसिले में सरकार की जो schemes हैं, उनकी तरफ मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। इस में एक item 6.82 लाख रुपए का है। इस रकम से हरिजनों को ज़मीन खरीदने के लिए मदद देनी है। हर family को 2,000 रुपया सरकार ने subsidy देनी है और 2,500 रुपया उस ने अपने पास से डालना है। इस के लिए यह rule है कि एक compact block ढूंडा जाता है जहां कम से कम 18 families आबाद की जा सकें। मैं इस सिलसिले में Harijan Welfare Advisory Board का फैसला Chief Minister साहिब के नोटिस में लाना चाहता हूं कि जहां इकट्ठी ज़मीन नहीं मिलती, या कीमत ज्यादा है, या ज़मीन खराब है वहां पर हरिजनों को individual तौर पर ज़मीन खरीदने की इजाज़त होनी चाहिए। और इस सिलसिले में और देर नहीं करनी चाहिए। पहले ही मुझे होशियारपुर बारे पता है, पिछले कई सालों से यह ज़मीन नहीं खरीदी गई। अब रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ जाने से हरेक family को पांच, सात सौ रुपया ज्यादा देना पड़ेगा। इस लिए इस बात की जल्दी इजाज़त दी जाए कि ज़मीन individual तौर पर खरीदी जा सकती है।

इसी सिलसिले में 99,000 रुपया हरिजन colonies बनाने के लिए रखा गया है। इस में यह शर्त होगी कि मालिकान मकान 20 साल तक मालिक नहीं बन सकेंगे। जो यह colonies बनेंगी, इन में दस फीसदी non-scheduled castes को बसाया जायेगा। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि आप इस तरीके से untouchability खत्म नहीं कर सकते और उल्टे एक inferiority complex उन हरिजनों में पैदा होगा और फिर इस तरह हरिजनों के लिए रखी रकम दूसरों को दी जायेगी। यह रकम सारी की सारी हरिजनों को दी जानी चाहिए। (घंटी) जनाब, बस एक ही बात और कहना चाहता हूं।

हरिजन शुरू से ही कांग्रेस के साथ रहे हैं और अब भी मुझे यही उम्मीद है। मगर यह तो किया जाता कि पंजाब की आबादी के इस 1/6 हिस्सा के लिए 64 करोड़ के बजट में से कम से कम 10 करोड़ रुपया तो रखते। जनाब, एक

[चौधरी कर्म चन्द सिद्धू]

scheme थी Interest Free Loan देने की । इसे अब बंद कर दिया है । इस से हरिजनों को फायदा था । इस को दोबारा शुरू करें और कम से कम दो करोड़ रुपया इस के लिए रखा जाए । (घंटी) आप का शुक्रिया ।

उद्योग मन्त्री (पंडित मोहन लाल) : डिप्टी स्पीकर साहिब, इस House में पेश होने वाला यह आखरी बजट है और बजट पर इस House में यह आखरी बहस है । इस लिए इस की अपनी अहमियत है। इस के साथ ही चूंकि यह Third Five-Year Plan के पहले साल का भी बजट है, इस लिए इस की अहमियत और भी बढ़ जाती है । पिछले चार रोज़ बल्कि जो आप ने वक्त बढ़ाया उसको मिला कर 5 ही रोज़ कहें, इन दिनों में जो बहस हुई वह बड़ी अहम बन जाती है । मैं ने जनाब हर speech को बड़ी संजीदगी से सुना है और मैं इन speeches को तीन हिस्सों में बांटता हूं । कुछ मैम्बर साहिबान ने बजट को बजट के तौर पर देखा और उनकी बहस हकीकी तौर पर बजट की बहस कहला सकती है । मैं शायद सब के नाम तो नहीं ले सकता और न ही ज़्यादा नाम लेना मुनासिब ही होगा तो भी यह कहूंगा कि सरदार दरबारा सिंह जी ने इस पर बड़ी सही और constructive speech की । मैं उनको मुबारकबाद देता हूं । (तालियां) इसी तरह सरदार अजमेर सिंह, राओ गजराज सिंह, पंडित अमर नाथ, श्रीमति सरला देवी, सरदार रामदयाल सिंह जी ने और और भी कई दोस्तों ने इधर से बहुत अच्छे ढंग से बजट पर ख्यालात ज़ाहिर किये । मैं सारे नाम नहीं ले सकता इस लिए उन से माफी चाहता हूं । इनके अलावा मुझे कुछ Opposition के भाइयों की भी कद्र है । उन में से दो तीन speakers ने सही मानों में बजट पर speech करने की कोशिश की । गो उन्होंने जो नुक्ताचीनी बजट पर की और जो जो वजूहात पेश कीं मुझे उनसे इखतलाफ है । जिन माननीय मैम्बरों ने बजट को बजट समझ कर नुक्ता चीनी की है उन में सरदार अच्छर सिंह छीना है, पंडित रामकृष्ण भड़ोलियां हैं और कामरेड मुनी लाल जी हैं । मैं उनके तरीके को appreciate करता हूं । दूसरा बोलने वालों का एक ऐसा हिस्सा है जिन्होंने destructive नुक्ताचीनी की है । मैं उनका नोटिस नहीं लूंगा क्योंकि यह तो कई लोगों को इस प्रकार से बोलने की आदत है । कुछ मैम्बरों ने बजट को, स्टेट को, Constitution को बिलकुल अलग रखते हुए शखसियतों को सामने रखते हुए नुक्ता चीनी की है । और चीफ मिनिस्टर साहिब और कुछ और मिनिस्टरों पर जाती हमले किए । तो मैं समझता हूं कि ऐसी बातें कहते हुए उनका एक ही नज़रिया रहा है कि हमने खोई हुई ताकत कैसे हासिल करनी है । लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिए कि वे आज नहीं बल्कि 5 या 6 साल से बराबर इस तरह के हमले करते आए हैं और जब कुछ नहीं बिगाड़ सके तो आज भी वह क्या कामयाबी हासिल कर लेंगे । क्योंकि उनकी बातों में कोई सयासी दयानतदारी नहीं है । (प्रशंसा) । मैं उन्हें और Opposition पार्टी के सभी मैम्बरान को जो इस तरह की नुक्ता चीनी करते हैं, बतलाना चाहता हूं कि पंजाब को एक ऐसा मज़बूत चीफ मिनिस्टर मिला हुआ है कि जितना

मज़बूत अगर मैं कह दूं कि इससे पहले कभी नहीं मिला तो कोई मुबालगा नहीं होगा। (प्रशंसा) और जब से वह चीफ मिनिस्टर बने हैं उन्होंने पंजाब को इस अर्से में बहुत आगे बढ़ाया है। अगर आज Opposition की पार्टी या पार्टियां यह चाहती हैं कि ऐसी २ बातों से वह कांग्रेस को कमज़ोर हो जाए या वे कर सकें तो वे भूल करते हैं। कांग्रेस गवर्नमैंट कमज़ोर नहीं हो सकती जब तक कि इस का मजबूत लीडर है। और उन्होंने खुद यहां पर बड़े बड़े आन्दोलन कर के देखे हैं और अभी कल की ही बात है कि एक बड़े आन्दोलन को नाकामयाबी हुई है अपने मकसद हासिल करने में। इसलिए मैं समझता हूं कि Opposition पार्टियां भले ही ज़ाती हमले करें वे कांग्रेस गवर्नमैंट को कमजोर नहीं कर सकतीं। आज पंजाब के अवाम को जितनी कशिश पंजाब के चीफ मिनिस्टर से है उतनी कभी नहीं रही। (प्रशंसा) मैं Opposition पार्टी के मैम्बरों की नुक्ता चीनी को तो कुछ समझ सका हूं लेकिन जो Treasury Benches पर बैठे हुए चीफ मिनिस्टर पर हमला करते हैं उनकी सियासी दयानतदारी को मैं नहीं समझ पाया। मैं उनके लिए यही बात कहूंगा कि जिस पार्टी से वह सम्बन्ध रखते हैं उसके लिए उनकी loyalty ज़रूरी है। यह ठीक बात है कि कई बातों में पार्टी के सभी मैम्बरों का इत-फाक नहीं होता लेकिन ज़ाती हमला चीफ मिनिस्टर पर करना और वह भी बहुत नीची level पर आ कर यह कहां की दयानतदारी है। अगर वह इस पार्टी के लीडर को अपना लीडर नहीं मानते थे या इन Benches को ठीक नहीं समझते थे तो वह कहीं और जगह हासिल कर लेते।

मैं समझता हूं कि उन में किस किस्म की दयानतदारी नहीं है मैं इस बात को reconcile नहीं कर सक्ता कि Treasury Benches पर बैठे हुए कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखने वाले कुछ ऐसे मैम्बर साहिबान हैं जो लगातार पांच साल से Opposition के मैम्बरों के साथ मिल कर conspiracy करते चले आए हैं। यह बात किसी से छिपी हुई नहीं। बारबार ऐसे वाक्यात देखने में आते हैं कि Treasury Benches के कुछ मैम्बर साहिबान Opposition की पार्टियों से मिलते हैं और उन से conspire करते हैं, बाकायदा प्रोग्राम बनते हैं और उसी सिलसिला में मौजूदा हमलों का सिलसिला चला है। हम यह भी जानते हैं कि जो कुछ इस Budget Debate में हुआ वह भी उसी सिलसिला की एक कड़ी है। मैं दुहरा कर यह बात कहूंगा कि मुझे उन लोगों की स्यासी दयानतदारी समझ नहीं आ सकी कि लगातार इतनी देर से Opposition के साथ मिल कर अपनी पार्टी के लीडरों पर ज़ाती हमले किए जाएं। लेकिन मैं किसी की ज़ाती बात में नहीं पड़ूंगा और न मैं सफाई दिया चाहता हूं, किसी ज़ाती हमले की, कि जो कुछ यहां हुआ। न मैं चीफ मिनिस्टर के परिवार के मुतअल्लिक सफाई के लिए खड़ा हुआ हूं, न मैं कुछ कहूंगा और न ज़ाती बातों की सफाई में जाऊंगा क्योंकि मेरी duty और है—Constructive बातें करने की। मैं अर्ज़ करूंगा कि मेरे साथी चौधरी सूरज मल ने कहा कि शीशे के घरों में बैठे हुए दूसरों पर पत्थर फैंक रहे हैं इस बात को न जानते हुए के जिस घर में वे खुद रहते हैं वह शीशे का बना हुआ है। मैं तो उन से कहूंगा कि जिस ओढ़नी को ले कर

[उद्योग मन्त्री]
वे बैठे हुए हैं उस का एक एक इंच नहीं नहीं एक एक तार धब्बों से भरा हुआ है । (Loud Thumping) मैं कोई ऐसी बात नहीं कहूंगा और न मेरे किसी साथी ने कोई ऐसी बात कही जिस तरह कि उन्होंने इस बजट की debate का level गिराया और हाउस के वकार को गिराया—मेरा यह काम नहीं । मैं इस बात को भी समझता हूं कि यह debate जो कोई भी पढ़ेगा तो वह समझेगा कि कौन कौन कितनी low level पर पहुंचा । शायद जो बातें यहां पर कही गई हैं उन्हें हिकारत की नज़र से देखा जाय । मैं सिर्फ यह कहता हूं कि उन्होंने बजट की debate के वकार को गिराया । काश कि उनका अपना वकार भी होता जिस को कि मैं कह सकता कि उन्हों ने गिराया लेकिन मैं ऐसा कहने से कासिर हूं ।

अब मैं असल बात पर आता हूं । लेकिन इस से पहले एक बात और अर्ज़ कर देना चाहता हूं । वह यह कि यहां पर Administration के सिलसिले में कहते हुए उनमें से एक मेम्बर साहिब ने कहा कि Administration में demoralisation आ चुकी है और वे काम करने से घबराते हैं, क्योंकि एक शख्स की हकूमत है उसे खुश रखना होता है वगैरह, वगैरह । इस में मैं लम्बी चौड़ी defence की ज़रूरत महसूस नहीं करता । Administration से मेरा चार पांच साल का सम्बन्ध है मैं समझता हूं कि आज सरकारी कर्मचारी हकीकी मानों में लोगों के अपने आप को सेवादार समझकर काम करते हैं, निडरता से काम करते हैं, इस बात को मैं अच्छी तरह से जानता हूं । शायद उन्होंने कोई ग़लती नहीं की यह कहने में कि आज Administration में demoralisation है । वह इस लिए कि उन का वास्ता ही कुछ ऐसे निकम्मे ऐसे अफसरों से पड़ता है जिनको ये demoralised करते अथवा कहते हैं । Services में ऐसे अफसर हमेशा हुआ करते हैं । लेकिन high percentage उनकी है जो बहुत अच्छे अफसर हैं । ऐसे भी अफसर हैं जो किसी एक या दूसरी वजह से demoralise व corrupt हुए हों । अभी आप ने देखा कि confidential, secret D.O. letters किसी एक Minister के लिखे हुए यहां पर पढ़े जाते हैं । इसी तरह से किसी और letter का हवाला दिया जाता है कि वहां से यह information मिली । लेकिन जब बात उन से पूछतें हैं कि कहां और कैसे यह इत्तलाह मिली तो कहते हैं कि हमने किसी ढंग से भी information हासल की हो, आप कौन पूछने वाले हैं । अगर कोई अफसर corrupt हो या अपनी duty में कोताही करता हो तो उसे राहे रास्त पर लाना हमारा काम है । जब उन पर कोई कारवाई की जाती है तो यह कहते हैं कि सरकारी कर्मचारियों में demoralisation है । Demoralisation तो इन को दिखाई देगी क्योंकि इन का वास्ता उन से पड़ता है जो कि demoralised हैं । पंडित अमर नाथ शर्मा जी ने हंस, मोती और सीप की मिसाल दी । मुझे और भी अच्छी मिसाल दिखाई देती है । वह यह कि शहद की मक्खी सुगन्ध के पास ही जाया करती है लेकिन एक और मक्खी भी हुआ करती है जिस को गन्दगी के अलावा और कोई चीज़ अच्छी नहीं लगती । (*At this stage, Mr. Speaker occupied the Chair.*)

दूसरी बात, स्पीकर साहिब, जो मैं कहा चाहता हूं वह taxation के मुतअल्लिक है। बहुत से मैम्बर साहिबान ने इस पर काफी कुछ कहा—इसके बरखिलाफ भी और इस के हक में भी। यह एक अहम मसला है इस लिए दूसरी बातें करने से पहले मैं हाऊस का वक्त ऐसी बातों पर लिया चाहता हूं। कुछ मैम्बर साहिबान ने taxation के बारे में इतना कुछ कहा कि ऐसा मालूम होता था कि शायद वे 18वीं या 19वीं सदी की बातें करते हैं। आज हमें समझना चाहिए कि taxation के मुतअल्लिक विचारधारा बदल चुकी है। Welfare State के कायम हो जाने से हमारा नज़रिया बदल चुका है और आज की गवर्नमेंट का काम लोगों की तरक्की के बारे में सोचना है।

आप ने बेकारी को दूर करना है, हर एक को काम मुहैया करना है, रोटी देनी है और मुल्क से गरीबी दूर करनी है इस लिए हम ने देखना है कि यहां industries कायम की जाएं। Industries किस तरह से कायम की जा सकती हैं? हमारे देश में बिजली, लोहा और पानी नहीं और न ही raw material है। इस लिए बहुत से इस स्टेट को सोचना होगा कि हम बड़े बड़े लोहे के कारखाने लगाएं। तेल और पैट्रोल के कारखाने लगाएं। इसी तरह से agriculture के लिये बिजली और पानी की जरूरत है। हमें tube-wells के लिये बिजली देनी होगी, खेती की पैदावार बढ़ाने के लिये fertilisers देने होंगे ताकि किसान अपनी production बढ़ा कर तरक्की के मैदान में आगे बढ़ सके। इस के साथ साथ transport के साधन पब्लिक को मुहैया करने होंगे, सब को तालीम देनी होगी, सिहते आमा में सुधार लाना होगा। चूंकि हमने Welfare State कायम करने का फैसला किया हुआ है इस लिए इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये funds चाहियें। सरकार की जिम्मेदारियों में जितना इज़ाफा होता जाएगा उतने ही ज़्यादा रुपये की ज़रूरत होगी। यह सीधी और साधारण बात है। अगर कोई आदमी चाहे कि हिन्दुस्तान या इस स्टेट की तरक्की की रफतार को रोक सके तो यह नहीं रुक सकेगी। जो इसे रोकना चाहेगा वह इस की रौ में फंस जाएगा। इसलिए किसी शक्ल में भी तरक्की की रफ्तार को कम नहीं किया जा सकता। इस तरक्की की रफतार को तेज़ करने के लिये गवर्नमेंट का काम है पैसा इकट्ठा करना। पैसे के बिना हम नुमायां तरक्की नहीं कर सकते। हमें पैसा इकट्ठा करने के साधन ढूंढने पड़ेंगे। यह realistic view है जो हमें लेना पड़ेगा। स्पीकर साहिब, आप जानते हैं कि पैसा इकट्ठा करने के तीन साधन होते हैं—एक तो यह कि बाहर के देशों से हमें इमदाद मिले कर्ज़े की शकल में या किसी और शकल में, दूसरा यह है कि deficit financing हो यानी नोट छापे जाएं और तीसरा है अपने domestic resources, इस मौज़ूह पर ज़्यादा लम्बी चौड़ी बहस की गुंजाइश नहीं। जहां तक foreign aid का ताल्लुक है आप ने देखा है कि हमारा देश foreign aid पर भी बहुत हद तक निर्भर रहा है और आज भी हमारी plans के लिए foreign aid लिया से चल रही हैं। जो माली इमदाद हमें कर्ज़े की शकल में मिलती है वह रकम हमें वापस करनी पड़ती है और उस का सूद भी अदा करना पड़ता है। Foreign aid पर ज़्यादातर depend नहीं किया जा सकता क्योंकि हो सकता है कि international हालात किसी वक्त बिगड़ जाएं। इसलिए कोई भी देश मैं समझता हूं कि तरक्की नहीं कर सकता जब तक कि वह अपने पाँव पर

[उद्योग मन्त्री]

खड़ा न हो सके । दूसरे deficit financing का जहां तक ताल्लुक है थोड़ी देर हुई माननीय मैम्बर सरदार सरूप सिंह holding of the price line की बात कर रहे थे । यह ठीक है कि कीमतें बढ़ीं लेकिन इस का कारण क्या है ? इस का सब से बड़ा कारण यह था कि हम ने ज़्यादा तर deficit financing पर depend किया । स्पीकर साहिब, आप जानते हैं कि 1,100 करोड़ रुपये की deficit financing हुई, currency notes छपे इसलिये कीमतें बढ़ी । जब Third Five-Year Plan बनाने लगे तो सब से important बात जो planners के सामने थी वह यह थी कि हम price line को किसी तरह hold कर सकें क्योंकि commodities की prices इतनी बढ़ रही हैं कि इस बात का अंदेशा था कि अगर prices के upward trend को check न किया गया तो हमारी economy shatter हो जाएगी । हमारी भारत सरकार का इरादा price line को hold करने का था । जब दूसरी पांच-साला प्लान बनी तो 1,100 करोड़ की deficit financing हुई । तीसरी पांच-साला प्लान हालांकि 10,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा की बनने वाली है लेकिन फिर भी दूसरी पांच साला प्लान के मुकाबले में deficit financing 50 फीसदी कम कर दी है । इसलिये deficit financing पर ज़्यादा दारोमदार नहीं किया जा सकता । तीसरी बात रह जाती है domestic resources की यानी अपने घर से पैसे इकट्ठे किये जाएं । स्पीकर साहिब, आप जानते हैं कि domestic resources को tap करने के लिये दो ढंग हैं–एक तो यह कि लोगों से कर्ज़ा लिया जाए और दूसरा यह कि लोगों पर टैक्स impose किये जाएं । जहां तक कर्ज़े का सवाल है उस के मुतअल्लिक कई स्कीमें जारी हैं। National Small Savings Scheme के मातहत public loan को raise किया जा रहा है। यह बहुत important scheme है जिस को बाज़ औकात यहां हंसी मज़ाक में टाल दिया जाता है यह कह कर कि रुपया collect करने के लिये जबर किया जाता है । मैं समझता हूं कि public loan raise करने के लिये Small Savings Scheme को implement करने की एक खासी हैसियत है ।इस के अलावा, स्पीकर साहिब, टैक्स लगाने के बगैर हमारे लिये कोई चारा नहीं । मुझे खुशी हुई कि opposition के मैम्बर साहिबान ने भी यह तसलीम किया है कि टैक्सों के ज़रिये गवर्नमेंट को अपने resources augment करने चाहियें । अब दो किस्म के टैक्स लगने चाहियें–एक direct tax और दूसरा indirect tax. Socialisti Ecconomy में direct taxes लगाये जाने की एक खासी अहमियत है । Income में से कुछ हिस्सा ले लिया जाए यह direct tax है इसी तरह से Death Duty or Expenditure tax है । मैम्बर साहिबान ने जो Stamp Duty के ज़्यादा करने पर एतराज़ उठाया था वह भी एक किस्म का direct tax है । जो कोई जायदाद खरीदता, या बेचता है उन transactions पर यह tax लगता है । Income में disparity को दूर करने के लिये direct taxes एक अहम part play करते हैं लेकिन हमें यह बात समझनी होगी कि direct taxation की एक हद हुआ करती है

हद से ज्यादा direct tax की imposition नहीं हो सकती । मैं लम्बी तफ़सील में नहीं जाना चाहता लेकिन Democratic Government में जो कानून और Constitutions की पाबंद हो वहां पर taxes के ज़रिये disparity remove नहीं हो सकती। बाकी देशों में एक ही वक्त में जितनी disparity income में या जायदाद में हो वहां उसे remove करने के लिये यह ढंग इस्तेमाल हो रहा है । लेकिन indirect tax की अपनी अहमियत है और indirect taxes के ज़रिये काफी कुछ करना पड़ेगा । मैं इसलिए यह बात कहता हूं क्योंकि Opposition के कुछ मैम्बर साहिबान ने इस पर एतराज़ उठाया था कि आप Direct Tax न लगाएं। उन्होंने indirect tax यानी Sales Tax का हवाला दिया। Sales Tax एक indirect tax है और यह बात भी ठीक है कि इसकी incidence हरेक पर पड़ती है। लेकिन जैसे मैंने कहा direct taxation की एक हद हुआ करती है, उसके आगे जाने से काम नहीं चलता इसीलिए आप को indirect taxes लगाने पड़ते हैं । देश की development के लिए हरेक इन्सान को अपनी contribution देनी होती है और जब तक इस काम में एक एक आदमी हिस्सेदार नहीं बनता, taxes में contribution नहीं करता तब आप का काम चल सके, यह असम्भव और नामुमकिन बात है । इसीलिए indirect taxation पर काफी वज़न और ज़ोर दिया जा रहा है और इस में और भी ज़ोर चलेगा । इसलिए जहां तक indirect taxation का ताल्लुक है यहां पर दो ही किस्म के important indirect taxes हैं एक Excise Duty और दूसरा Sales Tax। जहां तक Excise Duty का सवाल है यह आहिस्ता आहिस्ता घटने वाली है। मैं नहीं कह सकता कि कल को क्या फैसला होने वाला है लेकिन जैसा कि आप जानते हैं आप के देश की policy इस वक्त prohibition की policy है, prohibition के लिए हम committed हैं। एक-आध मद में prohibition हुई भी है और बाकियों में कब तक होगी यह तो कहा नहीं जा सकता लेकिन आप उसकी तरफ जा रहे हैं । इसलिए जहां तक इस Duty का सवाल है वह आहिस्ता आहिस्ता कम होगी और शायद किसी दिन बिल्कुल खत्म भी हो जाए तो बहुत बड़ी बात नहीं । ऐसी हालत में Sales tax ही एक ऐसा tax रह जाता है जिस पर आपको बहुत सा दारोमदार करना पड़ता है । इसलिए जहां तक Sales Tax का ताल्लुक है इस साल हमने एक per cent बढ़ाया है । लेकिन अभी जब मैं आप के सामने आंकड़े रखूंगा तो आप देखेंगे कि दूसरी States के मुकाबला में Sales Tax पंजाब के अन्दर अभी भी कम है। आप की वाकफियत के लिए और यह जाहिर करने के लिए कि दूसरी States के मुकाबले में general revenues में Sales Tax की percentage पंजाब में अभी भी कम है। मैं कुछ figures देना चाहता हूं । सन् 1955-56 में Sales Tax के ज़रिए जो revenue पंजाब में हुआ था वह total revenue का 28 प्रतिशत था । इसके मुकाबले में उसी साल में यह revenue—

बम्बई में	49 प्रतिशत था,
वैस्ट बंगाल में	34 प्रतिशत था,

[उद्योग मन्त्री]

मद्रास में	43 प्रतिशत था और
मैसूर में	25 प्रतिशत था ।

सन् 19585-59 में पंजाब में यह percentage कम हुई—25 फीसदी रह गई। जब कि—

बम्बई में	.. 50 प्रतिशत
वैस्ट बंगाल में	.. 35 प्रतिशत
मद्रास में	.. 37 प्रतिशत और

मैसूर में 25 से बढ़ कर 32 प्रतिशत हो गई ।

अब जो सन 1960-61 के आंकड़े हैं वह यह हैं —

पंजाब	.. 25 प्रतिशत
बम्बई	.. 48 प्रतिशत,
वैस्ट बंगाल	.. 35 प्रतिशत,
मद्रास	.. 47 प्रतिशत, और
मैसूर	.. 35 प्रति शत ।

इसलिए मैं आप से अर्ज़ करूंगा कि Sales Tax में जो इस साल इजाफ़ा किया गया वह इस बात को सामने रखते हुए किया गया कि पंजाब में दूसरे प्रदेशों के मुकाबला में Sales Tax ....

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : यह तो आपने सिर्फ चार पांच-सूबों की बाबत बताया । क्या बाकियों के मुतअल्लिक भी बताएंगे कि उनकी percentage क्या है ?

उद्योग मंत्री : मैंने important states को ही लिया है । जो पंजाब के मुकाबले में important states हैं उन्हीं के साथ मैंने मुकाबला किया है । दूसरी States की figures इस वक्त मेरे पास नहीं है । अगर आप interested होंगे.....

श्री जगत नारायण चोपड़ा : आप U.P. की बाबत ही बता दें वह तो आप की neighbour state है ।

उद्योग मंत्री : अगर आप इतने interested हैं तो उनकी figures भी मंगवा कर दे सकता हूँ लेकिन इस वक्त मेरे पास उन्हीं states की figures हैं जो important हैं और तरक्की के मैदान में पंजाब के मुकाबले पर हैं । (Hear, hear). अब मैं tax-revenue के सिलसिले में एक बात और अर्ज करना चाहता हूँ । मैं आप के ज़रिए House को बताना चाहता हूँ कि इस वक्त हमारे मुल्क की as a whole जो tax-revenue के ज़रिए आमदन है वह तमाम कौमी आमदन की सिर्फ 8.5 प्रतिशत है । आप देखें कि आप ने पहली Plan के दौरान 1960 करोड़ रुपया public sector में development के कामों पर खर्च किया । इसमें से हमने सिर्फ 599 करोड़ रुपया taxes के ज़रिए इकट्ठा किया जो कि सारी outlay का 30.56 प्रतिशत था । दूसरी Plan

के दौरान जैसा कि आप जानते हैं 4,800 करोड़ रुपया का खर्चा हुआ । उसमें पिछले tax revenue को शामिल करते हुए और जो नए taxes लगाए गए उनको भी शामिल करते हुए tax-revenue की कुल रकम 800 करोड़ थी । यानी दूसरी plan period में Total Plan outlay के मुकाबले में tax revenue की percentage सिर्फ 16.56 प्रतिशत रही यानी कम हुई । अब पहली और दूसरी Plans के मुकाबले तीसरी Plan में, जैसा कि आप जानते हैं, हमारा expenditure Public Sector में 7,200 करोड़ रुपया है जिसमें पिछला और नया tax-revenue शामिल करके 1,650 करोड़ रुपया होगा जोकि 23 प्रतिशत बनता है । इसके साथ ही मैं एक बात और अर्ज़ करना चाहता हूँ और वह यह कि जैसा आप जानते हैं पहले Plan में हमारी national income 18 फीसदी बढ़ी । दूसरी Plan में अन्दाज़ा लगाया जाता है कि बीस-इक्कीस फीसदी के करीब बढ़ेगी । और तीसरी Plan में हमारा national income को बढ़ाने का जो target है वह 25 प्रतिशत है और जो ultimate target है, चाहे चौथी Plan में पूरा हो या पांचवीं में, वह 40 प्रतिशत national income को increase करने का है । इससे आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि हमारी हर Plan में national income progressively बढ़ रही है । अभी अभी सरदार सरूप सिंह जी ने फरमाया था कि nation की self-developing economy के ज़रिए self-sustained national growth लाई जानी चाहिए । यह बात बिल्कुल सही और ठीक है लेकिन यह उसी वक्त possible है जब कि हमारी national income की जो increase है वह 8 प्रति शत के करीब सालाना हो । वह stage लाने के लिए ज़ाहिर है कि हमें काफी कुछ करना होगा । लेकिन सब से ज़रूरी बात देखने वाली यह है कि हम उस पैसे का उपयोग किस तरह करें, किस तरह से वह रुपया इस्तेमाल हो । यह बात तो सीधी है कि हर Plan में, हर साल national income बढ़ेगी लेकिन सब से ज़रूरी बात यह है कि उस बढ़ती हुई income का उपयोग किस तरह से हो । सीधी बात है कि इस का उपयोग तीन ढंग से हो सकता है । एक तो यह कि जितनी भी income बढ़ रही है उसे हम अपने सुख और आराम के लिए खर्च करें । दूसरे यह कि Private Sector में चाहे कोई industry में लगा हुआ है या agriculture में लगा हुआ है यानी जहां कहीं भी वह है वह अपनी रास को अपनी income contribute करके बढ़ाए ।

और तीसरा यह ज़रिया हो सकता है कि हम देश के अपने कामों के लिए Public Sector में इस्तेमाल के लिए पैसा दें । तीनों ही बातें important हैं और यह नहीं हो सकता कि लोगों के आरामों को किसी तरह से नज़रअंदाज़ किया जाए । जैसा कि मैं ने अभी-अभी कहा जब political consciousness आती है तो लोगों में सुख और आराम हासिल करने का ख्याल भी बढ़ता है । इसलिए तीनों ही बातों पर proportionately खर्च करना पड़ता है । इस सिलसिले में पंजाब के

[उद्योग मंत्री]

मुतअल्लिक जो गलत फहमी डाली गई है उसे दूर करना चाहता हूँ । यहां यह कहा गया कि पंजाब में highest incidence of taxation है । यह बात सही नहीं है । यह सही है कि पंजाब की *per capita* income, nat onal *per capita* income से ज़्यादा है । यह बात कई दफा हमारे रास्ते में रोड़ा भी बनी है, खास कर Plan allocations के वक्त । कई states के मुकाबले में भी हमारी यह income ज्यादा है । इस वक्त मेरे पास सब states के बारे figures तो नहीं हैं मगर चंद एक important states के आंकड़े मेरे पास हैं । पंजाब की last available figure, *per capita* income बारे है । 296 रुपए सालाना जब कि इस के मुकाबले में मद्रास की 227 रुपए, आंधरा की 227 रुपए और मध्य प्रदेश की 248 रूपए है । अब ज़रा tax-ratio की figures मुलाहज़ा फरमाएं । पंजाब में यह है 2.95, मद्रास में 3.7, आंधरा में 3.1 और मध्य प्रदेश में 3.1 है । यानी इन states की *per capita* income जहां पंजाब से कम है वहां tax-ratio ज्यादा है । (*Interruption*) आप के फायदे की बात है ज़रूर सुनते जाइये । अब *per capita* tax revenue की figures पेश करता हूँ । 1951-52 में पंजाब में यह 6.4 था, West Bengal में 9.4 और बम्बई में 9.3 था । 1955-56 में यह figures इस तरह हो गईं पंजाब 8.1, West Bengal 11.3 और बम्बई 13.5, इस के बाद आखरी साल यानी 1960-61 में *per capita* tax revenue बारे यह position थी : पंजाब 14.9, West Bengal 16.2 और बम्बई 15.4 । इन figures से पंजाब बारे जो गलत फहमी यहां पर डालने की कोशिश की गई वह नहीं रहनी चाहिए । यह ठीक है कि 1951-52 के मुकाबले में 1960-61 में *per capita* tax बढ़ा मगर उस की भी वजूहात थीं । मैं ज़्यादा तफसील में वक्त की कमी की वजह से नहीं जा सकता तो भी यह कहूँगा कि First Five-Year Plan के वक्त पंजाब ने बहुत कम resources raise किए थे । 81 प्रतिशत contribution हमें Centre से मिली थी और हम ने 19 प्रतिशत raise की थी । हमें दूसरी Plan के वक्त ज़्यादा effort करनी पड़ी और यह कामयाब भी रही । मैं ने ऊपर अर्ज़ किया कि हमारी आमदनी बढ़ी है, tax revenue बढ़ा है और जो सब से अहमियत वाली बात है, कि तरक्की के कामों पर हो रहा खर्च भी बहुत बढ़ा है । अब मैं जो figures आप को देने लगा हूँ यह बहुत important हैं । 1951-52 से लेकर 1958-59 तक जहां हमारी आमदनी की बढ़ौतरी 108 प्रतिशत हुई वहां development के कामों पर खर्च 126 प्रतिशत बढ़ा । (*Hear, hear*) इस से आगे देखिए । 1951-52 से लेकर 1959-60 तक जहां हमारी income 133 प्रतिशत बढ़ी वहां development expenditure 152 प्रतिशत बढ़ा । और इस अखिरी साल बारे यानी 1960-61 तक यह figures हैं: आमदनी बढ़ी 143 प्रतिशत और तरक्की के कामों पर खर्च बढ़ा 188 प्रतिशत यानी करीबन 200 प्रतिशत । इस से

आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि आमदनी के मुकाबले में हमारा development expenditure बहुत ज़्यादा बढ़ा है । मेरे पास वह figures भी हैं जो दिखाती हैं कि हम ने tax revenue, total revenue के मुकाबले में कितना-कितना raise किया : 1951-52 में 52.3 प्रतिशत, 1958-59 में 43.5 प्रतिशत यानी कमी हुई और 1960-61 में 49.9 प्रतिशत। इस से ज़ाहिर है कि चाहे हमारी incom-tax revenue से बढ़ी है लेकिन total revenue के मुकाबले में ratio पहले से कम हुई है । सरदार सरूप सिंह जी ने कहा कि हमारा जो administration का खर्च है उस की percentage बहुत high है । मुझे ख्याल था कि कोई न कोई Opposition के भाई इस बात को कहेंगे इसलिए मैं ने यह figures इकट्ठी की हैं और यह आप के सामने रखता हूँ । 1951-52 में administration पर खर्च की percentage थी 32, 1958-59 में यह percentage कम हो कर 19 रह गई, 1959-60 में 16 प्रतिशत और 1960-61 में 15.9 प्रतिशत (तालियां) सरदार सरूप सिंह ने इस percentage बारे कहा था कि यह 25, 26 होगी । मैं ने उसी वक्त contradict किया था । मैं ने जो figures आप के सामने रखी हैं उन से ज़ाहिर है कि 1951-52 से लेकर हमारा Civil Administration का खर्च 32 प्रतिशत से कम हो कर 15.9 प्रतिशत हो गया है । (तालियां) इस के साथ ही साथ beneficient activities पर हमारे खर्च की percentage बढ़ी है ।

6.00 p.m.

तालीम के मुतअल्लिक 1951-52 में खर्च की जो percentage थी वह 10 फी सदी थी । 1959-60 में 18.4 फीसदी, 1960-61 में 20 फी सदी । और यही नहीं सोशल सर्विसिज़ के मुतअल्लिक देखिए 1951-52 में हमें 18 प्रतिशत खर्च करना पड़ता था और आखिरी साल 1960-61 में हमें 32 प्रतिशत खर्च करना पड़ा । यह काबिले तारीफ नहीं तो क्या है ? (प्रशंसा) और development activities जो हैं वह 1951-52 में 7 प्रतिशत, 1959-60 में 19.5 प्रतिशत खर्च लेकर आगे बढ़ीं । तो अब आप इससे अंदाज़ा लगा लीजिए कि हमने तरक्की की है या नहीं और यह है तरीका बजट की जांच-पड़ताल करने का । आप देखें कि administration के खर्च की percentage 30 से लेकर 15 रह गई लेकिन सोशल सर्विसिज़ और development activities पर क्रमश: 18 से लेकर 32 और 7 से लेकर 19 per cent पहुँची तो यह है test किसी स्टेट की तरक्की देखने का । लेकिन सिर्फ यहां नुक्ताचीनी करते रहें आप तो उसका तो कोई इलाज नहीं है ।

अब मैं, स्पीकर साहिब, तीसरी फाइव-ईयर प्लैन के मुतअल्लिक कुछ कहना चाहता हूँ । जैसा कि आप जानते हैं हमने 298 करोड़ की प्लैन बनाई थी और 231 करोड़ की प्लैन प्लैनिंग कमीशन ने मंज़ूर की जिसमें से हमने 97 करोड़ रुपया खुद इकट्ठा करना है । और 134 करोड़ रुपया सैंटर से हासिल करना है । और यह बात सीधी है कि जब तक कोई Stat अपने main resources raise नहीं करती सैंटर से उसे रुपया लेने का हक नहीं बनता । और न ही सैंटर इतना liberal है कि आपके बगैर अपनी resources tap

[उद्योग मन्त्री]

किए रुपया देता चला जाए। इसलिये यह ज़रूरी बात है कि जो internal resources हैं उनसे पैसा इकट्ठा करें। एक बात मैं मैंबर साहिबान को याद कराना चाहता हूँ कि जब Draft Third Plan इस हाउस में discuss हुई थी तो मैम्बरों ने उस वक्त बड़ी दिलचस्पी ली और उस वक्त जब हमने Draft Plan की figures 298 करोड़ रुपए रखी थीं तो सब तरफ से यही कहा गया था कि यह बड़े modest figures रखे हैं। इससे भी ज़्यादा होनी चाहिए थीं। और यह कहा गया कि सैंटर से fight करके किसी प्रकार की कमज़ोरी न दिखाते हुए यह प्लैन कट न करवाएं। और इसके लिए जो यहां का नुमाइंदा हो वह बहुत मज़बूत हो। तो जिस वक्त यह बातें हुई थीं उस वक्त हमारे मैम्बर साहिबान के सामने यह बात थी कि प्लैन उसी शक्ल में पूरी हो सकती है जब कि हम अपने resources एक हद तक इकट्ठे कर पाएंगे। अब चूंकि यह प्लैन 298 की जगह 231 करोड़ की रह गई इस तरह से हमने 97 करोड़ रुपया इकट्ठा करना है। इसलिये मैं यह समझता हूँ कि मैम्बर साहिबान को यह बात शोभा नहीं देती कि वे यह कहें हम अपने internal resources इकट्ठा न करें। या ऐसी नुकताचीनी न करें जिससे इन resources के जुटाने में कोई रुकावट पड़े। यह बात ठीक है कि जब तक हम खुद पैसा इकट्ठा नहीं करते सैंटर से हमें सहायना नहीं मिलेगी। इसलिये सभी मैम्बरान से मेरी यह दरखास्त है और खास तौर पर Opposition के मैम्बरान से कि वे इस minimum plan को पूरा करने के लिए सरकार की मदद करें।

मैं गवर्नमैंट की दयानतदारी को आपके सामने रखना चाहता हूँ। यह जो बजट हाउस में पेश किया गया है इसको election बजट समझा जा सकता था क्योंकि यह आखिरी बजट है। हम यह जानते थे कि opposition की कुछ parties ऐसी हैं जो taxes को ले कर exploitation करेंगी और गवर्नमैंट को embarrass करने के लिए जलसे भी करेंगी लेकिन बावजूद इसके हमने यह यत्न किया कि हमें यह टैक्स लगाना होगा। हमारे लिए यह मुश्किल बात नहीं थी कि हम इस साल टैक्स न लगाते और electorate के पास जा कर यह कहते कि हमने कोई टैक्स इस साल नहीं लगाया। लेकिन मैं कहूँगा कि गवर्नमैंट ने बड़ी हिम्मत से यह टैक्स लगाया और अपनी दयानतदारी दिखाई और यही दयानतदारी की तवक्को करूँगा कि जहां तक taxes या revenue का सवाल है इसको कोई भी election purposes के लिए इस्तेमाल न करे बल्कि गवर्नमैंट की इस दयानतदारी की दाद देते हुए हमारी मदद करें।

अब, स्पीकर साहिब, बहुत सी बातें हैं, मैम्बर साहिबान ने कही हुई, मैं इतने थोड़े समय में हरेक का तो जवाब दे नहीं सकूंगा लेकिन सरसरी तौर पर कहता जाता हूँ ताकि जितने भी points raise हुए हैं उनका थोड़ा थोड़ा जवाब देता जाऊँ। एक मैम्बर साहिब ने यह बात कही थी कि यह स्टेट गवर्नमैंट की कमज़ोरी है कि इस साल भी जो Plan की provision रखी थी उस में से Government of India की contribution 39.18 करोड़ का थी। Planned provision of budget 39 करोड़ का थी। 19.5 करोड़ सैंटर से मिलेगा बाकी हम ने खुद

खर्च करना है। इस की background मुख्तसर तौर पर यह है कि Government of India ने phasing की हुई है। उस में से पहले साल over all 14-15 % रखा हुआ है क्योंकि progressive figures होती हैं लेकिन हम ने अपनी प्लैन की अहमियत को सामने रखते हुए 14-15 % नहीं माना इस लिए उन्होंने contribution ज़्यादा की।

एक मैम्बर साहिब ने बात कही कि 10 करोड़ रुपया बतौर सूद हम ने अदा किया। यह ठीक है कि हम ने अदा किया और इस का break up मैं आप के सामने रखता हूँ। दस करोड़ में से 6.52 करोड़ भाखड़ा-नंगल का सूद है जिसमें से 3.61 करोड़ रुपया electric power के under देना है, स्टेट गवर्नमैंट ने 2.91 रुपया देना है।

पंडित राम किशन भड़ोलियां : मैं ने पूछा था कि सूद किस हिसाब से देना पड़ा।

उद्योग मंत्री : उस के मुख्तलिफ दर हैं, इस वक्त तफसील के साथ नहीं बता सकता क्योंकि किसी पर ज़्यादा है, किसी पर कम है। इस के अलाव 3.60 करोड़ रुपया लोक भलाई के मख्तलिफ कामों के लिए लोगों का देना है, मिस्साल के तौर पर flood control की स्कीम पर Community Development, National Extension Service Blocks, Low income group housing scheme, national water supply, small scale industries, Rehabilitation loans, grow more food loan, subsidised housing, वग़ैरह वग़ैरह। 3.60 करोड़ रुपया सूद इन के लिए है। इस में से जितनी हमारे ऊपर जिम्मेदारी है उस के आंकड़े 4.80 करोड़ रुपए है—यह हमारी गवर्नमैंट ने देना है जिस में से 2.91 करोड़ रुपया भाखड़ा-नंगल का सूद है, 1.89 दूसरी स्कीमों का है। पेश्तर इसके कि मैं और बातों पर मैम्बर साहिबान को जवाब दूं मैं regions में खर्च के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूँ। हमारे एक साथी ने regional disparities का सवाल उठाया और services में disparity का ज़िक्र किया। इस वक्त services में हिन्दी रिजन और पंजाबी रिजन में जो proportion है उस के आंकड़े मेरे पास नहीं हैं इस लिए जो कुछ उन्हों ने कहा उस के मुतअल्लिक ज़्यादा कुछ कहने के काबल नहीं हूँ। जहां तक इस साल का बजट है, मैं ने इस की percentage नहीं निकाली, न ही देने के काबल हूँ। लेकिन इस से पहले भी यह सवाल उठा था। उस वक्त हम ने जहां तक हमारी Second Five-Year Plan का सम्बन्ध है उस के आंकड़े हमने निकाले थे। जहां तक Regional Local Schemes का ताल्लुक है दूसरी पांच साला प्लैन में हिन्दी रिजन की जो schemes हैं वह 74.85 करोड़ रुपए की हैं और पंजाबी रिजन की 74.23 करोड़ रुपए की—यानी बिल्कुल तकरीबन एक जैसी। यह मैं उन schemes की बात करता हूँ जो local schemes हैं। जो तसल्ली करना चाहें हम से कर सकते हैं। इस के अलावा हमने एक साल के आंकड़े वाज़्या तौर पर निकाले थे। 1957-58 के आंकड़े मेरे पास नहीं वह हम work out करवाने का यत्न करेंगे। New schemes पर 9.69 करोड़ रुपया सारे पंजाब का है जिस में से अम्बाला डिवीज़न पर 3.24 करोड़ रुपया यानी 33 % था, जालन्धर डिवीजन पर 4 करोड़ यानी 42 % था और पटियाला डिवीज़न पर 2.42 करोड़ यानी 25 % था। इस तफसील से ज़ाहिर होता है कि गवर्नमैंट fair distribution करती है। यह हकीकत

[उद्योग मन्त्री]

है कि गवर्नमैंट की यह पालिसी है कि जो under-developed areas हैं या backward classes हैं चाहे वे किसी जगह भी हों उन की ओर गवर्नमैंट ने ध्यान देना है। यह गवर्नमैंट की declared policy है कि हिन्दी रिजन के जहां जहां backward areas हैं या backward classes वे गवर्नमैंट के ध्यान में हैं और गवर्नमैंट को और भी ज़्यादा ध्यान देना होगा।

जहां तक services की बात रही उन्होंने I.C.S. वालों के नाम नोट करके दिए कि इतने I.C.S. हैं और उन में से हरियाना का कोई नहीं; चीफ इंजीनियर बहुत कम हैं, P.C.S. के बहुत कम आदमी हैं और इसी तरह से secretaries में नहीं हैं। इसके लिये मैं उन से प्रार्थना करूँगा कि I.C.S. बहुत पुराने बने हुए हैं। इस गवर्नमैंट ने नहीं बनाए और वे कम्पीटीशन से बना करते थे, इसी तरह से किसी अनपढ़ को Chief Engineer नहीं बनाया जा सकता। अब हिन्दी रिजन में भी Engineering College खुल रहा है, Medical College खुल रहा है, इस से हिन्दी रिजन के लोग भी Engineer बन सकेंगे। जहां तक P.C.S. और I.A.S. का सवाल है वे सिफारिश से नहीं बन सकते। जो लोग competition में ऊपर आएं वही बनते हैं और इस सिलसिले में हम काफी facilities दे रहे हैं। जहां कम्पीटीशन का सावल हो वहां हम nominate नहीं कर सकते। यही बात Secretaries के सिलसिले में है। मेरे पास आंकड़े तो कुछ और भी हैं। Communitiy Development Programme के मुतअल्लिक दोनों regions में 31 मार्च, 1959 तक $4\frac{1}{4}$ करोड़ रुपया खर्च हुआ। पुरानी बात को छोड़िए। उस वक्त की हकूमत का इस तरफ ध्यान कम रहा था। आज की हकूमत के ध्यान में यह बात है और इस पर मजबूती से अमल हो रहा है कि जितने backward areas हैं उन को develop करने की तरफ ज़्यादा से ज़्यादा ध्यान दिया जाए। स्पीकर साहिब, कई और बातें हैं लेकिन मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया है कि इस थोड़े से वक्त में सब का जवाब दूं। जहां तक Irrigation और Roads के महकमों का ताल्लुक है उन्हों ने खुद इस बात को तसलीम किया है कि अरसा से Irrigation Department हमारे colleague के charge में रहा है जो हरियाना प्रांत से ताल्लुक रखते हैं। मैं नहीं जानता कि उन से ज़्यादा हरियाने के लिए दर्द किसी और को हो सकता है। वे ज़िम्मेदारी से काम करते रहे लेकिन काम करने की मजबूरियां हुआ करती हैं। दोनों महकमे Hariana Division के भाइयों के पास रहे। हमारी मिनिस्टरी में जो भी इन महकमों के incharge रहे उन की हरियाना के साथ उतनी ही हमदर्दी, उतना ही प्यार था जितना कि और किसी को हो सकता है। फिर भी पिछले सारे काम आहिस्ता आहिस्ता पूरे होंगे। हम इसी कोशिश में लगे हुए हैं। लेकिन अगर यह कहा जाए कि पिछले सारे काम यकलख्त पूरे हो जाएं यह कैसे हो सकता है? एक माननीय मैम्बर ने industries के सिलसिले में कहा कि जो industries वहां लगी हुई हैं वह भी हरियाना डिवीज़न से ताल्लुक रखने वाले भाइयों ने कम लगाई हैं। इधर से लोग ज़्यादा गये हैं industries को लगाने के लिये। मैं उन से अर्ज़ करूँगा कि industry कोई ऐसी चीज़ नहीं जो यहां

से भेजी जा सके—industry लोगों को खुद लगानी पड़ती है। इस के लिए गवर्नमैंट उधर के रहने वाले भाइयों को सहूलियात देने में first preference देती है लेकिन बहुत कम ऐसे आदमी मिलते हैं जो industries लगाएं। वहां के लोगों को खुद हिम्मत करनी चाहिये। अगर वे खुद हिम्मत कर के काम नहीं करेंगे तो गवर्नमैंट उन की कैसे इमदाद कर सकती है ? पंजाब गवर्नमैंट ने कोई industry पिछले दस सालों में वहां नहीं लगाई। इसलिये वे गवर्नमैंट पर कैसे इलज़ाम थोप सकते हैं। जब Private Sector में गवर्नमैंट encouragement देने के लिये तैयार है तो उन्हें यत्न करने चाहियें।

फिर, स्पीकर साहिब, small scale industries और large scale industries के मुतअल्लिक कुछ कहा गया था। मैं इस के मुतअल्लिक तफसील से उस दिन अर्ज़ करूँगा जब industry की demand हाउस के सामने पेश होगी। जहां तक नगरोटा में industrial estate का ताल्लुक है हमारी स्टेट गवर्नमैंट ने recommend किया था Government of India को कि इस साल set up की जाए लेकिन इस साल मंजूरी नहीं मिल सकी। यह next financial year में नगरोटा में industrial estate कायम कर दी जाएगी। इस के अलावा, स्पीकर साहिब, मेरे मुअज़िज़ दोस्त सरदार दरबारा सिंह ने वजनदार बात की जब उन्हों ने कहा कि हमें implementation की तरफ ज्यादा ज़ोर देना चाहिये ताकि surrenders वग़ैरह न हों। मैं वक्त की कमी की वजह से नहीं बता सकूंगा कि इस वक्त हमारा काम किस तरह चलता है। मैं उन्हें यकीन दिलाता हूँ कि implementation part की तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान और तवज्जुह दी जा रही है। हर महीने, बल्कि हर fortnight meetings होती हैं कि implementation तेज़ी से हो। स्पीकर साहिब, अभी बहुत से points रह गए हैं जिन का कि मैं इस वक्त जवाब नहीं दे सकता।

श्री अध्यक्ष : आप इन points का जवाब Appropriation Bill की discussion के दिन दे देना। (The hon. Minister can give reply to these points on the day when Appropriation Bill is discussed in the House.)

उद्योग मंत्री : मैं आप का धन्यवाद करता हूँ कि आप ने मेरी खुश्क तकरीर को बड़ी दिलचस्पी से सुना है। आखिर में मैं सब मैम्बर साहिबान से यही अपील करूँगा कि यह आप का Third Five-Year Plan का पहला बजट है और इस में खास तौर पर हमारे resources को raise करने का बन्दोबस्त है। मैम्बर साहिबान ने अपनी अपनी constituencies में जाना है। मैं जानता हूँ कि आप के दिल में पंजाब की तरक्की का एहतराम है, पंजाब बढ़ रहा है—तेज़ी से बढ़ रहा है। हम ने तरक्की के रास्ते पर और तेज़ी से चलना है। मुझे आशा है कि आप अपनी contribution से सब मिल कर पंजाब को तरक्की की मन्ज़िल की तरफ तेज़ी से ले जाने के लिए पूरा यत्न करेंगे।

6.30 p.m.

The Sabha then adjourned till 2 p.m. on Wednesday the 15th March, 1961.

13238 PVS —350—20-11-61 C. P. and S., Chandigarh.

Punjab Vidhan Sabha Debates

15th March, 1961

Vol. I No. 18

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Wednesday, the 15th March, 1961

Price : Rs. 0.15 nP.

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATES, VOL. I, No. 18, DATED THE 15TH MARCH, 1961

Read	*for*	*on page*	*line*
Government	Gover ment	(18)13	against S. No. 32
Serial No.	Seria No.	(18)19	Heading under Jullundur Division
को	ो		First
तौर	ैर	(18)44	2
Sardar Atma Singh	Sardar Avtar Singh	(18)46	6th from below
therefore	ther for	(18)47	7
time	tin	(18)48	1, Col. D
cases	c	(18)48	2, Col. D
said	sai	(18)48	3, Col. D
मीटिंग	मीतिंग	(18)54	4
ਜਿਨ੍ਹਾਂ	ਉਨ੍ਹਾਂ	(18)54	19
assistant	asststant	(18)56	item 25, col. 1
Shri Harbhagwan Maudgil	Shri Harbhagwan Singh Maudgil	(18)79	13
दखा	दख	(18)81	20
जनाब	जानब	(18)82	10
पहले	पहल	(18)82	21
जिनको	जिनकों	(18)82	39
दो	ो	(18)91	23
जवांमर्दी	जवानमर्दी	(18)91	21
tactics	tactic	(18)97	13
ਪਰਮ	ਪਰਮਾਂ	(18)105	28

Read	*for*	*on page*	*line*
ਗ੍ਰਿਫ਼ਤਾਰੀ	ਗਾਰਫ਼ਤਾਰੀ	(18)109	32
ਆਉਂਦੇ	ਆਕੁਦੇ	(18)110	33
Condemn	Condem	(18)115	15
ਕਸ਼ਮੀਰ	ਕਸ਼ਮੀ	(18)115	24
ਸਕੇਗੀ	ਸਕਦੀ	(18)116	9
sections	section	(18)116	18
Police	Pollice	(18)116	22
ਅਸਾਂ	ਅ ਸ	(18)119	11
ਬੰਦ ਰਹੀ	ਰਹੀ	(18)119	21
ਕਰ	ਕ	(18)119	24
ਕਿ	f	(18)126	12
ਕੜੀਆਂ	ਕਦੀਆਂ	(18)128	14th from below
ਹੁੰਦੇ	ਹੁਦੇ	(18)128	3rd from below
[illegible]	ਛਡ	(18)129	25

PUNJAB VIDHAN SABHA

Wednesday, the 15th March, 1961.

The Vidhan Sabha met in the Assembly Chamber, Sector 1, *Chandigarh, at* 2.00 *p.m. of the Clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.*

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

COTTAGE INDUSTRIES IN RURAL AREAS OF SANGRUR DISTRICT

***6845. Sardar Rajinder Singh :** Will the Minister for Industries be pleased to state —

